सुप्रभात
रांची, शनिवार
26.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी- चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 281



12 सुप्रीम कोर्ट ने राहुल को लगायी फटकार

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी आज देंगे युवाओं को नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। मौके पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार यह 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। देश भर से चयनित नये कर्मचारी राजस्व विभाग, कार्मिक एवं लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में केन्द्र सरकार में शामिल होंगे।

### पोप की अंत्येष्टि में भाग लेने रोम पहुंचीं राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई राष्ट्राध्यक्षों और विभिन्न देशों से गणमान्य व्यक्तियों का रोम पहुंचना शुरू हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रोम पहुंचीं। वह वेटिकन सिटी में सेंट पीटर के बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देंगी।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु

**चान्हो।** रांची– मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित चटवल मोड़ के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में दो युवक कि मौत हो गयी। मृतकों में सतबरवा के मुक्ता गांव का विकास विश्वकर्मा (17 )और मनातू के रहेया का उपेंद्र कुमार (22) शामिल हैं। दोनों रांची से मेदिनीनगर की ओर बाइक से जा रहे थे। गति तेज होने से घुमाव सड़क पर बाइक असंतुलित होकर पहले डिवाइडर से टकरायी और फिर पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक कई मीटर दूर जा गिरे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बरामद महिला व पुरुष के शवों की शिनाख्त

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जमनीजारा स्थित कोनार डैम के जंगल से शुक्रवार की अहले सुबह बरामद महिला व पुरुष के शवों की पहचान कर ली गयी। उनकी पहचान बोकारो निवासी विजय कुमार महतो और तिलैया देवी के रूप में की गयी। सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम–प्रसंग का बताया जा रहा है। तिलैया देवी विष्णुगढ़ के कुसुंभा की रहने वाली थी, जिसकी शादी जरीडीह में हुई थी और वह दो बच्चों की मां भी थी। मृतक विजय कुमार महतो रिश्ते में मृतिका का देवर लगता था।

### नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया गिरफ्तार

**रांची।** नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। लीक मामले का केंद्र बिंदु हजारीबाग रहा है। इस गिरफ्तारी से अब कई बिंदुओं का खुलासा होने की उम्मीदहै। अब तक हजारीबाग से चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।




## पाकिस्तान को सबक देने की तैयारी, बैठक में गृह मंत्री की बड़ी घोषणा

# सिंधु का एक बूंद भी पानी नहीं जाने देंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान पर शिंकजा कस रहा। सिंधु जल समझौते पर अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। गृहमंत्री ने साफ कर दिया है कि सिंधु जल समझौते को लेकर जो निर्णय किया गया है उसका पालन किया जायेगा। पाकिस्तान में एक बूंद भी पानी न जाये, इसकी ठोस व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये फैसला तीन चरण में लागू होगा, जिसमें तुरंत, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म में लागू होंगे। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पांच बड़े फैसले लिये हैं, जिसमें सिंधु जल समझौता स्थगित रखना भी शामिल था। । वहीं, पाकिस्तान ने भी शिमला समझौता रद करने की धमकी दी है।

**पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत वापस भेजो :** पांछ अहम फैसलों में पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का है। इस संबंध में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें तुरंत वापस पाकिस्तान भेजने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द करने के निर्देश भी जारी किये हैं। सभी राज्य अपने क्षेत्र में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को खोज-खोजकर उनकी वापसी सुनिश्चित करें। इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पाकिस्तानियों को जारी वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

**पर्यटकों के लिए एसओपी बनायें :** पहलगाम स्थित बैसरन मैदान में पर्यटकों की हत्या से स्तब्ध गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों से एक स्टैंडर्ड ओपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) तैयार करने के लिए इनपुट उपलब्ध कराने को कहा है, जिसका पालन स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जायेगा। गृह मंत्रालय और खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस को पर्यटकों के बैसरन आने की जानकारी नहीं थी। बैसरन एक पहाड़ी इलाके में स्थित है, जहां वाहन नहीं जा सकते। कुपवाड़ा जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश में आम जनता और विजिटर्स को सीमावर्ती इलाकों जैसे करनाह, केरन और माछिल और बुंगस घाटी में जाने से बचने की सलाह दी गयी है।



### जम्मू-कश्मीर में सेना प्रमुख और कमांडर्स की अहम बैठक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। आज शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार, सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और श्रीनगर स्थित 15 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल थे। बैठक में मौजूदा सुरक्षा हालात, अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियां, और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय पर चर्चा हुई। जनरल द्विवेदी ने विक्टर फोर्स और 15 कोर मुख्यालय का भी दौरा किया, जहां उन्हें जमीनी स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गया। ( पेज 12 भी देखें)

## आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ एक्शन शुरू

# दो आतंकियों का घर मिट्टी में मिलाया

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और अनंतनाग में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। आदिल शेख उर्फ आदिल गुरी का घर ब्लास्ट से उड़ा दिया। असे पहलगाम आतंकी हमले का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। उसने 2018 में पाकिस्तान जाकर आतंकी ट्रेनिंग ली थी। दूसरे का बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये घर पुलवामा के त्राल के मोनाघामा इलाके के आसिफ शेख और अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर के थे। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात विस्फोट करके घरों को जमींदोज कर दिया गया।



**लश्कर के शीर्ष कमांडर ढेर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है. मारा गया आतंकी अल्ताफ लश्कर का टॉप कमांडर बताया जा रहा है। बांदीपुरा जिले के कुलनार, बाजीपुरा इलाके में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ एक आतंकवादी के मारा गया। उसकी पहचान अल्ताफ लाली के रूप में हुई है। वह तालिब लाली का भाई है जो जेल में है। मुठभेड़ में एक जवान भी जख्मी है।

## वायुसेना ने शुरू किया 'आक्रमण' युद्धाभ्यास

**भारत** और पाकिस्तान के बीच तनाव अब अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इसके मद्देनजर भारतीय वायुसेना ने एक विशेष युद्धाभ्यास 'आक्रमण' की शुरूआत की है। इस एक्सरसाइज का उद्देश्य वायुसेना की आक्रमकता और तत्परता को परखना हखासकर ऐसे समय में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच हालात बेहद संवेदनशील हो चुके हैं। युद्धाभ्यास में वायुसेना ने पहाड़ी और जमीनी ठिकानों पर हमला करने की तैयारी की है। इस एक्सरसाइज के तहत, वायुसेना के पायलट्स रियल वॉर सिचुएशन में दुश्मन के ठिकानों पर लंबी दूरी से बमबारी कर रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं, जो ग्राउंड अटैक, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और स्ट्राइक मिशन की तैयारियों में जुटे हैं।



# स्पेन से निवेश और व्यापार बढ़ाने पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिड में स्पेन से निवेश और व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन सरकार के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्यम मंत्रालय, स्पेनिश चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्पेन इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के एक स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के साथ आमने-सामने चर्चा की। चर्चा में लगातार संवाद, सूचनाओं के आदान-प्रदान और आपसी यात्राओं को बढ़ाकर भारत-स्पेन निवेश और व्यापार को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आने और राज्य में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स और काउंसिल के सदस्यों का स्वागत किया।



# मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांध कैंडल मार्च निकाला

### पहलगाम आतंकी हमले का रांची में विरोध जारी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद लोगों ने हाथों में काली पट्टी लगाकर घटना का विरोध किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अमन और चैन बरकरार रहने की दुआएं की। इसके अलावा, इकरा मस्जिद के पास नमाज के बाद हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने पहलगाम घटना की निंदा की और सरकार से आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

**कैंडल मार्च :** मस्जिद जाफरिया से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाला। इसका नेतृत्व हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने किया। इनके साथ विभिन्न मुस्लिम संगठनो के ओहदेदार शामिल थे। लोगों ने हाथों में तख्ती और मोमबत्ती लेकर मार्च किया। कैंडल मार्च में लोगों ने कहा कि हमारे लिए देश पहले है धर्म बाद में आता है।

आतंकवादियों ने जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों की हत्या की है वह इंसानियत के खिलाफ है। कैंडल मार्च में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद ,झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जुनैद अनवर, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकिलुर रहमान, सरफरज समेत सैंकड़ों मुस्लिम प्रतिनिधि शामिल थे।

# अगले माह झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में मई महीने के दूसरे हफ्ते में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। इसका असर राज्य के आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। शुक्रवार को मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मई माह के दूसरे हफ्ते में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। दो-तीन मई तक काल बैसाखी का प्रभाव रहेगा।

इससे बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब बंगाल की खाड़ी से नमी झारखंड में प्रवेश करेगी उसके प्रभाव से काल बैसाखी के चलते गर्जन वज्रपात और हल्की बारिश होगी। इससे राज्य के आम लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। वहीं पूरा झारखण्ड प्रचंड गर्मी की चपेट में है। जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में तापमान 43 डिग्री को पार चुका है। रांची में अभी भी राहत है। यहां का तापमान शुक्रवार को 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



### भीषण बारिश का अलर्ट, बिजली गिरने की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने चेतावनी दी गर्मी से झुलस रहे लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है, क्योंकि एक बार फिर पहाड़ों में मौसम करवट लेने को तैयार है। 26 और 27 को गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। लोगों से आग्रह किया गया है कि इस दौरान खुले स्थानों से बचें और सुरक्षित स्थानों में रहें। 26 से 30 अप्रैल के बीच राज्य के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। जहां एक ओर मैदानों में तेज गर्मी और लू लोगों को बेहाल कर रही है, वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में भी तपिश बढ़ने लगी है। इसका असर अब प्राकृतिक जल स्रोतों पर भी दिखने लगा है, जिससे कई इलाकों में जल संकट की स्थिति बन गयी है। आइएमडी के अनुसार 26 व 27 को रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में बारिश और आकाशीय बिजली की संभावना है। वहीं 30 उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है।

# अवैध उत्खनन से नदियों और पुल पर मंडराने लगा खतरा

## सख्ती के बावजूद कोयल, कारो और छाता नदियों से अवैध उत्खनन जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बालू माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बावजूद नदियों से बालू का उठाव थम नहीं रहा है। बालू के अवैध उत्खनन से नदी के अस्तित्व और उस पर बने पुलों पर पर खतरा मंडरा रहा है। खूटी जिले के रनिया से लेकर तोरपा और कर्रा समेत पूरे क्षेत्र की कोयल, कारो और छाता नदियों से अवैध उत्खनन जारी है। हालांकि जिला प्रशासन के सख्त रवैये के कारण कुछ दिनों से अवैध बालू के उठाव पर कुछ लगाम जरूर लगी है लेकिन चोरी छिपे अब भी बालू का उठाव लगातार जारी है। जिला प्रशासन विगत कुछ दिनों से माफियाओं पर अंकुश लगाने एवं उत्खनन रोककर नदियों के अस्तित्व को बचाने का अभियान चला रहा है। पिछले दिनों इन इलाकों के जंगल से लाखों सीएफटी अवैध बालू का स्टॉक जब्त किया था।



**नदियां और पुल खतरे में :** अधिकारियों ने छापामारी के दौरान रनिया से लौटते समेत तोरपा कर्रा पथ स्थित छाता नदी पर बने पुल का भी निरीक्षण किया। बालू के अत्यधिक उठाव के कारण छाता नदी पर बनी पुलिया पर भी अस्तित्व खतरा मंडरा रहा है। पुल के 5 पिलर के तल से बालू का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एसडीओ ने कारो और छाता नदी का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्र की नदियों को देखकर उन्होंने कहा कि ये एक बड़ी समस्या है, इसके समाधान के लिए वरीय अधिकारियों से बात करेंगे और जल्द ही माफियाओं को जिले से खदेड़ने का काम होगा। माफियाओं ने किसी भी क्षेत्र को नहीं छोड़ा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है भविष्य बचाने के लिए नदियों को संरक्षित करना होगा और इसके लिए उन्हें प्रशासन को सूचना देनी होगी कि क्षेत्र में माफिया सक्रिय है, प्रशासन को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो। इसी रास्ते से सिमडेगा से जाने वाली हर छोटी बड़ी गाड़ियां तोरपा होते हुए कर्रा और फिर रांची जाती है। पुल के क्षतिग्रस्त होने पर खूंटी शहर का ट्रैफिक लोड बढ़ सकता है, कभी भी हादसा हो सकता है।

# जल्द जारी होगी ओबीसी सर्वेक्षण रिपोर्ट

## अंतिम रूप देने में जुटा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर निकाय चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र में विगत कई महीनों से चल रहा ओबीसी सर्वे अंतिम चरण में है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग इसे अंतिम रुप देने में जुटा है। आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। इन सबके बीच राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने विगत दो नगर निकाय चुनाव में सामान्य सीटों पर चुनाव जीतकर आए झारखंड के स्थानीय ओबीसी जनप्रतिनिधियों की सूची सभी जिलों से मांगी है। आयोग के सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह के अनुसार इसके जरिए शहरी नगर निकायों में झारखंड के ओबीसी वर्ग के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की संख्या का पता चल पाएगा कि आखिर ये लोग यहां के हैं कि बिहार के ओबीसी वर्ग से हैं।




**सभी जिलों में ओबीसी सर्वेक्षण पूरा :** विगत कई महीनों से जिला स्तर पर चल रहा ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूर्ण हो चुका है। जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग राज्यस्तरीय रिपोर्ट तैयार करने में जुट गई है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ 30 जून से निर्णायक आंदोलन : चंपई

## पूर्व सीएम ने भोगनाडीह से आंदोलन की शुरूआत की बात कही है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का ऐलान किया है। श्री सोरेन ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि हूल दिवस 30 जून के दिन भोगनाडीह में आदिवासी समाज के लोग जुटकर आंदोलन की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को रोकने के लिये पहल नहीं हुई तो भविष्य में आदिवासी सरना स्थलों में पूजा करने वाला कोई नहीं बचेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो



व्यक्ति आदिवासी परंपराओं और जीवनशैली को त्याग दे या दूसरे धर्म में विवाह कर ले, उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिये। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी समाज की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और उनकी बेटियों को बहला-फुसलाकर या धमकी देकर शादी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट जैसे सुरक्षा कवच होने के बावजूद इन्हें जमीनें कौन उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि हूल दिवस के बाद आंदोलन तेज होगा और हजारों लोग सड़कों पर उतरेंगे। इसके बाद समाज की भावना से केंद्र सरकार को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिये किसी भी हद तक जायेगा।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मिलीं शहीद मनीष रंजन के परिजनों से

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में झामुमो विधायकों ने शहीद आईबी अधिकारी मनीष रंजन के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। मंत्री के साथ झामुमो विधायक विकास सिंह मुंडा और मंगल कालिंदी भी मौजूद थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शोक संतप्त परिवार से घटना की जानकारी ली। इस अवसर पर शहीद के पिता मंगलेश कुमार मिश्रा ने अपने बेटे की यादों को साझा करते हुये बताया कि मनीष रंजन बचपन से ही मेधावी छात्र थे। उन्हें क्रिकेट एवं संगीत में भी उनकी विशेष रुचि थी। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के लिये तैयार है। परिजनों ने कुछ समस्याओं का उल्लेख किया है।

## खबर एक नजर में

### जमीन घोटाले के तीन आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**रांची।** सेना की जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के तीन आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। इनमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान और मो अफसर अली शामिल हैं। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान आरोपी हैं। वहीं, खेलगांव की जमीन से जुड़े फजीर्वाड़ा मामले में मोहम्मद अफसर अली आरोपी है। सेना के जमीन फजीर्वाड़ा मामले में ईडी ने अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद-बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सूरज कुमार सास की हत्या का दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने शुक्रवार को सास की हत्या मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त सूरज उरांव को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 29 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त पर अपनी सास शंकुतला देवी को मोबाइल विवाद में सिर में पत्थल से वार कर हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर 22 अप्रैल 2021 को अभियुक्त के खिलाफ लापुंग थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त ने बेड़ो निवासी सोनी कुमारी से 2018 में प्रेम विवाह किया था। शादी के दो साल बाद सूरज की दोस्ती किसी दूसरी महिला से हो गई थी। इसे घर लाकर साथ रहने लगा था। इस पर उसकी पत्नी मायके चली गई। सूरज ने ससुराल जाकर पत्नी का मोबाइल लेकर चला गया। मांगने पर विवाद हुआ और घटना को अंजाम दिया गया था।

### झालदा पहुंचे संजय सेठ, शहीद मनीष रंजन के परिजनों को ढांढस बंधाया



**रांची।** शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री झालदा पहुंच कर पहलगाम के आतंकवादी हमले में बलिदान हुये आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से झालदा में मुलाकात किया। उन्होंने परिवार जनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा भारत मनीष रंजन के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले का दुस्साहस करने वाले और परदे के पीछे की साजिश में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने उनके परिवार वाले को हर संभव सहायता करने की बात कही।

### जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

**रांची।** जमानत का दुरुपयोग करने के मामले में जेल में बंद आरोपी सन्नी तिग्गा को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आरोपी लगातार तीन निर्धारित तारीखों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेगा। जानलेवा हमले से जुड़े पांच साल पुराने मामले में आरोप तय किया जाना है। लेकिन, आरोपी उपस्थित नहीं हो रहा था। 11 जनवरी 2024 से जमानत पर चल रहा आरोपी की जमानत रद्द करते हुये कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस ने बीते 15 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। आरोपी नामकुम थाना कांड संख्या 117/2020 मामले में ट्रायल फेस कर रहा है।

### दहेज प्रताड़ना के दो दोषियों को एक-एक साल कैद की सजा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने दहेज प्रताड़ना और मारपीट से जुड़े पांच साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा पति नेपोलियन महली और उसकी चचेरी भाभी सहोदरी देवी को दोषी पाकर एक साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, नेपोलियन पर 10 हजार और सहोदरी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। घटना को लेकर नामकुम निवासी आरती महली ने महिला थाना में 24 मार्च 2019 को अपने पति और चचेरी गोतनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 29 नवंबर 2017 को नेपोलियन से शादी हुई। शादी के बाद पता चला कि मेरे पति का अवैध संबंध छह बच्चों की मां चचेरी भाभी सहोदरी से है। इसके बाद मारपीट करने लगा और दहेज के लिये प्रताड़ित की जाने लगी थी। मामले में सुनवाई के दौरान नामकुम थाना के तत्कालीन एएसआई पंकज कुमार यादव समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### सिविल जज जूनियर डिवीजन का पीटी रिजल्ट जारी करने का निर्देश

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की पीटी का रिजल्ट जारी होने का रास्ता साफ हो गया है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने जेपीएससी को 98 प्रश्नों के आधार पर चार माह में पीटी का रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने माना है कि पीटी का जो आंसर शीट जारी किया गया था, उसमें दो प्रश्न गलत थे। कोर्ट ने जेपीएससी को 98 सवालों के आधार पर रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। इस संबंध में प्रार्थी नमिता राज एवं अन्य ने याचिका दायर की थी। प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि आयोग ने जो आंसर-की जारी किया है, उसमें कई खामियां हैं। इन खामियों को दूर कर रिजल्ट प्रकाशित किया जाए। दो प्रश्नों के उत्तर जो आयोग द्वारा दिए गए हैं, वह गलत हैं। बता दें कि वर्ष 2023 में सिविल जज जूनियर डिवीजन में नियुक्ति के लिए जेपीएससी ने विज्ञापन निकाला था। वर्ष 2024 में परीक्षा ली गई। इसके बाद आंसर शीट जारी किया गया। अभ्यर्थियों ने उसमें खामी बताते हुए आयोग से शिकायत की, लेकिन आयोग ने शिकायत नहीं सुनी। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी।

## राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सीबीआई ने बहस के लिए मांगा समय

### हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रु घूस लेने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

मामले में सीबीआई ने बहस के लिए समय की मांग की। जिस पर कोर्ट ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दो सप्ताह के बाद सुनवाई की तिथि निर्धारित की। पिछली सुनवाई में तीसरी बार मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर कोर्ट ने उनपर 4000 रुपए का जुमार्ना लगाया था।

बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी।

आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपए मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। इससे 29.26 लाख परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिलता।

## चारा घोटाला: लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई अब 9 जुलाई को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद सहित 3 सजायाफ्ताओं की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल सीबीआई की याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में 6 में से अभी सिर्फ तीन सजायाफ्ता लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भप्ताचार्य की सजा को बढ़ाने के मामले में सुनवाई चल रही है। बाकी तीन का निधन हो चुका है।



यहां यह बता दे की सीबीआई द्वारा सजा बढ़ाने के आग्रह किए गए 6 आरोपियों में से फूलचंद सिंह, आरके राणा समेत तीन सजायाफ्ताओं का निधन हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने सजायाफ्ता फूलचंद सिंह, आरके राणा सहित 3 का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भप्ताचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**अति अल्पकालीन कॉटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26**

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–
विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समयः–दिनांक– 06.05.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक– 07.05.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Si No. | Particulars | Per Unit | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 1.5 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 2. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 2.0 HP With DOL Starter ((CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 3. | Submersible Pump set 100 Mm dia (With Polypropylene/Noryl Impeller) up to 20 Stages. 3.0 HP With DOL Starter (CRI, V-Guard, Cromptom, Amrut & Kirloskar) | Piece | |
| 4. | 3 Core PVC Insulated, PVC Sheathed copper Conductor flat Submersible Cable. 2.5MM ² (CRI, V-Guard, Anchor & Havells) | Mtr | |
| 5. | FRLS Pvc Insulated Single core Copper Conductor Cable, Single Core 4MM² (Anchor & Havells) | Mtr | |
| 6. | Isolator, 40 Amps 2- Pole | Piece | |
| 7. | 32 MM Dia PVC Pipe | Piece | |
| 8. | Elbow 32MM Dia | Piece | |
| 9. | Nipple 25Mm Dia | Piece | |
| 10. | Nipple 32Mm Dia | Piece | |
| 11. | Socket 25 Mm Dia | Piece | |
| 12. | Socket 32 Mm Dia | Piece | |
| 13. | Standard length High density polyethylene pipe (HDPE) Pipe, 32 MM Dia | Mtr | |
| 14. | Rope 12 MM (Nylon) | KG | |
| 15. | Adapter 32MM | Piece | |
| 16. | PVC Ball Valve 20 MM | Piece | |
| 17. | PVC Ball Valve 25MM | Piece | |
| 18. | PVC Ball Valve 32MM | Piece | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 351053 (Lohardaga) 25-26 (D)


## थानों के लिए जेनरेटर खरीद का टेंडर गलत नीयत से रद्द किया गया : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उग्रवाद प्रभावित जिलों के थानों में जेनरेटर की आपूर्ति के बाद गलत नीयत से टेंडर रद्द किया गया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ ने सप्लायर द्वारा भुगतान की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि आठ जुलाई निर्धारित की है। साथ ही अगले आदेश तक टेंडर रद्द करने से संबंधित जारी किये गये आदेश को स्थगित कर दिया है। इससे पहले इस मामले में प्रतिवादी बनाये गये पुलिस अधिकारियों को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया।

मेसर्स जी. एस इंटरप्राइजेज ने हाइकोर्ट में 25 मार्च 2024 को रिट याचिका दायर की थी। इसमें यह कहा गया था कि झारखंड पुलिस ने उग्रवाद प्रभावित जिलों के लिए जेनरेटर खरीद का टेंडर जारी किया था। टेंडर के निपटारे के बाद उसे सफल घोषित करते हुए वर्क ऑर्डर जारी किया गया। इसके आलोक में जी.एस. इंटरप्राइजेज ने 10 केवी के 64 जेनरेटर की आपूर्ति कर दी। जेनरेटर की आपूर्ति के बाद पुलिस विभाग ने जेनरेटर की जांच के लिए एक टीम का गठन किया। टीम ने जांच के बाद जेनरेटरों को मानक के अनुरूप पाया। जांच में सब कुछ सही पाये जाने के बावजूद उसे भुगतान नहीं किया गया। मेसर्स जी. एस इंटरप्राइजेज द्वारा हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर किये जाने के बाद पुलिस विभाग ने जेनरेटर खरीद के लिए जारी किये गये टेंडर को 27 मार्च 2025 को रद्द कर दिया। टेंडर रद्द किये जाने के बाद मेसर्स जी. एस. इंटरप्राइजेज की ओर से हाईकोर्ट में आईए दायर किया गया और पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई को गलत करार देते हुए आपूर्ति किये गये जेनरेटर के बदले 2.66 करोड़ के भुगतान की मांग की गयी।मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ में याचिका की सूनवाई हुई। न्यायालय ने याचिकादाता की दलील सुनने के बाद टेंडर को रद्द करने से संबंधित आदेश को स्थगित कर दिया। साथ ही यह भी लिखा कि टेंडर गलत नीयत से रद्द किया गया है।

## बालू के अवैध खनन और ढुलाई रोकने को लेकर राज्यपाल के प्रधानसचिव से गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहे बालू के अवेध खनन और ढुलाई को रोके जाने की मांग की गयी है। कहा है कि खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार द्वारा विगत 4 वर्षों से बालू घाटों की नीलामी नहीं की गई है। इसे राज्य हित और नदियों के अस्तित्व से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय करार देते हुए कहा है कि महत्वपूर्ण नदियों से इन दिनों अवैध तरीके से बड़े पैमाने पर बालू खनन और ढुलाई रोके जाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। साथ ही इस पत्र से राज्यपाल को अवगत कराने की भी गुहार लगाया है। यह पत्र नीरज कुमार राम ने लिखी है।

प्रधान सचिव को बताते हुए कहा कि 08 मार्च 2022 को झारखंड विधानसभा में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने 15 दिनों के अंदर बालू घाटों के नीलामी का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक राज्य के 90ः बालू घाटों की नीलामी नहीं हो पाई है। हाल के दिनों में स्थानीय समाचार पत्रों में बालू के अवैध कारोबार को लेकर लगातार खबरें छपती रही हैं। इनके अलावा सोशल मीडिया पर भी रात में हाइवा में बालू की ढुलाई के वीडियो वायरल होते रहे हैं। हाल ही में सिल्ली थाना क्षेत्र में बालू ढुलाई की जांच करने गए जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को एक हाइवा वाले ने कुचलने का भी प्रयास किया था। राज्य की महत्वपूर्ण नदियां, बालू खनन के कारण वजूद के संकट से जूझ रही हैं। बालू खनन के कारण राज्य के कई बड़े पुल तक धंस गए हैं। नदियों के बदस्तूर खनन से हाथियों और अन्य जंगली जानवरों के अस्थायी कोरिडोर पर भी खतरा उत्पन्न हो रहा है और इसके साथ ही पर्यावरण पर भी संकट पैदा हो रहा है। बालू के अवैध खनन तथा ढुलाई से राज्य सरकार को करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं चोरी, तस्करी और पैसे बंटवारे का एक बड़ चेन है। यही वजह है कि कमीशन के चलते या अघोषित तौर पर उगाही के चलते पांच हजार रुपये में मिलने वाला शहर पहुंचते 45 हजार के दर में बदल जाता है। बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के बाद भी कई घाटों से लगातार बालू की ढुलाई की जा रही है। रांची जिले में महज 60 किमी की दूरी तय करने के साथ बालू की कीमत में नौ गुना से दस इजाफा एक संगठित अवैध कारोबार का नतीजा है।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड टण्डवा मे निर्मित न्यू डाकबंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | न्यू डाकबंगला टण्डवा | 3876 sqft | 120000 | 36000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 09/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न मे उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती मे भाग लेना चाहते है आवेदन के साथ 5000.00 ( पाँच हजार) रू0 का बैंक डॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते है,जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्ते :–
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रू॰ मे बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकासआयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालकपदाधिकारी,जिलापरिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रदद करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdictionमें सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 351101 (District) 25-26 (D)


## मंत्री सुदिव्य सोनू ने अपने बयान पर दी सफाई, कहा
# जुबान नहीं फिसली, दिया सोच-समझ कर बयान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम लेकर कोई गलती नहीं की है। जब जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं लेते हैं तो गैर-जिम्मेदार लोगों को ही जिम्मेदारी लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री, नीतीश कुमार और शिवराज पाटिल जैसे नेताओं ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुये इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।



क्योंकि जम्मू-कश्मीर केंद्र सरकार के अधीन आता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी भूमिका निभानी चाहिये और जिम्मेदार लोगों से सवाल पूछने चाहिये। उन्होंने कहा कि जब पत्रकार अपनी भूमिका नहीं निभाते हैं तो नेताओं को ही पत्रकारों की भूमिका निभानी पड़ती है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि उन्होंने सोच समझकर बयान दिया था। कोई जुबान नहीं फिसली थी। उन्होंने कहा कि वह किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री का नाम ले सकते थे। लेकिन, उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम इसलिए लिया कि वह एक उदाहरण देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि पुलवामा में आरडीएक्स पहुंचाने वाले डीएसपी का अब तक क्या हुआ। उन्होंने कहा कि पठानकोट एयरबेस पर हमले के बाद भी किसी की जवाबदेही तय नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि पहलगाम हमले पर पूरा देश शोकाकुल है। लेकिन राष्ट्रीय शोक की घोषणा क्यों नहीं हुई।

### सोनू नहीं करें झारखंड को शर्मसार : बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को मंत्री सुदिवय सोनू के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीते गुरूवार को चारों ओर से जग हंसाई होने के बाद यह उम्मीद थी कि सुदिव्य सोनू को पहलगाम जैसे संवेदनशील आतंकी हमले पर व्यंग्य करने की अपनी गलती का एहसास हुआ होगा। लेकिन, दुर्भाग्यवश उन्होंने बेशर्मी की सभी सीमायें लांघ दीं और आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से अपने मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का कारण उनका हिंदू होना था। अगर सुदिव्य कुमार सच बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, तो कम से कम उन्हें ऐसे गैरज़िम्मेदाराना बयान देकर झारखंडवासियों को शर्मिंदा करने से बचना चाहिये।

### छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि 8 मई तक बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद–बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 8 मई निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, अमित अग्रवाल, तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। वहीं, एक आरोपी दिलीप घोष जमानत पर चल रहा है।

# रैंप निर्माण को लेकर आमने-सामने स्थानीय और प्रशासन, महिला इंस्पेक्टर से धक्कामुक्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर का विवाद एक बार फिर से चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार की देर रात जैसे ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा रैंप निर्माण का काम शुरू किया गया, निर्माण का विरोध करने के लिए देर रात दर्जनों लोग सिरम टोली पहुंच गए। इस दौरान पूरे सिरम टोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील करना पड़ा। आधी रात तक रैंप का विरोध कर रहे लोगों के साथ रांची पुलिस जूझती रही। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ।

**रातभर हंगामा :** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप के निर्माण को लेकर देर रात गुरुवार से जमकर हंगामा हो गया। सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण कर रही कंपनी ने गुरुवार की देर रात रैंप का निर्माण शुरू किया, जैसे ही इसकी जानकारी आदिवासी संगठन को हुई, वह सिरमटोली पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध करने लगे।

**आमने-सामने स्थानीय और प्रशासन :** आदिवासी संगठन के विरोध को देखते हुए पूरे सिरमटोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। आननफानन में रांची के सिटी एसपी, डीएसपी सहित कई थानेदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस और रैंप विरोधी लोगो के बीच जमकर कहासुनी हुई। डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के साथ विरोध कर रही कई महिलाओं ने धक्कामुक्की की।

**बार-बार जेसीबी के सामने आ जा रहे थे प्रदर्शनकारी :** गुरुवार की रात 12 बजे तक पुलिस और रैंप विरोधियों के बीच तनातनी रही। निर्माण के लिए लाए गए जेसीबी के सामने बार बार आदिवासी संगठन के लोग सामने आ जा रहे थे। इस दौरान काफी हंगामा हुआ। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आदिवासियों को धोखा दिया जा रहा है। सरना स्थल को लेकर रैंप का विरोध समाज के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन सरकार पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है, अब इस मामले को लेकर सरकार का ही विरोध किया जाएगा।

**देर रात लिया गया हिरासत में :** रांची पुलिस के आधा दर्जन से ज्यादा अफसर और 100 ज्यादा जवान आधी रात तक सिरमटोली में भीड़ से जूझते रहे। काफी समझाने के बाद भी जब भीड़ नहीं मानी तब सभी को हिरासत में लेकर बस में बिठाकर उन्हें सिरमटोली से हटाया गया।

## फ्लाईओवर रैंप के विरोध में आदिवासी समाज की कोर्ट जाने की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल पर प्रस्तावित फ्लाईओवर रैम्प के निर्माण को लेकर आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। बीते चार महीनों से आंदोलनरत आदिवासी समाज अब खुलकर सड़कों पर उतर आया है और सरकार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

केंद्रीय सरना समिति के पदाधिकारी जगलाल पाहन और बबलु मुंडा ने प्रशासन पर धार्मिक स्थल के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा, जिस सरकार को आदिवासी समाज ने सत्ता तक पहुंचाया, वहीं आज हमारी आस्था के प्रतीक को मिटाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि रैम्प निर्माण नहीं रोका गया, तो मामला राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के बाद कोर्ट तक ले जाया जाएगा। साथ ही, जरूरत पड़ी तो जनहित याचिका भी दायर की जाएगी।

समिति का कहना है कि सिरम टोली सरना स्थल न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि वह आदिवासी संस्कृति और पहचान का प्रतीक भी है। ऐसे में यहां रैम्प निर्माण आदिवासी अस्मिता पर सीधा हमला है।

जगलाल पाहन ने कहा, अबुआ सरकार से हमें उम्मीदें थीं, लेकिन अब तो जमीन हड़पने का खेल शुरू हो गया है। यह आंदोलन बिरसा मुंडा के तर्ज पर लड़ा जाएगा और किसी कीमत पर सरना स्थल को मिटने नहीं दिया जाएगा।

प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए आदिवासी नेताओं ने कहा कि यह पूरा लोकतंत्र की आत्मा पर चोट है। वहीं, बबलु मुंडा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस मामले में मुख्य सचिव, उपायुक्त, नगर विकास विभाग और नगर निगम प्रशासक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## पहलगाम हमले का विरोध : डीएसपीएमयू छात्रावास से विवि परिसर तक कैंडल मार्च



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के यूजी छात्रावास संख्या एक के विद्यार्थियों के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी नृशंसता के विरोधस्वरूप विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के नेतृत्व में छात्रावास के मुख्य द्वार से विश्वविद्यालय परिसर तक कैंडल मार्च कर इस नृशंस घटना के लिए विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत उपस्थित विद्यार्थियों ने हाथ में प्रतीक के तौर पर कैंडल लेकर दिवंगतों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि प्रकट की। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन इसके साथ साथ देश के प्रति अन्याय और आतंक का हमेशा माकूल जवाब भी दिया है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है लेकिन यह अवश्य है कि इस क्रूर घटना में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को उसके अंतिम अंजाम तक पहुंचना भी आवश्यक है। मौके पर प्रॉक्टर सह छात्रावास अधीक्षक डॉ राजेश कुमार सिंह मौजूद थे।

# सर्वदलीय बैठक में सीपीआई माले को नहीं बुलाने पर दीपांकर ने जतायी आपत्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य ने पहलगाम हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक में भाकपा माले को नहीं बुलाने पर गहरी आपत्ति जताई है। शुक्रवार को रांची में मीडिया से बात करते हुए दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि गुरुवार को दिल्ली में सभी दलों को बैठक में शामिल किया गया, लेकिन हमारी पार्टी को नहीं बुलाया गया। दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि हमें इसलिए सर्वदलीय बैठक में नहीं बुलाया गया क्योंकि हमारी पार्टी छोटी है और हमारे दो ही सांसद हैं। 1984 के दौर में भाजपा के भी दो ही सांसद थे, छोटी पार्टियों के नाम पर हमें ऑल पार्टी मीटिंग में मौका ना देना अफसोजनक है। उन्होंने कहा कि यह घटना कैसे घटी इसे लेकर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

**अपराध करने वालों को मिले कठोर सजाः दीपांकर :** सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में निहत्थे सैलानियों की हत्या की गई। आज देश की मांग है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो।

### खुफिया जानकारी थी तो सुरक्षा में ढील क्यों?

प्रदेश माले कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दीपांकर भप्ताचार्य ने कहा कि ऐसी भी सूचनाएं आ रही हैं कि पहले से इस तरह के हमले की खुफिया जानकारी थी। लेकिन फिर भी सुरक्षा में ढील दी गई। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के बाद ही प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित जम्मू कश्मीर की यात्रा स्थगित की गई थी।

**सिर्फ व्यक्ति विशेष ही क्यों, आम लोगों को सुरक्षा क्यों नहीं? :** माले नेता ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे भी अपनी शादी की सालगिरह मनाने कश्मीर के गुलमर्ग गए थे। उन्होंने कहा कि जब निशिकांत को कश्मीर में उच्च स्तरीय सुरक्षा मिल सकती है तो आम लोगों या पर्यटकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

## संजय कुमार बने युवा कांग्रेस के समन्वयक



**रांची।** संजय कुमार रांची जिला कांग्रेस के यूथ समन्वयक मनोनीत किए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा है कि संजय कुमार यूथ कांग्रेस के समन्वयक बनने से रांची जिले में कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। श्री कुमार पहले भी 2 सालों तक कार्यालय प्रभारी के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान करते रहें हैं। इनका अनुभव और कार्य शैली को देखते हुए श्री कुमार के कंधे पर युथ की नई जिम्मेदारी दी गई है। संजय कुमार ने कहा की युवाओं को उनके कौशल और क्षमताओं से रांची जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन को और धार दिया जा सकता है। पार्टी ने मुझे जो भी जिम्मेदारी दी है उसे मैं हर हाल में खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## आदिवासी भूमिज समाज कल्याण समिति का दल राज्यपाल से मिला

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को आदिवासी भूमिज समाज कल्याण समिति के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में सिल्ली विधायक अमित कुमार द्वारा चुहाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के तैलिये चित्र को झारखंड विधानसभा भवन में लगाये जाने के संबंध में उल्लेख करते हुये कहा कि इस निर्णय से भूमिज समाज में व्यापक असंतोष उत्पन्न हो रहा है तथा इससे भूमिज और कुर्मी समाज के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से विधानसभा में काल्पनिक रघुनाथ महतो का तैलीय चित्र लगाये जाने के प्रस्ताव को निरस्त करने के लिये आग्रह किया।

## मानव श्रृंखला बना कर हुआ वक्फ एक्ट का विरोध

## वक्फ एक्ट 2025 किसी भी हाल में मंजूर नहीं : जाकिर अंसारी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को नेवरी मे नेशनल मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष जाकिर अंसारी के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियों पर 'काला कानून वापस लो' और 'हमारा संवैधानिक अधिकार है। जाकिर अंसारी ने कहा कि संविधान के दायरे में रहकर हम आखरी दम तक इस काले कानून का विरोध करते हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन जारी है। मानव श्रृंखला के बाद नेवरी मैदान में सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतहर इमाम, जमील मास्टर,मुश्ताक अंसारी, मुफ्ती सोहेल, आदम अंसारी, बड़ी मस्जिद इमाम अरशद आलम, जबुल अंसारी, हयात अंसारी, जावेद अख्तर, शरीफ अंसारी, अनवारुल अंसारी, शमीम अंसारी और बबलू अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति ने आक्रोश रैली व शांति मार्च निकाला

**रांची।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में महावीर चौक स्थित श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के कार्यालय से आक्रोश रैली शांति मार्च के रूप में निकाली गई। रैली में लोग बाहों में काला बिल्ला लगाए हुए थे। सभी के हाथों में पाकिस्तान मुदार्बाद के पोस्टर थे साथ ही पाकिस्तान के शैतानी हरकतों के विरोध में शांति मार्च में शामिल लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। हाथों में श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के बैनर के संग यह रैली गांधी चौक,शहीद चौक होते हुए अल्वर्ट एक्का चौक पहुँची।

रैली में मुख्य रूप से अध्यक्ष जयसिंह यादव , राहुल सिन्हा चंकी, मंत्री सुभाष कुमार साहू, उदय रविदास, संतोष गुप्ता, बलिराम प्रसाद, प्रमोद सारस्वत, सुनील वर्मा ,राकेश सिंह, दीपक ओझा, बिंदुल वर्मा, शंकर साहू, सागर कुमार ,प्रेम सिंह, प्रेम चौधरी,गोपाल पारीक, संजय पोद्दार, शंकर दुबे, रवि कुमार पिंकू, राजकिशोर प्रसाद, दीपक यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू यादव, महेंद्र कुमार शामिल थे।

## पाकिस्तानी जिहादियों को कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी : विहिप




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल रांची महानगर एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक तथा सभी समविचारी हिन्दू संगठनों के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्कूल मैदान में सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए। मौके पर ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद आक्रोश प्रदर्शन करते हुए सभी लोग जिला स्कूल मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक गए। सभी लोग पाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान होश में आओ, देश के गद्दारों को-गोली मारो सालों को, जय श्री राम, भारत माता की जय, संघर्ष नहीं अब रण होगा-संग्राम महाभीषण होगा आदि के नारे लगा रहे थे। तथा सभी हाथ में तख्ती लिए चल रहे थे जहां पाकिस्तान मुदार्बाद आदि लिखे थे।

बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पैंट उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत मौजूद थे।

# झारखंड में फिर होगी झमाझम बारिश, मौसम होगा कूल-कूल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। एक बार फिर से झमाझम बारिश, तेज हवा के साथ हो सकती है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, एक दो दिन में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी।

मौसम कूल-कूल होने की संभावना जताई गई है। हालांकि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में 5-7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

### क्या है मौसम विभाग का फोरकास्ट

26 अप्रैलः राज्य के दक्षिणी एवं उत्तरी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्म और उमस भरा दिन की स्थिति बन सकती है। राज्य के उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका (अधिकतम गति 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपात की संभावना है।

27 अप्रैलः राज्य के उत्तर-पूर्वी एवं निकटवर्ती मध्मों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका (अधिकतम गति 40-50



किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। राज्य के दक्षिणी, मान एवं उत्तर-प्श्चिमी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका (अधिकतम गति किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपात की संभावना है।

28 अप्रैलः राज्य के उत्तर-प्श्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका (अधिकतम गति 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपत की संभावना है। राज्य के उत्तर-प्श्चिमी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका (अधिकतम गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपत की संभावना है।

29 अप्रैलः राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और हवाओं का झोंक (अधिकतम गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ वज्रपात की संभावना है।

### अलर्ट और प्रभावित क्षेत्र

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें गरज के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। मौसम के बदले मिजाज का असर उत्तर पूर्वी और दक्षिण भागों में दिखेगा, जिनमें देवघर, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम और प्श्चिमी सिंहभूम में दिख सकता है। वहीं पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक उच्चतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया।

## खबर एक नजर में

### कस्तूरबा व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन पर हुई बैठक

**रांची।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 9 तक नामांकन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्तूरबा विद्यालय में कक्षा 6 में 950, कक्षा 7 में 34, कक्षा 8 में 65 और कक्षा 9 में 87 नामांकनों की स्वीकृति दी गई। वहीं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में 250, कक्षा 7 में 17, कक्षा 8 में 4 और कक्षा 9 में 6 सीटों पर नामांकन निर्धारित किया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान सभी विद्यालयों में सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, रसोईघर और कक्षा कक्षों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा छात्रावासों में मेडिकल कैंप लगाने और ड्रॉपआउट (पढ़ाई छोड़ चुके) बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने को कहा इस अवसर पर सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### हॉस्टल, लॉज, गेस्ट हाउस व धर्मशालाओं को निगम से लेनी होगी संचालन की अनुमति

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर में बेधड़क चल रहे हॉस्टल, लॉज, गेस्ट हाउस, विवाह भवन और धर्मशालाओं पर सख्ती बरतते हुए नयी अधिसूचना जारी की है। अब इन सभी संस्थानों को वर्ष 2025-26 के लिए संचालन की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा जारी सूचना के अनुसार, उपरोक्त सभी संस्थानों के संचालकों को 10 मई 2025 तक अनुमति प्राप्त करना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके संस्थान को अवैध घोषित कर दिया जायेगा। साथ ही उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। संस्थानों के संचालक संचालन की अनुमति लेने के लिए निगम की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। निगम का मकसद शहर में संचालित हो रहे विभिन्न संस्थानों की निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखना है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सभी हॉस्टल, लॉज और धर्मशालाएं निगम के दिशा-निदेर्शों के अनुसार संचालित हो रही हैं या नहीं।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकल अभियान द्वारा श्रद्धांजलि सभा

**रांची।** पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में शुक्रवार को एकल अभियान द्वारा दिवंगत आत्माओं की शांति प्रदान करने हेतू श्रद्धांजली सभा का आयोजन बरियातु रोड स्थित आरोग्य भवन-1 एकल अभियान के सभा कक्ष में किया गया। इस अवसर पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान द्वारा दो लाख गांवों में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है। आतंकवादियों द्वारा हिन्दूओं के साथ जिस तरह का कुकृत्य किया गया है, हत्याएं की गई है, वह अत्यंत दुखदायी है। इसका करारा जवाब देना ही पड़ेगा। दिवगंत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजली अर्पित करते हुए वनबंधु परिषद रांची के सरंक्षक रमेश धरनीधरका ने कहा कि भारत को आतंकी हमले से एक बहुत बड़ी चनौती मिली है। जिसे प्रत्येक नागरिक को डटकर इसका मुकाबला करना होगा। प्रत्येक नागरिक को एक सैनिक की भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर एकल फयूचर के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, दिलीप महतो, नागेश्वर महतो. अभिजीत पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, बाबुलाल गोप, केशव कुमार, गौतम कुमार आदि एकल अभियान के कार्यकताओं ने कहा कि आतंकी हमले का हमसब डटकर मुकाबलर करेगें।

### राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को श्री साईं सेवा ट्रस्ट, गिंजो ठाकुरगांव के एक शिष्टमंडल ने ट्रस्ट के सचिव शिव कुमार तिवारी के नेतृत्व में राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को साईं मंदिर, गिंजो ठाकुरगांव की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।

### राज्यपाल को किया आमंत्रित

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को श्री सिंह ने मई, 2025 में प्रस्तावित विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।

### रैम्प बनने से सरना स्थल तक पहुंचना कठिन हो जायेगा : आदिवासी समाज

**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल के पास बनाये जा रहे फ्लाईओवर रैम्प पर काम शुरू करने को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश फैल गया है। आदिवासी समाज ने शुक्रवार को केंद्रीय सरना स्थल परिसर में बैठक आयोजित कर इसका हर स्तर पर विरोध करने का निर्णय लिया। आदिवासी समाज ने आरोप लगाया कि यह रैम्प उनकी आस्था और सांस्कृतिक केंद्र पर सीधा हमला है। हर वर्ष लाखों की संख्या में सरना समाज के लोग सरहुल पर्व पर केंद्रीय सरना स्थल पहुंचते हैं। रैम्प बनने से केंद्रीय सरना स्थल तक पहुंचना कठिन हो जायेगा। इस संबंध में रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सिरम टोली रैम्प का पिलर जयपाल सिंह मुंडा चौक की ओर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कहा कि आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन का रक्षक है। आज उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अबुआ सरकार आज सत्ता में है तो उसके पीछे आदिवासी समाज की बड़ी भूमिका है। यदि यही समाज एकजुट हो जाये, तो सरकार को सत्ता से दूर करना कोई मुश्किल काम नहीं हैं। बता दें कि स्थिति तब और गंभीर हो गयी जब रैम्प का निर्माण शुरू कराने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

### भाजपा को देशवासियों के दर्द का अहसास है तो पार्टी से निकाले निशिकांत को : विनोद पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे के उस कृत्य की वह कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें उन्होंने गुलमर्ग, कश्मीर में अपनी 25वीं शादी की सालगिरह को वीवीआईपी सुरक्षा की आड़ में एक अय्याशी भरे तमाशे में बदल दिया। 14 अप्रैल 2025 को आयोजित यह शाही जलसा सत्ता के नशे, जनता के प्रति घोर असंवेदनशीलता और भाजपा की जनविरोधी नीतियों का वह काला चेहरा है, जिसे अब कोई ढंक नहीं सकता। जब कश्मीर आतंकी खतरों की चपेट में था, तब भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर अपनी निजी खुशियों का जश्न मना रहे थे। यह जनता के खून-पसीने की कमाई और देश की सुरक्षा के साथ खुला विश्वासघात है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत उनके तमाम वैसे भोंपूओं को इसपर भी अपना विचार व्यक्त करना चाहिए, जो रोज झारखंड में आदिवासी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सरकार के बारे में अनर्गल प्रलाप करते हैं। लेकिन यह सच्चाई है कि उनकी आवाज इस मामले में नहीं उठने वाली है। निशिकांत दुबे तो सुप्रीम कोर्ट को भी अपने ठेंगे पर रखते हैं। वे संविधान को नहीं मानते और मनुस्मृति को देश में लागू करना चाहते हैं। भाजपा को देशवासियों के दर्द का अहसास है तो निशिकांत दूबे को पार्टी से निकाले।

### भारतीय संगीत की सुरमयी छाया में सरला बिरला पब्लिक स्कूल

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्पिकमैके के सहयोग से संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रति प्रेम और समझ को बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम में सुप्रतीक सेन गुप्ता ने प्रस्तुति दी उनके साथ तबला वादक बिस्वजीत पाल भी थे। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ छात्रों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की भावना भी देते हैं।

## स्पीड न्यूज

### आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ का एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुमला में निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का नामकरण और छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर गुमला में निमार्णाधीन विश्वविद्यालय का नाम पंखराज बाबा कार्तिक उरांव विश्वविद्यालय रखने का आग्रह किया। इसके अलावा राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराने के लिये पहल करने का भी आग्रह किया।

### सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में पहलगाम हमला को लेकर शोक सभा

**रांची।** शुक्रवार को सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष और निहत्थे लोगों की हत्या पर शोकसभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही, केंद्र सरकार से आतंकवादी के बिरुद्ध कड़ी करवाई करने के लियेआग्रह किया गया। प्राचार्य डॉ बीपी बर्मा ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुये कहा कि इस गहन पीड़ा की घड़ी में हम सब उनके साथ है। डॉ समर सिंह ने कहा कि यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है। उपस्थित प्राध्यापक और विद्यार्थिओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर डॉ प्रगति प्रसाद, डॉ सावित्री कुमारी, डॉ अनिल वीरेंद्र कुल्लू, डॉ सुबास साहू, डॉ सीमा सुनील, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ बीपी अखौरी, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ आरएन सिंह,डॉ राजश्री महतो, डॉ संजय कुमार षाडंगी, डॉ तनुज खत्री आदि उपस्थित थे।

### पर्यटकों पर कायराना हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं : सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी

**रांची।** डोरंडा जैप 1 मे स्थित जामा मस्जिद के बाहर जुमा की नमाज के बाद मस्जिद के इमामो खतीब जनाब सैय्यद शाह अलकमा शिबली कादरी साहब ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि दर्शातगर्दो के द्वारा पर्यटकों पर कायराना हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। इस्लाम मे दहशतगरदो के लिए कोई जगह नहीं है। इस्लाम में अपने और पराए सभी से मुहब्बत की बाते बताई गई है। ये मुल्क हमारा है इसके जर्रे जर्रे से हम सभी मुसलमानों को मुहब्बत है। हम हिंदुस्तान में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि अमन और शांति बनाए रखें। किसी के बहकावे में न आए। आपसी सौहार्द और मोहब्बत हमेशा कायम रहे। दहशतगर्दो, बदमाशों का कोई धर्म और जात नहीं होता। आरोपि यों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए चाहे वो किसी भी धर्म का हो। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बब्बर, नवाब चिश्ती, मो बिलाल, मो शाहनवाज आदि मौजूद थे।

### पुरानी कमिटी भंग संयोजक मंडली का गठन

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक शुक्रवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय प्रांगण में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो उपस्थित हुए। बैठक में संगठन के मजबूती,कमिटी के पुनः गठन एवं आगामी कार्यक्रम इत्यादि विषय को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं बैठक में सर्वसहमति से पुरानी कमिटी को भंग कर विश्विद्यालय में पुनः कमेटी गठन हेतु संयोजक मंडली का गठन किया गया। जिसके सदस्य राजेश सिंह, .ज्योतिष महतो,रवि रोशन ,संदीप यादव,प्रेम लिंडा,पंकज कुमार,रोशन नायक,मुकेश कुमार महिला संयोजक अनुष्का सिन्हा,ईशा गुप्ता और खुशबू कुमारी को बनाया गया है।

### नैनो उर्वरकों का प्रयोग खेती को स्वस्थ आधार प्रदान करता है

रांची। लावागईं लैम्पस प्रांगण में शुक्रवार को किसान सभा का आयोजन इफको एवं लैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। खेती के बदलते स्वरूप में जहां किसान बीज और दवा पर तो अपना ध्यान केंद्रित करते हैं पर फसलों के लिए जो पोषण का प्रबंधन करना चाहिए उसपर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं और आज भी अधिकांश किसान केवल यूरिया और डीएपी के द्वारा ही खेती कर रहे हैं। गोबर जो कि फसलों का सम्पूर्ण आहार हुआ करता था का प्रयोग भी नगण्य हो गया है। ऐसे अच्छे बीज से खेती करने के बाद भी फसल से वांछित उपज नहीं मिल रहा है और अब खेती अलाभकारी होने लगी है। खेती में पोषक तत्व प्रबन्धन कैसे करें इसी विषय पर आज की गोष्ठी की गयी और किसानों को बताया गया कि यदि आप अपनी खेती में फसलों को पौष्टिक खाना खिलाएंगे तो कम से कम कीट व्याधि का प्रकोप होगा और आप गुणवत्तायुक्त और अधिक उत्पादन लेंगे। ऐसी खेती के लिए आपको यूरिया और डीएपी पर कम निर्भर होना पड़ेगा और आधुनिक युग के खाद इफको नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी को खेती में बढ़ावा देना होगा। ये ऐसे खाद हैं जो फसलों के सिस्टम में सीधे प्रवेश कर बहुत ही त्वरित गति से कार्य करते हैं और लम्बे समय तक अपना प्रभाव फसलों पर रखते है जिस कारण अच्छा बढ़वार, फूल का अधिक लगना और फलन अधिक होता है। ये उर्वरक चूंकि फसलों में सीधे समाते हैं इसलिए मिस्री की जैव भौतिक और रासायनिक दशा का खराब होने पर भी इनकी उपयोग दक्षता में कोई ऋणात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है और ये लगभग 90% तक फसलों को प्राप्त होते हैं जबकि पारम्परिक उर्वरकों का अधिकतम 30% ही फसल उपयोग कर पाता है। इन उर्वरकों का दाम भी कम है जिस कारण खेती में लागत भी कम होता है। कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी, नागेन्द्र प्रसाद, महावीर उरांव, तेतरी उरांव सहित कुल 150 किसानों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सचिव ने सिविल सर्जनों के साथ की बैठक, कहा

# अस्पतालों में कर्मियों की कमी शीघ्र दूर करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में सभी सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षकों के साथ सदर अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन व्यवस्था पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की। प्रोजेक्ट भवन में शुक्रवार को हुई समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी को अस्पताल प्रबंधन के लिए मार्गदर्शिका के अनुसार कार्यवाही का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि वे जल्द अस्पताल में कर्मियों की कमी को दूर करें। उन्होंने सभी को सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सभी प्रकार के जरूरी उपकरण और मशीनों का आंकलन उपलब्ध कराने को कहा। सचिव ने कहा कि इसके लिए यदि पैसे की जरूरत होगी तो विभाग से मांगा जायेगा। उन्होंने पिछले छह माह के अंदर किए गए नए प्रयोग, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत किए कार्य और क्लेम, आने वाले तीन माह में शुरू की जानेवाली प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की।

#### अति विशेषज्ञों का तैयार करें पैनल

समीक्षा के दौरान सभी सिविल सर्जन को अति विशेषज्ञों का पैनल इस माह के अंत तक तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। राज्य योजना अंतर्गत मशीन लगाने की मौजूदा स्थिति और शुरू किए गए ऑपरेशन की भी समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने सभी सदर अस्पतालों में ओटी को आधुनिकतम ओटी में परिवर्तित करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रखरखाव एवं संचालन योजना के अंतर्गत किये गये कार्यों की भी इस दौरान समीक्षा की गई एवं निर्देशित किया गया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उप केन्द्रों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई निश्चित रूप से की जाये। कार्य का फोटोग्राफ विभाग उपलब्ध कराया जाये। अपर मुख्य सचिव ने मेंटरिंग योजना के तहत जिले से संबंध मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सीनियर रेजिडेंट को टीम से संबंध स्थापित कर विभिन्न प्रकार के क्लीनिकल प्रोसीजर प्रारंभ किए जाने के भी निर्देश दिए। मौके पर सिंह ने जिले के एंबुलेंस व्यवस्था का भी आंकलन किया।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा की एंबुलेंस की जल्द मरम्मत हो। ताकि, मरीजों को समस्या नहीं हो। बैठक में ललित मोहन शुक्ला और विद्यानंद शर्मा पंकज के साथ अधिकारी भी मौजूद थे।

# इरफान ने अरगोड़ा सीओ से कहा - जाओ पहले सीपी सिंह के घर पर बुलडोजर चलाओ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एचईसी की खाली पड़ी जमीन पर वर्षों से रह रहे गरीबों पर शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन का बुलडोजर चला और देखते ही देखते सैकड़ों गरीब परिवार भीषण गर्मी के इस मौसम में बेघर हो गए। बेघर हुए गरीब लोग जिनमे ज्यादातर महिलाएं थी, उन्होंने जब पड़ोस में रह रहे सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास पर जाकर अपना दुखड़ा सुनाया तो मंत्री जी भावुक हो गए।

उन्होंने कहा कि एचईसी प्रबंधन और भारत सरकार वर्षों से खाली जमीन पर आशियाना बसाकर जीवन बसर कर रहे लोगों पर जुल्म करना बंद करे। उन्होंने रांची पुलिस और प्रशासन को भी हिदायत देते हुए कहा कि किसी का घर उजाड़ना आसान है लेकिन घर बसाना मुश्किल। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि माताओं-बहनों ने उन्हें सारी बात बताई है। सोमवार को इस मामले को लेकर वह बैठक करेंगे।

उन्होंने अतिक्रमण हटाओ कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहे अरगोड़ा सीओ से मीडिया के माध्यम से कहा कि जाओ पहले भाजपा के नेताओं का घर खाली करा कर आओ उसके बाद मां, बहनों का घर उजाड़ना। इस क्रम में उन्होंने एचईसी की जमीन पर चल रहे बैंक्वेट हॉल, एक भाजपा नेता के फार्म हाउस सहित भाजपा के अन्य कई नेताओं का नाम लेकर कहा कि जाओ पहले सीपी सिंह का अवैध घर तोड़ कर आओ तब गरीबों की झोपड़ियां उजाड़ना।

ज्ञात हो कि एचईसी के जमीन पर बाईपास के सामने बसी बस्ती को एचईसी और जिला प्रशासन के सहयोग से जमींदोज किए जाने के बाद वहां के बेघर इंसाफ की गुहार लगाने स्वास्थ्य मंत्री डॉ.इरफान अंसारी के घर पहुंचे थे। बेघर हुई महिलाओं का दर्द सुन इरफान अंसारी अरगोड़ा सीओ पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि सीओ साहब गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाना आसान होता है, अमीरों के घर पर चला कर दिखाओ तो जानें। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी।

मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि अगर सीओ साहब को बुलडोजर चलाने का इतना ही शौक है तो भाजपा विधायक सी पी सिंह के घर को तोड़ो, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के एचईसी की जमीन पर बने अवैध मकानों पर पहले बुलडोजर चलाए तब इन गरीबों का घर तोड़ना।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नगर भ्रमण कराया गया



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में शुक्रवार को तड़के 4:30 बजे पांच निशानची सतविंदर सिंह चूचरा,रविंदर सिंह चूचरा,हरविंदर सिंह मिढ़ा,हरप्रीत सिंह मुंजाल,राहुल दुआ और पांच प्यारों स्वर्णदीप सिंह चूचरा,अमरजीत सिंह मुंजाल,कवलजीत सिंह मिड्ढा,अमन माकन एवं रमनदीप सिंह की उपस्थिति में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने वाहेगुरु से अरदास कर नगर कीर्तन की आज्ञा मांगी तत्प>ात श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प सवारी पर विराजमान कर पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से सुबह 4:45 बजे भव्य नगर कीर्तन की शुरूआत हुई। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आयोजन मे आज रात 8:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। जिसमें सिख पंथ के विश्व विख्यात कीर्तनी जत्था भाई जसपाल सिंह दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे।

# रेलवे अफसर को सीबीआइ ने घूस लेते रांची में दबोचा




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीबीआई ने साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे के चीफ इंजीनियर और उसके पारिवारिक सदस्यों सहित चार को 32 लाख रुपये घूस लेते गिरफ़्तार किया है। गिरफ़्तार लोगों में दो व्यक्ति निजी कंपनी से संबंधित हैं। घूसखोरी के इस मामले में सीबीआई ने रांची, छत्तीसगढ़ में छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं। छापेमारी जारी है। सीबीआई को साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे में रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के ठेके में निजी कंपनी से पैसा लेकर फायदा पहुंचाए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत की जांच के बाद सीबीआई ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

मामले की जांच में पाया गया कि रेलवे में ठेकेदारी करने वाली इस कंपनी ने एमडी ने 21 अप्रैल को अपने बेटे को यह सूचना भेजी कि वह चीफ इंजीनियर के निर्देश के आलोक में वह बिलासपुर स्थित उसके दफ्तर में उससे मिलने जा रहा है। चीफ इंजीनियर के साथ मिटिंग के बाद कंपनी के एमडी ने अपने बेटे को यह सूचना भेजी की बैठक में सारी बाते तय हो गयी हैं। कंपनी के लंबित मामले को निपटाने के लिए घूस के तौर 32 लाख रुपये देने पर सहमति बनी है। निजी कंपनी के एमडी ने अपनी कंपनी के एक कर्मचारी को यह सूचना दी कि चीफ इंजीनियर द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में 32 लाख रुपये घूस की रकम रांची स्थित उसके परिवार को देना है। घूस के मुद्दे पर फैसला होने के बाद चीफ इंजीनियर ने भी रांची में अपने पारिवारिक सदस्य को यह सूचित किया कि एक व्यक्ति 32 लाख रुपये लेकर जायेगा। उससे रुपये ले लेना है। पूरी घटना पर नजर रख रही सीबीआई की टीम मे रांची में रेलवे के चीफ इंजीनियर के पारिवारिक सदस्य को 32 लाख रुपये घूस देते हुए गिरफ़्तार कर लिया। सीबीआई की ओर से जारी छापेमारी में घूस रकम सहित विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में मातृ सम्मेलन का आयोजन

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में शुक्रवार को 'पोषण पखवाड़ा' के अंतर्गत मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ. प्रभात रंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिभाविका काजल कुमारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के कक्षा पंचम के भैया-बहनों द्वारा किया गया। इस आयोजन में कक्षा एल.के.जी. से तृतीय तक के भैया-बहनों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की भूमिका पर विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए और पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने पोषण के बारे में सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जन्म से दो वर्ष बच्चों के शारीरिक तथा मस्तिष्क विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय भोजन अर्थात पारंपरिक पौष्टिक खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है।

इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के सदस्य आशीष नाथ शाहदेव ने भी अपनी उपस्थिति से सभी को प्रेरित किया। साथ ही, विद्यालय की आचार्या सुतापा सान्याल ने माताओं को बच्चों के संतुलित आहार व शारीरिक विकास में पोषण की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उप प्राचार्य मीना कुमारी, राकेश पाण्डेय, शुभश्री तिवारी, कुमारेंद्र झा, मोनी कुमारी, सुमिता, स्वाती महापात्रा, सुनील कुमार पाण्डेय एवं अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

### देसी कट्टर व बाइक के साथ युवक धराया

**पाटन पलामू।** अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु शुक्रवार को किशुनपुर से तरहसी जाने वाले मुख्य मार्ग कालापहाड़ मोड़ के पास एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान समय लगभग 08:40 बजे एक पल्सर बाइक को तेज गति से बिना हेलमेट चलाते हुए एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का संकेत देने पर वह भागने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा तत्परता से उसे रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनित कुमार, पिता सुनिल राम, ग्राम कालापहाड़, थाना पाटन, जिला पलामू बताया। तलाशी के क्रम में उसके कमर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। वैध कागजात की मांग करने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाया।

## रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने कैंडल मार्च निकाला



**रांची।** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष सैलानियों की आतंकवादियों द्वारा नृसंश हत्या के विरोध में आज रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ द्वारा आज मो. कैफी के नेतृत्व विश्वविद्यालय परिसर से मेन रोड तक कैंडल मार्च निकाला गया, जो विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर आकर सभा में बदल गया। सभा को संबोधित करते हुये झारखण्ड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नवीन चंचल ने आतंकवादियों के इस हैवानियत से ओत प्रोत कार्यवाई की घोर निदा करते हुये कहा की इसे हिन्दू मुस्लिम के नजरिये से नहीं बल्कि इसे इंसानियत और हैवानियत के नजरिये से देखना चाहिए, जिसका अंत भी उतना ही भयावह होनी चाहिए। रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री अर्जुन राम ने इसे आतंकवादियों की कायराना हरकत बताते हुये कहा कि राष्ट्र से आतंकवाद की समाप्ति के लिये किसी हद्द पार करने से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को असमंजस नहीं होना चाहिए। सभा के अंत में मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। आज के इस कार्यक्रम में इसमें मुख्य रूप से नवीन चंचल, अर्जुन राम, मो. कैफी, सुधीर मंडल, मंजेश यादव, अजय कुमार, वीरेंद्र वर्मा के अलावा विश्वविद्यालय के लगभग सभी कर्मचारी शामिल हुए।

# स्वामी विवेकानंद एलीट पब्लिक स्कूल में पोषण पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मसीहानी स्थित स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 26 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रांगण में विद्यालय के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर विद्यालय के डायरेक्टर सुनील कुमार, चेयरमैन मुकेश कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर बी एन कपूर, प्रिंसिपल चंदन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय है जो छतरपुर में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहा है। विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय है, इससे बच्चों का विकास बौद्धिक रूप के साथ- साथ सामाजिक रूप से भी होता है। प्रिंसिपल चंदन कुमार ने कहा कि विद्यालय में निरंतर 10 दिनों से पोषण पखवाड़ा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक दिन विद्यालय के बच्चों को विद्यालय के शिक्षकों एवम प्रबंधन समिति के द्वारा अपने दैनिक जीवन में सही भोजन का इस्तेमाल तथा सुरक्षित भोजन का इस्तेमाल करने को प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन सुबह की प्रार्थना में बच्चों को सही पोषण का इस्तेमाल करने के लिए निरंतर अनेक गतिविधियों के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, कंचन पांडे ,कुलदीप गोंड सहित अन्य शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में पहलगाम में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें काश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्हें नमन किया गया। इसके अलावा मृत आत्म के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्कूली बच्चों ने कैंडल जलाकर आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। वहीं बच्चों ने मोदी सरकार से इस्लामिक आतंकियों का समूल नष्ट करने का आग्रह किया गया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद पूरा देश गम व गुस्से में है। इस घटना में शामिल आतंकियों को ढूंढकर सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए। आतंकियों को कवर फायर देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नया भारत किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने की व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। मौके पर शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी, प्रमोद सिंह, मंजीत दीक्षित छात्र-छात्रा व अभिभावक मौजूद थे।

# ओरमांझी में कैंडल मार्च व मशाल जुलूस निकला

## आतंकियों ने पर्यटको की हत्या कर भारत को चोट दी है सख्त कार्रवायी करें : सुधा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** कांग्रेस जिला महासचिव सुधा देवी द्वारा शुक्रवार को गैर राजनीति पार्टी कार्यक्रम आयोजित कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू तीर्थयात्रियों की नृशंस हत्या के खिलाफ मशाल जुलूस निकाल आक्रोश जताया गया। शुक्रवार को कैंडल मार्च व मशाल जुलूस निकाल कर आंतकी व पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवायी की मांग की गई। गैर राजनीति पार्टी द्वारा निकाली गई जनआक्रोश रैली में स्वतः लोग शामिल होते गये। जिनमें महिलाएं व बच्चों की संख्या अधिक थी। कैंडल मार्च करते हुए सभी लोग चकला मोड़ से शास्त्री चैक तक पहुंचें। जहां मशाल जलाकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री व आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर, भारत सरकार से कार्रवायी की मांग कर रहे थें। वहीं वैनर पोस्टर लिए लोग पाकिस्तान व आतंकवाद मुदार्बाद व घटना में मारे गए सैलानियों अमर रहें, जैसे नारे लगा रहे थें। कांग्रेस के ग्रामीण जिला महासचिव सुधा देवी के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रर्दशन कार्यक्रम में कॉफी संख्या में महिलाएं व युवतियां भी शामिल हो आतंकी घटना के खिलाफ आक्रोश जता रहे थें। सुधा देवी, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री व आतंकियों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कहा आतंकी घटना में मारे गए लोग भारत के नागरिक थें। इस घटना से देश की 140 करोड़ जनता आक्रोशित है। कहा भारत सरकार को पाकिस्तान व आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवायी करने की जरूरत है। हमें अपने वीर सैनिकों व भारत सरकार पर पूरा भरोसा है। घटना के खिलाफ सरकार की कार्रवायी को पार्टी, धर्म व जाति से उपर सभी को समर्थन करने की जरूरत है। कहा आतंकियों ने कायराना हरकत किया है। प्रर्यटकों को खून बहाया है। एक-एक पर्यटक की हत्या का बदला भारत लेगी। यह घटना सिर्फ पर्यटक व पहलगाम की नही है। यह चोट भारत को दी गई है। इस दर्दनाक घटना से पूरा भारत के लोग मर्माहत है। आतंकियों के पनाहगार व पाकिस्तान को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं कांग्रेस एससी मार्चा के जिला अध्यक्ष शिवटहल नायक ने कहा आज के कार्यक्रम के माध्यम से मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के साथ आतंकवाद के खिलाफ सरकार की कार्यवायी के लिए समर्थन देने का कार्य किया गया है।

कार्यक्रम में विनित टोप्पो, शांति देवी, अमर कुमार, अजहर अंसारी, रंजन महतो, प्रेम सिंह, नौशाद आलम, गौतम कुमार, बुधनी देवी, शिवानी देवी, गीता देवी, माही कुमारी, निलम कुमारी, सोनिया देवी, सुमन देवी, सुनील कुमार, विजय कुमार, बंटी कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व महिलाएं शामिल थें। इसके अलावे आरटीसी इंजिनीयरिंग कालेज ओरमांझी के छात्राओं ने भी रैली निकाल कर आतंकी घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।



आतंकी घटना के खिलाफ कैडल मार्च में शामिल लोग।

## बाइक चोरी करने वाला धराया गया जेल


ओरमांझी थाना में पुलिस के कब्जे में आरोपी बाइक चोर।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के तस्मया कालोनी इरबा निवासी बाइक चोर असलम अंसारी 19 वर्ष को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि असलम अंसारी अपने कुछ साथियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बाजार व चैक चैराहे से बाइक चोरी कर कुटे निवासी एकरामुल अंसारी को देता था। एकरामुल अंसारी को भी ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। असलम अंसारी के पकड़े जाने के संबंध में ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया असलम अंसारी को जैविक उद्यान व डहु जाने वाले मार्ग से चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। बाइक में नंबर नही था। जिसे उसने बीआईटी बाजार से चोरी किया था। पुलिस ने बताया चोरी में शामिल अन्य आरोपितों को भी पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

# पहलगाम के आतंकवादी हमले में शहीद मनीष रंजन के परिजनों से मिले संजय सेठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मुरी।** शुक्रवाक को दिल्ली से रांची पहुंचने पर पहलगाम के आतंकवादी हमले में बलिदान हुए आइबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से झालदा (पश्चिम बंगाल) में उनके घर जाकर मुलाकात किया। परिवार जनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दुःख की इस घड़ी में पूरा भारत मनीष जी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवादी हमले का दुस्साहस करने वाले और परदे के पीछे की साजिश में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। नागरिकों का बलिदान हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उन आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने को भारत तैयार है। इस घटना के जिम्मेदारों पर कठोरतम कार्रवाई मोदी सरकार की दृढ़ प्रतिज्ञा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके परिवार वाले को हर संभव सहायता करने की बात कही इस दुख की घड़ी में ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो एवं पुरुलिया जिला अध्यक्ष शंकर महतो भी मौजूद रहे।



# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली



सीएचसी प्रभारी को पुरस्कृत करते सिविल सर्जन।

- भ्रमण कर लगाये गये नारे
- बचाव की दी गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सिविल सर्जन के निर्देश पर सीएचसी परिसर से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप की अगुआई में विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गयी। क्षेत्र भ्रमण कर नारे लगाये गये और ग्रामीणों को इसके बचाव की जानकारी दी गयी। श्री कश्यप ने पत्रकारों को बताया कि ओपीडी में ईलाज के लिये आये मरीजों को मलेरिया से बचने के लिये सजग रहने, समय पर इसकी जांच और निःशुल्क उपचार से अवगत कराया गया। मौके पर डॉ पुरूषोत्तम, डॉ मधुरिमा, डॉ सौम्या, अमित कुमार, प्रभात रंजन, राजीव, रंजन, संजय, संधीर, प्रवीण, विद्या सागर, अजित कुमार, स्वास्थ्य कर्मी और प्रशिक्षु आदि मौजूद थे।

### सीएचसी को मिला पुरस्कार

सदर अस्पताल में आयोजित बैठक की जानकारी देते हुये डॉ सुजीत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये सिविल सर्जन की ओर से प्रथम पुरस्कार दिया गया। उन्होंने आभार जताते हुये कहा कि यह सीएचसी के चिकित्सकों की टीम और स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत का नतीजा है। इससे लोग उत्साह से लबरेज हैं।

# पुलिस ने अवैध बालू लदा टर्बो पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** झारखंड सरकार के आदेश का सख्ती से पालन करते हुए सिल्ली पुलिस ने गुरुवार की रात गश्ती के दौरान करियाडीह से मुरहू तुन्कु होते हुए जंगल के रास्ते जरवाडीह के पास अवैध बालू लदा टर्बो को पकड़ा और थाने ले आई तत्पश्चाप खनन विभाग को सूचित करते हुए आगे की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर माफियाओं और गाड़ी मालिक के ऊपर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बताते चले कि सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड सरकार द्वारा तीन बालू घाट चोकेसोरेग, श्यामनगर और सुंडील संचालित किया गया है और तीनों घाटों से बालू चालान सहित निर्गत किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली एवं अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने संयुक्त रूप से तीनों घाटों का निरीक्षण किया तथा घाट के आसपास के ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी तीनों घाट सरकार के द्वारा विधिवत रूप से आवंटित है और चालान सहित परिवहन में सहयोग करें ताकि जिले में बालू की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। अवैध रूप से बालू के कारोबार में सम्मिलित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई क्योंकि अवैध बालू के परिवहन से सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचता है। इसके मद्देनजर दिन प्रतिदिन जिला खनन टास्क फोर्स, स्थानीय थाना तथा अंचल कार्यालय अवैध बालू परिवहन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है।



## आनंद मार्ग हाई स्कूल में आज वार्षिकोत्सव

**चान्हो।** आनंद मार्ग हाई स्कूल, आनंदशिला, चामा में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 5:30 बजे होगा। आयोजन में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक चेतना से जुड़े कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, समारोह में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन राम जी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में स्वामी देवेंद्र प्रकाश, जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर आ.चि. भवमित्रानंद अवधूत, केंद्रीय आईएसएमयूबी सचिव, एएमपीएस संबोधित करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य ने क्षेत्रवासियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, समूह गीत, नृत्य और सामाजिक संदेशों से युक्त नाट्य प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

## सोनाहातू : कैंडल मार्च निकाल कर दिया श्रद्धांजलि




**सोनाहातू।** कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमला के विरोध में व्यावसायिक संघ सोनाहातू के सदस्यों ने कैंडल मार्च निकाल पहलगाम में हुए शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि दिया। कैंडल मार्च दानाडीह बाजार, पुराना ब्लॉक, होते हुये जिला परिषद बाजार चौक पहुंचा। इसके बाद आतंकी हमला में शहीद पर्यटकों को भाव भिन्नी श्रदांजलि दी। इस दौरान संघ के सदस्यों ने आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार से हमले का बदला लेने की मांग किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष धनेश कुशवाहा, सचिव आनंद स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष पवन जयसवाल, आनंद कुमार बिट, सोहन महतो, प्रकाश चंद्र कोइरी, अक्षय महतो, सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## शिवमंडा पूजा में दहकते अंगारे पर चले भक्त

**सिकिदिरी।** ईद पाहन टोली में शुक्रवार की सुबह में फूलखूंदी व झूलन के साथ पांच दिवसीय शिव मंडा पूजा संपन्न हुआ। रात्रि जागरण में बिजांग व भुरकुंडा की छउ नृत्य टीम के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। शिव की आराधना में 55 भोक्ता व 55 सोक्ताइन शामिल हुए। सुबह में हुई फुलखूंदी में भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर चलकर अपनी शिवभक्ति का परिचय दिया। अतिथि के रूप में प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया राजेन्द्र बेदिया,पारसनाथ भोगता, उपमुखिया मनी मुंडा, भाजपा नेता नंदलाल राम, सिकंदर रजवार थे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष श्रवण कुमार मुंडा, सचिव रमण मुंडा, कोषाध्यक्ष किशोर मुंडा, चिंता साहू, रमेश पाहन, मनमोहन भोगता आदि उपस्थित थे।

## शत्रुघ्नडीह गांव में तीन दिवसीय रामचरित्र मानस पाठ राम लीला झांकी से साथ हुई समापन


रामलीला झांकी।

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के शत्रुघ्नडीह गांव में तीन दिवसीय राम चरित्र मानस पाठ का समापन शुक्रवार सुबह को किया गया। गुरुवार की रात जागरण के अवसर पर कथा वाचकों के साथ स्थानीय कलाकारों ने राम लीला की झांकी प्रस्तुत किया। राम चरित्र मानस पाठ के समापन के जागरण बेला में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणी भूषण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा,दलेल चन्द्र महतो, धीरेश प्रमाणिक, गोवर्धन सेठ, विष्णु चरण महतो, भजोहरि महतो, धनंजय महतो, नेहरू साहू, सुषेण मुंडा, राहुल मुंडा, लखीदास मुंडा, गीता देवी, जीरा वाला देवी, आदि मौजूद थे।

# वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के मदरसा चौक में 26 अप्रैल शनिवार को 10 बजे से मुत्ताहिदा ओलमा मिल्ली काउंसिल सहित अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी, इदारे शरिया से मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना तहजीबुल हसन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की, विधायक सुरेश कुमार बैठा, अजय नाथ शाहदेव, एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर सहित झारखंड इमारत ए शरिया से मुफ्ती अनवर कासमी झारखंड सादर मजलिस ए ओलमा झारखंड हज कमेटी के सदस्य साहिल अहमद कई सामाजिक संगठनों के लोग शामिल होंगे। मुत्ताहिदा मिल्ली काउंसिल के केंद्रीय सचिव रहमतुल्लाह अंसारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव किए जाने के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ताकि केंद्र सरकार अपनी मनमानी और बहुमत के दम पर असंवैधानिक तरीके से कानून में बदलाव किया है इसको वापस ले। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 न सिर्फ धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। यह सत्ता और नौकरशाही की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार और एक मूल वैचारिक हमला है जो स्थापित न्यायिक सिद्धांतों को कुचलता है।




## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**इटकी।** सर्वधर्म सद्भावना समिति और पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को इटकी बाजार स्थित जेपी चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के हमले में मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई। मौके पर सभा को संबंधित करते हुए पेंशनर समाज के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि देश की तरक्की के लिए आतंकवाद का खात्मा होना जरूरी है, जो हर भारतीय की इच्छा है।

## मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में शुक्रवार को शिव उपासना का पूजा मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार की रात्रि भोक्ताओं ने लोटनसेवा, धुंआसी आदि अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद पंडित बासुदेव गोस्वामी के मंत्रों के बीच 125 भोक्ताओं ने हर हर महादेव के जयघोषों के बीच दहकते अंगारों में चलकर फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समिति द्वारा आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने किया। जिसका लुत्फ दर्शकों ने पूरी रात उठाया। शुक्रवार को भोक्ताओं को झूलन कराया गया। झूलन के दौरान पवित्र पुष्प पाने की होड़ महिलाओं में देखी गई। मंडा पूजा के सफल आयोजन में अजय साहु, शिबु पाहन,कौशल साहु, हरि साहु, संदीप साहु, रामेश्वर महतो,रमेश साहु, विश्वनाथ मुंडा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ हेसल के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के ग्राम हेसल में शुक्रवार को जुम्मा की नमाज के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ हेसल और आसपास के अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। जुम्मे की नमाज के बाद पूरे हेसल और आस पास के गांव के लोगों ने सड़कों पर उतरे, हाथों में काले बिल्ले लगाकर वक्फ कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्होंने अपनी नाराजगी जताई। इस विरोध प्रदर्शन में गांव के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर वक्फ एक्ट को काला कानून बताया गया और इसे वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हेसल जामा मस्जिद से लेकर रिंग रोड होते गांव में ही अपने गन्तव्य स्थान तक रैली निकाली। और एकजुटता का संदेश दिया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने वक्फ संशोधन एक्ट 2025 को मुसलमानों के लिए एक काला कानून बताया और कहा कि यह कानून समुदाय के धार्मिक और सामाजिक अधिकारों को प्रभावित करता है। लोगों को बताया गया कि इस कानून के लागू होने से मुसलमानों को किस प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहेगा। कार्यक्रम में गांव के सभी लोगों ने एकजुटता दिखाई और केंद्र सरकार से जल्द से जल्द इस कानून को रद्द करने की मांग की।

सभी ने इस आंदोलन को पूरी तरह शांतिपूर्ण रखने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि यह लड़ाई इंसाफ के लिए है, जो संविधान के दायरे में रहकर लड़ी जाएगी। कार्यक्रम में मौके पर समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, मौलाना अबुल कलाम के साथ कमेटी के सदर साबिर हसन, अमेरूल अंसारी, महमूद अंसारी, मिन्हाज आलम, जबारूल अंसारी, अबास अंसारी, रेजाक अंसारी, शामू अंसारी, शकील अंसारी, हाफिज अंसारी, सूफियान अंसारी, सिद्दिक्क अंसारी इदरिस अंसारी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एंव पुरुषों के साथ अन्य लोग शामिल थे।





## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### सूचना

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज में निर्मित विवाह मण्डप को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज विवाह मण्डप | 2236 sqft | 134500 | 33700 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 09/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियो के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :-
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम-5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाक वक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम डाक वक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोबस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाक बंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. यदि एक वर्ष के बाद एकरारनामा बढ़ाया जाता है तो 10% से 20% किराया में वृद्धि किया जायगा।
9. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 351097 District(25-26).D



## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 01 (एक) अदद दूकान को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए **दिनांक 15/05/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :-

शर्त :-
1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/- (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जाँच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि बसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 351105 District(25-26).D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ....................................../ दिनांक ............................... /

### निविदा आमंत्रण सूचना सं0 04/2025-26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 13.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 14.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 14.05.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :-

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 200MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 6,39,252.00 | 1250.00 | 13000.00 | 2 Month |
| 2 | Renovation of 200 MT Godown at Jainagar Block at Dist-Koderma | 8,63,765.00 | 1250.00 | 18000.00 | 2 Month |
| 3 | Renovation of 500MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 24,69,125.00 | 5000.00 | 50000.00 | 4 Month |
| 4 | Renovation of 500MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 19,31,691.00 | 5000.00 | 39000.00 | 3 Month |
| 5 | Renovation of 1000MT Godown in Chandwara Block at Dist-Koderma | 16,24,717.00 | 5000.00 | 33000.00 | 3 Month |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown-1 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 15,79,586.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 7 | Renovation of 1000MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 15,45,494.00 | 5000.00 | 31000.00 | 3 Month |
| 8 | Renovation of 1000MT Godown in Markacho Block at Dist-Koderma | 17,52,520.00 | 5000.00 | 36000.00 | 3 Month |
| 9 | Renovation of 1000MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 16,71,116.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 10 | Renovation of 1000MT Godown-2 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 16,61,711.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 11 | Renovation of 200MT Godown in Koderma Block at Dist-Koderma | 19,29,418.00 | 5000.00 | 39000.00 | 4 Month |
| 12 | Construction of Boundary wall with Concertina Coil Fencing over boundary for Krishi Vigyan Kendra Koderma at Jainagar Block Koderma Dist | 45,00,000.00 | 5000.00 | 90000.00 | 6 Month |
| 13 | Renovation of Labour Welfare Centre Jhumri Telaiya at Koderma | 24,43,987.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |
| 14 | Construction of PCC Approach Road from Main Gate to Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 15,85,359.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 15 | Laying of Cement Concrete Interlocking paver block near in front of Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 24,70,200.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |
| 16 | Construction of 200 feet Boundary wall Raising of Existing Boundary wall and Repair and Painting of Old Existing Boundary wall of Labour Office Koderma | 22,14,900.00 | 5000.00 | 45000.00 | 4 Month |
| 17 | Renovation of Labour Superintendent Office Building & Construction of Flag Hosting Platform at Koderma Dist | 24,34,188.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |

निविदा की शर्ते को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.351021 Building(25-26):D

## पीएम का दो टूक...

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में पीएम मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इजहार करते नजर आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 'पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' दी जाएगी।' उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।'

मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह जरूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुदार्बाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है या कम से कम किसे समझा जा रहा है।

निश्चित तौर पर देश इंतजार कर रहा है कि किस प्रकार की सैन्य कार्रवाई होगी? मोदी सरकार पर दबाव है कि वह कठोर कार्रवाई करें कोई दूसरा विकल्प की बात देश नहीं कर रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता रद्द किया जाना भारत के हित में है

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता (ﬂ॓ ॲॅॏीिल्ल३) हुआ था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाली, युद्धबंदियों की रिहाई और आपसी विवादों को शांतिपूर्वक हल करना था। परंतु 21वीं सदी के पहले दो दशकों में पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा उल्लंघन, आतंकवाद को समर्थन और कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयासों ने शिमला समझौते की आत्मा को गंभीर रूप से आहत किया है। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा इस समझौते को औपचारिक रूप से 'निरस्त' करना एक प्रतीकात्मक घटना है, परंतु इसके निहितार्थ भारत के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस आलेख में हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे कि पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को रद्द किया जाना भारत के लिए कैसे लाभकारी है, इसके दीर्घकालिक रणनीतिक प्रभाव क्या हो सकते हैं।

**शिमला समझौताः संक्षिप्त पृष्ठभूमि**

1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात भारत ने पाकिस्तान के 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बनाया था। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान, स्वतंत्र राष्ट्र ह्यबांग्लादेशह्ण बना। इन परिस्थितियों में शांति बहाली के उद्देश्य से तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला में समझौता हुआ। इसके प्रमुख बिंदु थेःभारत और पाकिस्तान अपने मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे। युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी की जाएगी। दोनों देश एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। नियंत्रण रेखा को दोनों पक्ष सम्मान देंगे।

लेकिन उक्त समझौते का पाकिस्तान की ओर से निरन्तर उल्लंघन की घटनाएं हुई तथा शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान ने कभी इस समझौते की आत्मा का पालन नहीं किया। पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौता उल्लंघन की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार थी -

1. कारगिल युद्ध (1999)पाकिस्तानी सेना ने भारतीय नियंत्रण वाले कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर ली, जबकि शिमला समझौते के अनुसार, नियंत्रण रेखा का सम्मान अनिवार्य था।

2. सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन2003 में संघर्ष विराम समझौता हुआ, परंतु 2010 से 2020 के बीच पाकिस्तान ने औसतन प्रति वर्ष 1500 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया (गृह मंत्रालय के आंकड़े)।

3. आतंकवाद को समर्थनपाकिस्तान



आधारित आतंकी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद आदि ने भारत में कई आतंकी हमले किएः

साल 2001 में संसद पर हमला, 2008 मुंबई हमले (166 मृतक), 2016 पठानकोट हमला, 2019 पुलवामा हमला (40 उफ्छ्रक्र जवान शहीद) ये घटनाएं शिमला समझौते की ₹शांति एवं आपसी सम्मान₹ की भावना के विरुद्ध थीं।


वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को अप्रासंगिक और निष्प्रभावी बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य पुनर्गठन ने यथास्थिति को बदल दिया है।

एक रणनीतिक अवसर है। अब प्रश्न यह है कि पाकिस्तान का यह कदम भारत के हित में कैसे है? तो इस सम्बन्ध में निम्नानुसार तर्क दिए जा सकते हैं।

पहला यह कि भारत अब द्विपक्षीयता की बाध्यता से मुक्त हो गया है क्योंकि शिमला समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान विवादों का समाधान केवल द्विपक्षीय तरीके से करना था। अब भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए स्वतंत्र है और विशेषकर आतंकवाद जैसे विषयों पर व्यापक वैश्विक समर्थन प्राप्त कर सकता है।

दूसरा यह कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता को इस कदम से क्षति पहुंची है क्योंकि शिमला समझौता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप था और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता मानी जाती है। पाकिस्तान द्वारा इसे रद्द करना उसकी अस्थिर और गैर-जिम्मेदार छवि को और मजबूत करता है। इससे भारत को विश्व स्तर पर कूटनीतिक लाभ मिलेगा।

> वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को ₹अप्रासंगिक और निष्प्रभावी₹ बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई।



**- डा विश्वास चौहान**

तीसरा, भारत को अब कूटनीतिक आक्रमकता का अवसर मिल गया है क्योंकि पाकिस्तान द्वारा यह समझौता रद्द करने से भारत अब अपने पक्ष को अन्य देशों के सामने खुलकर रख सकता है, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा लगातार प्रायोजित आतंकवाद और सीमा उल्लंघनों पर। जी 20, यूएनओऔर कॉमनवेल्थ जैसे मंचों पर भारत इस मुद्दे को मजबूती से उठा सकता है जो पहले इस समझौते से बंधा होने से नहीं उठा पाता था।

चौथा यह कि अब एलओसी की स्थिति और रक्षा नीति को सुदृढ़ किया जा सकेगा क्योंकि अब भारत को नियंत्रण रेखा की ह्ययथास्थितिह्ण बनाए रखने की बाध्यता नहीं है। इससे सामरिक रूप से पाकिस्तान की ओर अधिक सक्रिय रक्षा नीति अपनाने की संभावनाएं बनती हैं- जैसे सर्जिकल स्ट्राइक (2016) और एयर स्ट्राइक (2019) जैसे उपायों को वैधानिक रूप से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

भविष्य की रणनीतिक दिशाः भारत को अब क्या करना चाहिए?

1. नई सुरक्षा नीति का निर्माणभारत को एक अद्यतन सीमा नीति बनानी चाहिए जो केवल रक्षात्मक नहीं, अपितु सक्रिय प्रतिकार पर आधारित हो।

2. राजनयिक स्तर पर आक्रामकताभारत को पाकिस्तान की यह असंगत स्थिति वैश्विक मंचों पर उजागर करनी चाहिए कि वह शांति समझौतों को स्वीकारने और बनाए रखने में विफल राष्ट्र है।

3. आतंकवाद विरोधी वैश्विक गठजोड़ में नेतृत्वभारत, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल और अन्य आतंकवाद-विरोधी राष्ट्रों के साथ गठजोड़ को और मजबूत कर सकता है।

4. अब भारत, पाकिस्तान की नापाक गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और वठ में अधिक मजबूती से उठा सकता है।

कुल मिलाकर इस समझौते को पाकिस्तान द्वारा रद्द करने से भारत की सामाजिक और आंतरिक नीति पर सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। वहीं, कश्मीर में सुदृढ़ शासन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी क्योंकि अब भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ह्यराजनीतिक घुसपैठह्ण की बात को पूरी तरह नकार सकता है। यह जम्मू-कश्मीर के एकीकरण को और सशक्त करेगा।

भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान के साथ किसी विवाद के कारण होने वाली अनिश्चितता को भारत एकतरफा तरीके से नियंत्रित कर सकता है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। शिमला समझौता, ऐतिहासिक रूप से भारत की नैतिक और राजनयिक विजय थी लेकिन इसका पालन केवल भारत ने किया। पाकिस्तान ने हमेशा इसकी आत्मा का उल्लंघन किया। अतः उसका इसे रद्द करना प्रतीकात्मक मात्र है - परंतु इससे भारत को अपनी विदेश नीति, रक्षा नीति और आंतरिक स्थिरता को सुदृढ़ करने का एक अवसर मिल गया है। अब भारत द्विपक्षीय समझौतों की मयार्दा से बंधा नहीं है और अपनी सामरिक शक्ति और कूटनीतिक कौशल का प्रयोग स्वतंत्र रूप से कर सकता है। पाकिस्तान की यह हरकत, दूरगामी दृष्टि से भारत के हित में सिद्ध होती है - न केवल वर्तमान सामरिक सन्दर्भ में बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण से भी।

(लेखक, अंतरराष्ट्रीय विधि, स्टेट लॉ कॉलेज भोपाल में प्राध्यापक हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### दावों की सच्चाई

**पहलगाम** के बैसरन में सैलानियों पर आतंकी हमला दिल दहलाने वाला है, जो केंद्र सरकार के शांति के दावों की सच्चाई उजागर करता है। हर हमले के बाद बयानबाजी होती है, पर हालात जस के तस रहते हैं। धर्म पूछकर हत्या करना देश के सौहार्द को तोड़ने की साजिश है। जनता को संयम रखना चाहिए, लेकिन सरकार को अब सख़्त कदम उठाकर आतंकियों की कमर तोड़नी होगी, वरना न आमजन सुरक्षित रहेगा, न हमारे जवानों की कुबार्नी थमेगी।

**-हेमा हरि, हजारीबाग**

### कठोर कार्रवाई हो

कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया। यह सवाल उठता है कि जब जम्मू-कश्मीर आतंकवाद के साये में है, तो सुरक्षा में लापरवाही क्यों? पाकिस्तान समर्थित कट्टरपंथियों की मानसिकता भारत विरोधी रही है, लेकिन भारत को आतंरिक सुरक्षा मजबूत करें। **– रवि सिन्हा रांची**

## X ट्वीट

**प्रसिद्ध** वैज्ञानिक एवं पूर्व इसरो प्रमुख पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करे। ॐ शांति।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष, प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान हेतु उनको सदैव याद किया जाएगा।

**-अर्जुन मुंडा पूर्व मंत्री**

## पहलगाम : अब भारत की पारी शुरू

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है।

यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्ण बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है।

पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी

### सामयिक

सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है।

बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है।

लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा।

## रंगीन धुएं में भी छुपा जानलेवा जहर

### हेल्थ

### युवाओं में वेपिंग की लत

युवा वर्ग में वेपिंग की लत तेजी से बढ़ रही है जो धूम्रपान से भी खतरनाक है जिससे देश में हर साल 13 लाख लोगों की जान जाती है। इसे युवा फैशन और सुरक्षित मानकर पीते हैं। जिसके सेहत पर असर, भ्रांतियों और समाधानों के बारे जागरूकता जरूरी है। इसी विषय पर पीजीआई चंडीगढ़ के हेल्थ मैनेजमेंट, कम्युनिटी मेडिसिन और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रो. डॉ. सोनू गोयल से विवेक शर्मा की बातचीत।

आजकल सोशल मीडिया ट्रेंड्स, स्मार्ट दिखने की चाहत और सिगरेट से सुरक्षित विकल्प के भ्रम के चलते, युवा वर्ग तेजी से वेपिंग (ई-सिगरेट) की चपेट में आ रहा है। चमकदार डिवाइसेज, फल, चॉकलेट, पुदीना और मिठाइयों जैसे आकर्षक फ्लेवर, और इंस्टाग्राम रील्स पर धुएं के रिंग्सह्ण बनाने का ट्रेंड, इन सभी ने ऐसा भ्रम फैलाया है, जिसके तहत युवा अनजाने में अपनी सेहत के साथ समझौता कर रहे हैं। लेकिन क्या वाकई वेपिंग पारंपरिक सिगरेट से कम हानिकारक है? सच्चाई यह है कि वेपिंग कई मामलों में सिगरेट से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है।

टीनेजर्स और युवा वर्ग में वेपिंग की लत तेजी से बढ़ रही है, और इस एडिक्शन का शिकार सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी हो रहे हैं। साल 2023 में किए गए एक सर्वे के अनुसार, 14 से 25 वर्ष के बीच लगभग 3.9 फीसदी युवा वेपिंग की लत में फंस चुके हैं, हालांकि 2019 में इसे लेकर सख्त कानून बनाए गए थे। डॉ. गोयल ने बताया कि कई बार छात्र सार्वजनिक रूप से स्मोकिंग करते हैं, लेकिन किसी को इसका पता नहीं चलता। क्योंकि कंपनियां ऐसी ई-सिगरेट बनाती हैं जो पैन जैसी होती हैं, जोकि काफी खतरनाक हैं। ई-सिगरेटों को बनाते और बेचते हुए पहली बार पकड़े जाने पर एक वर्ष तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुमार्ने की सजा मिल सकती है।

**धूम्रपान के आंकड़े और वेपिंग के खतरनाक प्रभाव**

डॉ. सोनू गोयल के अनुसार, भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के करीब 267 मिलियन लोग किसी न किसी रूप में धूम्रपान करते हैं। हर साल तंबाकू और धूम्रपान के कारण 13 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा देते हैं, और ये आंकड़े सिर्फ पारंपरिक सिगरेट के हैं। वेपिंग के खतरे इसके अलावा हैं, जो अब तेजी से सामने आ रहे हैं।

### वेपिंग क्या है?

वेपिंग एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (जैसे ई-सिगरेट, वेप पेन या पॉड) के जरिए निकोटीन, प्रोपलीन ग्लाइकोल, ग्लिसरीन और फ्लेवरिंग एजेंट्स जैसे रसायनों को गर्म कर उन्हें भाप (वेपर्स) में बदलने की प्रक्रिया है। इन वेपर्स को सांस के साथ अंदर लिया जाता है।

हालांकि इसमें तंबाकू का पत्ता सीधे इस्तेमाल नहीं होता, लेकिन इसका मुख्य नशा देने वाला तत्व निकोटीन ही होता है, जो न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है।

वेपिंग को लेकर भ्रांतियां और सच

**भ्रांति 1 : वेपिंग सुरक्षित है क्योंकि इसमें तंबाकू नहीं होता।**

सच्चाई : वेपिंग लिक्विड में निकोटीन के अलावा डाइसेटाइल, फॉर्मलडिहाइड और हैवी मेटल्स होते हैं, जो फेफड़ों और हृदय के लिए खतरनाक हैं।

**भ्रांति 2 : वेपिंग से सिगरेट छोड़ना आसान होता है।**

सच्चाई : कई शोध बताते हैं कि ई-सिगरेट की लत अक्सर पारंपरिक सिगरेट के साथ मिलकर डुअल यूज की आदत बनाती है, जिससे लत और गहराती है।

**भ्रांति 3 : फ्लेवरिंग एजेंट सुरक्षित होते हैं।**

सच्चाई : फ्लेवर्ड वेप में इस्तेमाल होने वाले कुछ एजेंट, जैसे डाइसेटाइल,ह्यपॉपकॉर्न लंग डिजीजह्ण जैसे गंभीर रोग का कारण बन सकते हैं।

**इसरो के पूर्व अध्यक्ष, प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक, पद्म विभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी का निधन, राष्ट्र की अपूरणीय क्षति।**



### कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा शिव मंदिर में भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सार्वजनिक शिव मंदिर की 26वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर गुरुवार को भव्य भंडारा और 24 घंटे से चल रहे अखंड कीर्तन का विधिवत पूणार्हुति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हवन, पूजन, आरती और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए गए।भंडारे की शुरूआत भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी और समाजसेवी पप्पू सिंह द्वारा भगवान को भोग अर्पित कर की गई। मंदिर के संस्थापक जितेंद्र सिन्हा और समाजसेवी पप्पू सिंह ने परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में मंदिर के संस्थापक जितेंद्र सिन्हा के साथ शशि भूषण सिंह, रॉबिन मुखर्जी, पप्पू सिंह, राहुल आनंद, संदीप, मनोज कुमार सिन्हा, आदित्य सिंह, आर्यन सिंह, रोहित कुमार, हर्षित वर्मा, सौरव सिंह, धीरज कुमार, निरंजन विश्वकर्मा, मनोज मिस्त्री आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### तोपा के कई आवासों में चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा में चोरों ने एक ही रात में कई लोगों के आवास में घुसकर चोरी की । तोपा निवासी महेश प्रजापति भतीजे के शादी में गांव गए थे। जब सुबह आए तो देखा की क्वार्टर का कुंडी टूटा हुआ है। साथ ही क्वार्टर से पंखा, बर्तन, मिक्सर एवं कीमती आभूषण गायब है। वहीं डटमा निवासी ओम प्रकाश राम तोपा में स्थित क्वार्टर से इनवर्टर, मिक्सी ग्राइंडर, सोने का कान का झुमका, कई आभूषण एवं घरेलू सामान सहित नगदी 2200 रुपया की चोरी कर ली। इधर बी क्वार्टर में पार्वती देवी अपने गांव गयी थी। वापस आने पर देखा घर का ताला तोड़ा हुआ है, साथ ही सारे सामान बिखरे पड़े हुए हैं। जिसमें से कई आभूषण कान की बाली, पायल, सोने का लॉकेट, मोबाइल सहित नगद 12 हजार की चोरी हुई ।

### आतंकियों पर हो कार्रवाई : सद्भावना मंच

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा में शुक्रवार को सद्भावना मंच की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तीव्र निंदा की गई। इस हमले में निर्दोष लोगों की जान गई, जिनमें पर्यटक भी शामिल हैं, जो अत्यंत दु:खद और निंदनीय है। मंच के सदस्यों ने कहा कि यह एक पूरी तरह से अमानवीय और बर्बर कृत्य है, जिसकी किसी भी सूरत में कोई माफी नहीं हो सकती। मंच ने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि दोषियों को शीघ्र न्याय के कटघरे में लाया जाए और उन्हें सख्त सजा दी जाए। बैठक के उपरांत संध्या 7 बजे रिवर साइड भुरकुंडा में एक शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन भी किया गया। विरोध-प्रदर्शन में नसीम अख्तर, डॉ. एसजे अख्तर, डॉ. शकील अहमद, डॉ. क्यू अली, हबीबुल्लाह, मोहम्मद शैफुद्दीन, शमील, रफीक, इकबाल, हारून, नौशाद, शाहिद, जेशान, सुफियां, इबरार आलम, जमालुद्दीन, सदरूद्दीन, खुर्शीद आलम, अफरोज आलम, रूसतम अली, इरफान, साकिब, अख्तर इमाम सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### ए ला एंग्लाइज में लगा हेल्थ कैंप

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन जिंदल फाउंडेशन की पहल किशोरी एक्सप्रेस टीम द्वारा किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किशोरियों में एनीमिया की पहचान करना, जागरूकता बढ़ाना और पोषण संबंधी सलाह देना था। यह अभियान जिंदल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नवीन जिंदल की पत्नी एवं समाजसेविका शालू जिंदल के मार्गदर्शन में संचालित एक स्वप्निल परियोजना है। शिविर में छात्राओं की हीमोग्लोबिन की जांच, वजन और ऊंचाई मापने के साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। किशोरी एक्सप्रेस टीम में सुरेंद्र कुमार (खून जांचकर्ता), कुमारी गीता (काउंसलर) एवं फुलेश्वर महतो (चालक) ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एनीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा आयरन युक्त संतुलित आहार के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने किशोरी एक्सप्रेस टीम का स्वागत करते हुए जिंदल फाउंडेशन का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि यह शिविर ह्यएनीमिया मुक्त भारतह्व के लक्ष्य की दिशा में एक सशक्त और प्रभावशाली कदम साबित होगा। शिविर में जरूरतमंद छात्राओं को आयरन की गोलियां, सेनेटरी पैड, पोषण खाद्य सामग्री के साथ-साथ एनीमिया विनर और चैंपियन बैच वितरित किए गए।

### श्रमिक संघ की कमेटी का पुनर्गठन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ सयाल ब्रांच कमेटी की बैठक शुक्रवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता शंकर सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा के साथ एरिया सचिव संजय मिश्रा, एरिया अध्यक्ष इंद्रदेव राम एवं केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर भी शामिल हुए। इस दौरान सयाल ब्रांच कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कई नए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पुनर्गठित कमेटी में शंकर सिंह को अध्यक्ष, विनोद कुमार को सचिव, लोकेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, बलराज फुलड़िया एवं चंद्रदेव सिंह को उपाध्यक्ष, विवेकानंद ठाकुर, शंभू यादव, अंजन कुमार एवं दिना भुंइया को सह-सचिव, सुदेश्वर दुसाध को संगठन मंत्री, अशोक कुमार को सह-संगठन मंत्री, शंभूनाथ को कोषाध्यक्ष एवं महेंद्र चौहान को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लाल मोहन महली, बंधु बाबू, अनिल सिंह खरवार, अशोक कुमार, राजेंद्र, आलम, इंद्रदयाल यादव, संगीता कुमारी, मुन्ना कुमार, राज किशोर बेदिया एवं रामचंद्र पासवान को शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ कोल इंडिया में तेजी से विस्तार कर रहा है और इसके साथ ही यूनियन की जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्होंने बरका-सयाल क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा कि सयाल, बिरसा और उरीमारी क्षेत्र के पावर हाउस एवं रोड सेल में लोडिंग चार्ज के नाम पर सेल संचालन समिति और प्रबंधन द्वारा करोड़ों रुपये की उगाही की जा रही है।

# सड़कों पर आवारा पशु बढ़ा रहे हादसे का खतरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** क्या आप हजारीबाग की सड़कों पर सुरक्षित हैं? शहर की पहचान कभी हरे-भरे जंगलों और शांत वातावरण से होती थी, लेकिन अब वही शहर एक अदृश्य और अनियंत्रित खतरे की चपेट में है। न सड़कों पर चलना सुरक्षित है, न ही बाजार जाना क्योंकि अब यहां हर मोड़ पर जानलेवा आवारा खतरे घात लगाए बैठे हैं। शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक, सब्जी मंडी, इन दिनों किसी फार्महाउस से कम नहीं लगती। फर्क बस इतना है कि यहां इंसान कम और गाय-बैल ज्यादा नजर आते हैं। भूख से बेहाल ये आवारा पशु खुलेआम सब्जी और फल के ठेलों पर टूट पड़ते हैं। कई बार इन्हीं की धक्कामुक्की में महिलाएं और बच्चे जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो चुके हैं। ताजा मामला दो दिन पहले का है जब एक वृद्ध महिला को अचानक पीछे से आए सांढ़ ने टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। लेकिन यह खतरा सिर्फ सींगों तक सीमित नहीं है। हजारीबाग की सड़कों पर आवारा कुत्तों की फौज खौफ का दूसरा चेहरा बन जाती है। मोहल्लों में अकेले लौटते लोगों पर ये झुंड बनाकर हमला करते हैं। बीते एक महीने में 15 से ज्यादा लोगों के काटे जाने की पुष्टि हो चुकी है। आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय प्रशासन की आंखें अभी भी बंद हैं। न कोई ठोस योजना, न कोई कार्रवाई। जनता हर दिन डर के साए में जी रही है और जिम्मेदार अधिकारी महज औपचारिक बैठकों में व्यस्त हैं। सवाल ये है कि क्या हजारीबाग की सड़कों पर अब इंसानों का नहीं, पशुओं का राज है? शहर को एक बार फिर सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी है कि प्रशासन जागे, सख्त कदम उठाए और इस बेलगाम खतरे को रोके, वरना अगला शिकार कोई भी हो सकता है शायद हम या आप।

# घाटी में ओवर स्पीड पर रोक लगायें : उपायुक्त

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी और एसपी ने दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली।

उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगाई गई साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त के द्वारा घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले मददगारों को सम्मानित करने एवं का निर्देश दिया ताकि लोगों में जागरूकता पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जीवन को बचा सके। वहीं उन्होंने हिट एंड रन से संबंधित योजना की लाभ प्रक्रिया को बताते हुए बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा बैठक के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपेंद्रनाथ मालाकार को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव।** बड़कागांव के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्रनाथ मालाकार की आठवीं पुण्यतिथि का आयोजन एसएस चौरसिया रेसीडेंसी में श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार उग्रसेन गिरी ने की, जबकि संचालन सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय मालाकार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और एक मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित पत्रकारों और गणमान्य लोगों ने उनके साहसी और निष्पक्ष पत्रकारिता के योगदान को याद किया। सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने कहा कि उपेंद्रनाथ मालाकार एक निर्भीक और निडर पत्रकार थे, जो क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को बिना किसी डर के उजागर करते थे। कार्यक्रम में शिव शंकर कुमार, दीपक सिन्हा, पिंटू कुशवाहा, अमित मालाकार, विकास रंजन समेत कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### रामगढ़ के कई वार्डों में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने युवतियों को दिया लहंगा



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया लहंगा को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों के गरीब परिवार के बीच वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि ने रिंकू कुमारी, किरण कुमारी , श्रुति कुमारी, नंदनी कुमारी , पुष्पा कुमारी आदि के बीच लहंगा का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, विनोद प्रसाद, रोहन लाल, विनोद कुशवाहा, नारायण यादव, अर्जुन कुशवाहा, नारायण महतो, सावित्री देवी, महेंद्र कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

### आतंकियों पर जल्द हो कार्रवाई : प्रजापति



**कुजू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं पर हुए हमले पर भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने गहरा दुःख व्यक्त करते आक्रोश जताया है। जगेश्वर प्रजापति ने इस्लामिक आतंकी द्वारा निर्दोष 28 हिंदू पर्यटकों का हुए मौत मामले को पूरी तरह से अमानवीय और निंदनीय बताया हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस हमले से अत्यंत दुखी और क्षुब्ध हूँ। मेरी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकी हमले का जल्द से जल्द जवाब देने की मांग की है।

## हजारीबाग में निर्माणाधीन जेल का गृह सचिव ने किया निरीक्षण



हजारीबाग। झारखंड का पहला हजारीबाग में बन रहे हाई सिक्योरिटी जेल का निरीक्षण शुक्रवार को गृह सचिव वंदना दादेल ने किया। इस अवसर पर कारा महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गृह सचिव ने जेल परिसर का विस्तृत दौरा कर निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से तकनीकी पहलुओं पर जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह जेल 18.20 एकड़ क्षेत्र में बनाया जा रहा है, जिसमें 280 कैदियों के रखने की व्यवस्था होगी। यह विशेष रूप से हार्डकोर उग्रवादियों और खतरनाक अपराधियों के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों से निगरानी की व्यवस्था रहेगी। कैदियों के सेल में बिजली का पॉइंट नहीं होगा, जिससे सुरक्षा में कोई चूक न हो। जेल परिसर में सेल, अस्पताल, आवासीय भवन, पाकशाला, ड्रेनेज, वर्षा जल संचयन, अग्निशमन प्रणाली, वॉच टावर सहित कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना पर 87.65 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# बरही में शिक्षकों ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**खबर मन्त्र संवाददता**



**बरही।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बरही इकाई ने कड़ा प्रतिकार जताया। राज्य कार्यकारिणी के निर्देश पर संघ के सभी सदस्यों ने काला बिल्ला लगाकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार ने इस घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि यह कायरतापूर्ण हमला पूरे देश को मर्माहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध अब कड़ी और निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए। इस विरोध में अयोध्या कुम्हार, पीताम्बर प्रसाद, पूनम कुमारी, कृष्ण कुमार मिश्रा, भिखु दास, विकास पासवान, एहसान अहमद, अजय निषाद, शशि भूषण, मिथिलेश प्रसाद, राजेंद्र आर्य समेत तमाम शिक्षक शामिल रहे। वहीं प्रखंड सचिव मथुरा प्रसाद के नेतृत्व में उच्च विद्यालय बरही में भी शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर तुलसी कुमार दास, अरुण कुमार, रामचंद्र यादव, सुनीता कुमारी, नीतू सिंह, उपेंद्र रजक, अभिमन्यु यादव, लालू उरांव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

२५ है पी ६ः विरोध दर्ज करते शिक्षक पहलगाम में आतंकी हमले

### एकल विद्यालय आचार्यों ने निकाला आक्रोश मार्च

एकल ग्राम संगठन की ओर से बरही में अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश मार्च का शुभारंभ न्यू रेलवे कॉलोनी स्थित अंचल कार्यालय से हुआ। सैंकड़ों की संख्या में आचार्य एवं एकल ग्राम संगठन से जुड़े सेवा व्रती कार्यकर्ता, समिति सदस्य जुलुश के शक्ल में बरही के चारों मार्गो का भ्रमण करते हुए बरही चौक के गोलंबर में जमा हुए। श्रद्धांजलि सभा हुई। 28 मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद पांडेय, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, एकल अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति , एकल बरही संच अध्यक्ष बिनोद पासवान मुख्य रूप से शामिल होकर आतंकी घटना की निंदा की। मौके पर एकल अभियान प्रमुख बिनोद कुमार, अंचल ब्यास अजय यादव ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए बौद्धिक की प्रस्तुति दी। आक्रोश मार्च ी शीला देवी, पदमा सरिता देवी, बरकट्ठा प्रकाश पंडित, चौपारण नंदकेसरी देवी, अभिषेक कुमार, अजय यादव, मोहित पाठक, नरेश पासवान, संच बरही आचार्य का नाम अनीता देवी ,कौशल्या देवी , राखी कुमारी , गायत्री देवी , रानी देवी , पुष्पा देवी , मालती देवी , सविता देवी , क्रांति कुमारी व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्र संघ के अध्यक्ष बने रवि कुमार



हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को सत्र 2024-26 के लिए छात्र संघ का चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए रवि कुमार मेहता और आशीष भारती के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रवि ने 40 वोट प्राप्त कर 10 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर सुराका अख्तर ने 45 वोट के साथ सुदामा को 20 मतों से हराया।सचिव पद के लिए सचिन कुमार ने 50 वोट पाकर भविष्य कुमार को 30 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर आजम हुसैन ने 48 वोट प्राप्त कर मीनाक्षी कुमारी को 26 मतों से पराजित किया। रूप राजश्री ने सांस्कृतिक मंत्री पद पर 55 वोट के साथ अंजलि कुमारी को 40 वोट के अंतर से हराया। पुस्तकालय मंत्री के लिए आशीष कुमार ने 42 वोट लेकर राखी कुमारी को 14 मतों से हराया। प्राचार्या डॉ. बसुंधरा कुमारी ने विजयी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में एनएसएस को-ऑर्डिनेटर एसएस. मैती, अंजलि और स्नेहलता खलखो उपस्थित थे।

### हजारीबाग में आज बाजार रहेगा बंद : चेंबर



**हजारीबाग।** अग्रसेन भवन के सभागार में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैठक हुई, बैठक में निर्णय लिया गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 सैलानियों की नृशंस हत्या के विरोध में शनिवार को हजारीबाग में बाजार पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बंद को सभी व्यापारिक वर्गों ने अपना समर्थन दिया है, जिनमें खाद्यान्न, हार्डवेयर, स्टेशनरी, कपड़ा, मोबाइल, जूता-चप्पल, होटल, किताब व अन्य व्यवसाय शामिल हैं। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी इस बैठक में उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा की। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि यह बंद आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है। बैठक में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में नीरज अग्रवाल, तारीख राजा, साजिद अख्तर, हंसराज अग्रवाल, विजय लोहारिया, राकेश ठाकुर, प्रदीप अग्रवाल, मोहम्मद शहजाद व मोहम्मद जमाल सहित अन्य व्यापारी शामिल थे।

### टाटीझरिया में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक



**टाटीझरिया।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को टाटीझरिया प्रखड सभागार में बैठक हुई। बैठक की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन और पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में बीडीओ, सीओ, प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया, जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग के कोषाध्यक्ष रंजय कुमार भारती और प्रखंड कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। मुख्य वक्ता के रूप में सड़क सुरक्षा हिट एंड रन अभियान के जिला स्तरीय सदस्य व जिला ग्रामीण विकास समिति, रांची के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यातायात नियम अपनायें, सुरक्षित पंचायत बनायें।उन्होंने बताया कि टाटीझरिया प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में 27 व 28 अप्रैल को सुबह 10:30 से शाम 5:00 बजे तक सड़क सुरक्षा पर आधारित विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी और इच्छुक लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस भी न्यूनतम खर्च में बनवाया जाएगा।

### पूर्व विधायक ने आस्था को किया सम्मानित

बरही। जरहिया निवासी शिवशरण गोप की पुत्री आस्था शरण को यूपीएससी में ऑल इंडिया में 354 वां रैंक मिलने पर बरही विधानसभा के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने शुक्रवार को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राजकुमार ने न केवल बरही, हजारीबाग का बल्कि पूरे राज्य का नाम रौशन किया आस्था की इस सफलता से यह सिद्ध कर दिखाया कि मेहनत कभी बेकार नही जाता। वे एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। इस सफलता से बरही एवं चौपारण के मेहनतकश छात्र छात्राओं को प्रेरित करेगी। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरीफुल हक एवं अरुण यादव समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

### कोनार जंगल में महिला-पुरुष का शव बरामद

**विष्णुगढ़।** कोनार डैम जंगल में एक महिला और एक पुरुष का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान विजय कुमार महतो (35 वर्ष), पिता मोहन महतो, और तिली कुमारी, पति मुकेश कुमार महतो, दोनों निवासी ग्राम जरिडीह बाजार, थाना गांधीनगर, जिला बोकारो के रूप में की गई है। इस मामले में मृतका तिली कुमारी की मां पनवा देवी, पति भीम महतो, ग्राम कुसुंभा, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग ने विष्णुगढ़ थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी बेटी के पति मुकेश कुमार महतो और अन्य के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है।

### मईया योजना के लिए ब्लॉक में जमा होगा आवेदन

हजारीबाग। मईया सम्मान योजना के आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। इच्छुक योग्य महिलाएं अब सीधे बीडीओ व सीओ के कार्यालय जाकर ही आवेदन कर सकेंगी। यह योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने ?2500 की वित्तीय सहायता उनके आधार से जुड़े बैंक खाते में दी जाती है। पात्रता के अनुसार, लाभार्थी महिला झारखंड की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो। वह या उसके पति किसी भी सरकारी या अर्ध-सरकारी सेवा में कार्यरत या पेंशनधारी नहीं होने चाहिए। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो और स्व-घोषणा पत्र शामिल हैं।

### प्राधिकार ने ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी

**बरही।** बरही प्रखंड के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चीफ डिफेंस काउंसिल मुरली राणा और पीएलवी विकास पांडे ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पारा लीगल वॉलिंटियर्स भी उपस्थित थे।विकाश कुमार पांडेय ने डीएलएसए की प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए कहा कि डीएलएसए की सहायता से कोई भी व्यक्ति जो गरीब वंचित हैं वो आसानी से न्याय पा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन और मध्यस्थता प्रक्रिया के लिए भी वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता ले सकते हैं। चीफ एलएडीसी ने कानून की विभिन्न धाराओं और कानूनी अधिकारों से ग्रामीणों को अवगत कराया। कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार नि:शूल्क कानूनी सुविधा जरुरतमंदों को प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर टौल फ्री नंबर 15100 को इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। बरही के बाद करियातपुर और कोल्हुआकला पंचायत में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# कार्यक्षेत्र का चुनाव सजगता के साथ

प्रशांत झा

**कैरियर** का चुनाव बड़ी चुनौती बन गया है। वजह है शिक्षा कार्यक्षेत्र के मामले में ढेरों विकल्पों की मौजूदगी। ऐसे में सजग रहकर कैरियर का चुनाव करना चाहिये। हालांकि कैरियर की प्लानिंग अब पत्थर की लकीर नहीं बल्कि कुछ समय बाद प्रोफेशन बदल भी सकते हैं। अगर आज से 15-20 पूर्व तक कैरियर चुनाव कोई बहुत बड़ी परेशानी का सबब नहीं होते थे क्योंकि कैरियर विकल्प बहुत सीमित थे। अतः कम विकल्पों के चलते जो उपलब्ध है उसी में से चुनाव करना होता था। परंतु आज जब कैरियर विकल्प असीमित हो चुके हैं उतना ही कैरियर चुनाव भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। नई शिक्षा नीति और प्रतिष्ठित आईआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश हेतु सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन जैसी शर्तों में ढील के बाद तो यह कार्य और चुनौतीपूर्ण हो चुका है। हर क्षेत्र में एक से बढ़ कर एक विकल्प उपलब्ध हैं। अतः कैरियर चुनाव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक बन चुका है। कैरियर परामर्शदाताओं की सेवाएं भी उपलब्ध हैं। फिर भी, कई छात्र कैरियर विकल्पों की भीड़ और सही निर्णय लेने के दबाव के बीच खुद को असमंजस में पाते हैं। आज के तेजी से बदलते दौर में कैरियर योजना अब सिर्फ एक स्थायी पेशा चुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कौशल निर्माण, अनुकूलता और अपनी रुचियों एवं मूल्यों के साथ सामंजस्य बिठाने के बारे में है।

## रुचियों का विश्लेषण

किसी भी कैरियर चुनाव से पूर्व स्वयं का विवरणात्मक विश्लेषण बेहद जरूरी है। अपने गुणों, कमजोरियों, रुचियों और व्यक्तित्व की सही पहचान और आकलन करें। क्या आप विश्लेषणात्मक हैं या रचनात्मक? क्या आपको लोगों की मदद करना पसंद है या समस्याएं सुलझाना? एप्टीट्यूड टेस्ट, पर्सनैलिटी असेसमेंट और कैरियर क्विज जैसे टूल्स आपको उपयुक्त



कैरियर विकल्पों की दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं। ज्यादा उलझन हो तो कैरियर परामर्शदाता की भी मदद ली जा सकती है।

## विभिन्न कैरियर विकल्पों को जानें

जब आप अपने गुणों, कमजोरियों, रुचियों और व्यक्तित्व की सही पहचान और आकलन कर लें, तो विभिन्न कैरियर क्षेत्रों के बारे में जानना शुरू करें। कैरियर संबंधी लेख पढ़ें, प्रोफेशनल्स से बात करें, वेबिनार में भाग लें और इंटर्नशिप या वालंटियर वर्क करें। जानें कि किस कैरियर के लिए क्या योग्यताएं चाहिए, उसमें आगे बढ़ने के अवसर क्या हैं, और अनुमानित फीस कितनी है, कोर्स के बाद किन क्षेत्रों में भविष्य है, वेतन या आय कितनी हो सकती है। उदाहरण के लिए, यदि आपको तकनीक में रुचि है, तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी या ऐप डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों की खोज करें। मेडिकल, ह्यूमैनिटीज या वाणिज्य क्षेत्रों का अध्ययन करें।

## हर संभव मार्गदर्शन लें

अपने अध्यापकों, कैरियर परामर्शदाताओं, पूर्व वरिष्ठ छात्रों या परिवारजनों से इस संदर्भ में बात करना उपयोगी हो सकता है। परंतु ध्यान रखें कि मार्गदर्शन और क्षेत्र चुनाव आपकी रुचियों और लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए, न कि दूसरों की रुचियों और सपनों के दबाव में। पेशेवर काउंसलर आपके गुणों और अभिरुचियों को सही कैरियर से जोड़ने में मदद कर सकते हैं।

## पसंद और प्रैक्टिकल का संतुलन

अपने शौक और रुचियों के प्रति एक जुनून और जुझारूपन एक सीमा तक अच्छा है, लेकिन उसके साथ व्यावहारिकता का गुण विकसित करना भी जरूरी है। रुचि के साथ-साथ नौकरी की स्थिरता, आर्थिक स्थिति और जीवन-संतुलन को भी ध्यान में रखें। एक सफल कैरियर वहीं होता है जहां आपकी रुचि, आपकी योग्यता और समाज की जरूरतें मिलती हैं। इसके साथ ही मानसिक संतुष्टि भी मिलना आवश्यक है।

## परिवर्तन के लिए तैयार रहें

बहुत सावधानी और सतर्कता के बावजूद , कई लोग ऐसे कैरियर का चुनाव कर बैठते हैं कि कुछ समय बाद स्वयं को ही अनुभव होने लगता है कि मेरा चुनाव ठीक नहीं हुआ। वजह कुछ भी हो सकती है जैसे भविष्य में सीमित संभावनाएं या रुचि के अनुरूप न होना आदि। ऐसे में हौसला न छोड़ें। ऐसे सफल लोगों की कमी नहीं है जिन्होंने अपने कैरियर कई बार बदले, तब जाकर वे सफलता का स्वाद चख सके। पर सीखते रहना ही सफलता की कुंजी है। आप ऑनलाइन कोर्स, सर्टिफिकेशन और वर्कशॉप्स के जरिए समय के साथ खुद को अपडेट रख सकते हैं। नई शिक्षा नीति के तहत एक साथ दो पाठ्यक्रम करने के विकल्प खोल दिए गए हैं। एक नियमित पाठ्यक्रम और दूसरा दूरस्थ शिक्षा या ओपन यूनिवर्सिटी के द्वारा पूरे किए जा सकते हैं। इससे दो कैरियर विकल्प एक साथ उपलब्ध हो सकते हैं।

कैरियर की योजना में परिवर्तन संभव है, यह एक बार में लिया जाने वाला निर्णय नहीं है।

# सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय का निबंध प्रतियोगिता



शुक्रवार को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। में गणित के साथ सांख्यिकी की पढ़ाई की जा रही है।

विभाग अपने स्थापना का 75 वां साल मना रहा है। इस अवसर

# संत जेवियर कॉलेज रांची में विभाग के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता

संत जेवियर कॉलेज रांची में आयोजित इस प्रतियोगिता में गणित विभाग के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस सबंध में विभाग के क्षेत्रिय कार्यालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉ विनीत पर हर युवा को 75 पेड़ लगाने क ी प्रेरणा दी जा रही है। यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के बीच भी विभाग जा रहा है और सांख्यिकी की उपयोगिता और इसकी शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा



कुमार ने बताया कि विभाग सांख्यिकी में युवाओं की रूचि पैदाकरने के उदेश्य से विभाग के 75 साल पूरे होने पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में यह निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इस वर्ष और कई प्रतियोगिता जैसे दौड, वाद विवाद, साइकिल रेस सहित विविध प्रतियोगिता पर फोकस किया जाएगा जो उपयोगी हों। यह पूछे जाने पर कि झारखंड राज्य के युवाओं में सांख्यिकी विषय को लेकर रूचि कम है उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है सभी कॉलेज और विवि रही है। सांख्यिकी विभाग एक ऐसा विभाग है जिससे सभी कुछ निर्भर करता है।

संत जेवियर कॉलेज रांची में आयोजित निबंध प्रतियोगिता का विषय था टू इंक्रिज अवयरनेस एआउट ऑफिसियल स्टैटिक्स। इसमें 50 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। इन युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के हेड सहित सहयोगीकर्मी भी उपस्थित थे और सहयोग भी किया।



# वेव्स: वैश्विक प्रभाव हेतु युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन और भारत के मीडिया एवं मनोरंजन स्टार्टअप को गति देना



किरण मजूमदार शॉ

बायोकॉन समूह की अध्यक्ष

वैश्विक व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है।

भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है।

विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनईजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दशार्ती है।

भारत सरकार के विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वे०?स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रूपए से 2027 तक 3,067 बिलियन रूपए तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआई और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं।

पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वे०?स-ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किए गए बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।

### रचनात्मक केन्द्र

म्यूज़ियम ऑफ आर्ट एंड फोटोग्राफी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं।

अपने जनसांख्यिकीय लाभ, तकनीकी क्षमताओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के शानदार सामंजस्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा भारत रचनात्मकता का एक समृद्ध केंद्र है। भारत में यह समायोजन सिर्फ. दार्शनिक नहीं है अपितु व्यावहारिक भी है, उद्योगों को आकार दे रहा है और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

सदियों से चली आ रही कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में उभरने के मामले में बेहद शानदार स्थिति में है। शास्त्रीय नृत्य से लेकर सिनेमा तक और कॉमिक्स से लेकर इमर्सिव तकनीक तक, हम एक रोमांचक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां रचनात्मकता अत्याधुनिक नवाचार के साथ जुड़ती है। भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करेंह्व की अवधारणा इस महत्वाकांक्षा को पूरी तरह से दशार्ती है। रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी



वे०?स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है।

वेव्स बाजार के लिए 4500 से ज्यादा विक्रेता और 5,900 से ज्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आएगी।

## वेव्स पारंपरिक मीडिया से आगे जाते हुए नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

एरुकैनाविस टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियाँ एआई-संचालित विज्ञापनों में अग्रणी हैं, जबकि अमेज स्टूडियो और ऑफलाइन ह्यूमन स्टूडियो एनिमेशन और वीआर के माध्यम से कहानी कहने को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

इनस्केप एक्?सआर और विजन इम्पैक्ट जैसे एड-टेक उद्यम इमर्सिव मीडिया के साथ इस क्षेत्र के शिक्षण कौशल को नया रूप दे रहे हैं। साथ में, ये स्टार्टअप भारत के रचनात्मक इकोस्स्टम की विशाल क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को उजागर करते हैं।

## भविष्य के लिए एक अवधारणा

भारत को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता की चिरस्थायी विरासत के तौर पर जाना जाता है।

यह रचनात्मक ऊर्जा हमारे युवाओं में सबसे जीवंत अभिव्यक्ति रखती है और यही आज के निमार्ता और कल के दूरदर्शी भी हैं। फिल्म, संगीत, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया में, युवा भारतीय निमार्ता सीमाओं को नया आकार दे रहे हैं और शैलियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

इस क्षमता को पोषित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता वे०?स जैसी पहलों के लिए इसके समर्थन में स्पष्ट है, जिसे मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक गतिशील, अभिनव और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

आज, वेव्स के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं, बल्कि हम कहानी कहने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में भी निवेश कर रहे हैं जो भविष्य को परिभाषित करेगी। चाहे बायोटेक लैब हो या डिजिटल स्टूडियो, रचनात्मकता वह भाव है जो भविष्य में उद्योगों और पहचानों को एक नया आकार देगी।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग का उत्सव मात्र नहीं है; यह अगली पीढ़ी के रचनाकारों और उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड भी है जो मनोरंजन, शिक्षा और संस्कृति के उपयोग के तरीके को परिवर्तित करने के लिए तैयार हैं।

वेव्स के सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में, मुझे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस पहल का प्रभाव स्टूडियो और बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाएगा और यह हर कहानी, हर स्टार्टअप और हर उस नवाचार में गुंजन उत्पन्न करेगा जो परंपरा को चुनौती देता है।

वैश्विक रचनात्मक क्रांति का नेतृत्व करने के लिए भारत तैयार है। आइए हम ह्यभारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करेंह्व और दुनिया को अपनी कल्पना की असीम शक्ति दिखाएं।

# उभरता हुआ आकर्षक पेशा फैशन एंड एक्सेसरीज मैनेजमेंट

अन्नू अंबालिका

जो युवा फैशन की दुनिया में मैनेजमेंट, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और ट्रेंड को समझने व काम करने के चाहवान हैं उनके लिए फैशन एंड एक्सेसरीज मैनेजमेंट के क्षेत्र में भविष्य उज्ज्वल है। इसमें कपड़े, बैग, बेल्ट, ज्वैलरी, फुटवियर, घड़ी आदि की डिजाइन, ब्रांडिंग और सेलिंग शामिल होती हैं।

फैशन एंड एक्सेसरीज मैनेजमेंट एक तेजी से उभरता हुआ न सिर्फ ग्लैमरस कैरियर है बल्कि इसके भविष्य में ग्रोथ की मजबूत संभावनाएं हैं। यह कैरियर खासकर उन युवाओं के लिए बेहतरीन है, जो फैशन की दुनिया में मैनेजमेंट, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और ट्रेंड को समझने व काम करने का जुनून रखते हैं। इस कैरियर में कपड़ों के अलावा बैग, बेल्ट, ज्वैलरी, फुटवियर, घड़ी आदि फैशन एक्सेसरीज की डिजाइन, ब्रांडिंग और सेलिंग जैसी गतिविधियां शामिल होती हैं।

एक्सेसरीज की समानांतर दुनिया

दरअसल, आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां एक्सेसरीज की समानांतर दुनिया न खड़ी हो गई हो। चाहे वह क्षेत्र फैशन का हो या ओटोमोबाइल्स का, कम्युनिकेशन का हो या फिर मनोरंजन का। हर क्षेत्र में आज उसकी मूल दुनिया के समानांतर उसे और ज्यादा चमक-दमक से परिपूर्ण बनाने वाली दुनिया खड़ी हो गई है, जिसे एक्सेसरीज की दुनिया कहते हैं।

## बड़े कारोबार में ज्यादा रोजगार

एक्सेसरीज का जलवा आज हर तरफ दिख रहा है चाहे वह बैग, बेल्ट, ज्वैलरी, फुटवियर, घड़ी आदि में से कुछ भी हो। ऐसे में यह कहने की जरूरत नहीं है कि एक्सेसरीज का भारी-भरकम कारोबार रोजगार का एक मजबूत क्षेत्र बनकर उभर रहा है। पेश है इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए विभिन्न स्टेप्स।

## शैक्षणिक योग्यता

फैशन एंड एक्सेसरीज मैनेजमेंट की दुनिया में इनसे



संबंधित जॉब प्राप्त करने के लिए कुछ शैक्षणिक योग्यताएं जरूरी हैं। जैसे-

## 12वीं के बाद के अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम

बारहवीं के बाद बी. डिजाइन यानी बैचलर ऑफ डिजाइन (फैशन कम्युनिकेशन/फैशन मैनेजमेंट/एक्सेसरीज डिजाइन), बीबीए इन फैशन मैनेजमेंट, बीएससी इन फैशन टेक्नोलॉजी जैसे अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

ग्रेजुएशन के बाद के कोर्स

ग्रेजुएट डिग्री या इसके समकक्ष मान्यता वाले पाठ्यक्रम पास करने के बाद एमबीए/पीजीडीएम इन. फैशन मैनजमेंट, एम डिजाइन इन फैशन एंड लाइफस्टाइल एक्सेसरीज, एमए इन फैशन रिटेल मैनेजमेंट में प्रवेश ले सकते हैं।

## नौकरी के विकल्प

इन पाठ्यक्रमों को करने के बाद आसानी से नौकरी पायी जा सकती है। फैशन एडवाइजर, रिटेल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, विजुअल मचेर्डाइजर्स, स्टोर मैनेजर, स्टोर डायरेक्टर, रिटेल हेड, ब्रांड हेड या फैशन स्टाइलिस्ट- ये सब इन्हीं पाठ्यक्रमों से पैदा होने वाले प्रोफेशनल्स हैं। हालांकि इस कोर्स के बिना भी इस क्षेत्र में नौकरी पायी जा सकती है, मगर तब कम से कम 5 साल का काम का अनुभव मांगा जायेगा। इसके बाद भी वह वेतन मिलने की संभावना नहीं रहेगी, जो वेतन डिग्री लेने या डिप्लोमा करने के बाद लगने वाली नौकरी में मिलता है।

टॉप शैक्षणिक इंस्टीट्यूट्स

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, प्रमुख कोर्स-बी डिजाइन, मास्टर ऑफ फैशन मैनेजमेंट। पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन डिजाइन, प्रमुख कोर्स- यूजी एंड पीजी इन फैशन एंड लाइफस्टाइल बिजनेस। फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, प्रमुख कोर्स- बी. डिजाइन, एमबीए इन रिटेल इन फैशन मर्चेंडाइज। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन , प्रमुख कोर्स- एक्सेसरीज डिजाइन एंड ब्रांड मैनेजमेंट। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, प्रमुख कोर्स- फैशन कम्युनिकेशन एंड मैनजमेंट।

## जॉब प्रोफाइल

फैशन ब्रांड मैनेजर, मर्चेंडाइज प्लानर, फैशन बायर, प्रोडक्ट मैनेजर व प्रोफेशनल्स, रिटेल मैनेजर/विजुअल मर्चेंडाइजर।

## इन कंपनियों में है मांग

जारा इंडीटेक्स ग्रुप, एच एंड एम, नाइक/एडिडास, माइकल कोर्स/फॉसिल, गुकी/लुईस विटन/चैनल

, क्लेरेज/एसेसरॉइज। वहीं भारत के प्रमुख एक्सेसरीज ब्रांड्स -तनिष्क (टाइटन), फैब इंडिया, रेमंड/पार्क ऐवेन्यू, बीआईबीए/डब्ल्यू/ग्लोबल देसी में भी फैशन एंड एक्सेसरीज मैनेजमेंट संबंधी जॉब मिल सकता है।

वेतन

फ्रेशर्स को 25000 से 45000 रुपये प्रतिमाह मिल सकते हैं। वहीं 2 से 5 साल का अनुभव होने पर 6 से 10 लाख रुपये सालाना वेतन मिल सकता है। जबकि इंटरनेशनल ब्रांड्स या एमएनसीज में 15 लाख सालाना से शुरूआत हो सकती है।

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार भारत सरकार का एक मंत्रालय

### राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय एक महानिदेशक की अध्यक्षता में अखिल भारतीय आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण के संचालन के लिए जिम्मेदार है। मुख्य रूप से विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विषयों, एनुअल सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज (एएसआई), आदि पर देशव्यापी घरेलू सर्वेक्षणों के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाता है। इन सर्वेक्षणों के अलावा, एनएसएसओ ग्रामीण और शहरी कीमतों पर डेटा एकत्र करता है और फसल आंकड़ों के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। क्षेत्र की निगरानी और राज्य एजेंसियों के फसल आकलन सर्वेक्षण के माध्यम से। यह शहरी क्षेत्रों में नमूना सर्वेक्षण में उपयोग के लिए शहरी क्षेत्र इकाइयों का एक ढांचा भी रखता है।

## इसके चार विभाग हैं:

**सर्वेक्षण डिजाइन और अनुसंधान प्रभाग (एसडीआरडी):** कोलकाता में स्थित यह प्रभाग, सर्वेक्षणों की तकनीकी योजना, अवधारणाओं और परिभाषाओं के निरूपण, नमूना डिजाइन, जांच अनुसूचियों के डिजाइन, सारणीयन योजना की रूपरेखा, विश्लेषण और सर्वेक्षण परिणामों की प्रस्तुति के लिए जिम्मेदार है। ।

**फील्ड ऑपरेशंस डिवीजन** : डिवीजन, जिसका मुख्यालय दिल्ली / फरीदाबाद में है और छह क्षेत्रीय कार्यालयों, 49 क्षेत्रीय कार्यालयों और 118 उप-क्षेत्रीय कार्यालयों का एक नेटवर्क है, जो सर्वेक्षणों के प्राथमिक आंकड़ों के संग्रह के लिए जिम्मेदार है। एनएसएसओ द्वारा किया गया।

**डेटा प्रोसेसिंग डिवीजन** : डिवीजन, कोलकाता में अपने मुख्यालय और विभिन्न स्थानों पर 6 अन्य डेटा प्रोसेसिंग केंद्रों के साथ, सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा के नमूना चयन, सॉफ्टवेयर विकास, प्रसंस्करण, सत्यापन और सारणीकरण के लिए जिम्मेदार है।

**समन्वय और प्रकाशन प्रभाग :** नई दिल्ली में स्थित यह प्रभाग, ठरड के विभिन्न प्रभागों की सभी गतिविधियों का समन्वय करता है। यह एनएसएसओ की द्वि-वार्षिक पत्रिका भी निकालता है, जिसका शीर्षक सर्वक्षण है, और एनएसएसओ द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के परिणामों पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करता है।

स्पीड न्यूज

## पहलगाम हमले में मारे गये निर्दोषों को जम्बू अखाड़ा ने श्रद्धांजलि दी



**जमशेदपुर।** भालूबासा जम्बू अखाड़ा के तत्वाधान में एक श्रद्धांजलि सभा एवं विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस हृदयविदारक घटना के विरोध में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, एवं संगठन के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जम्बू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह ने की, जिन्होंने कहा कि आतंकवाद किसी भी समाज के लिए अभिशाप है और इसका डटकर विरोध करना आज की आवश्यकता है। हम अपने निर्दोष भाइयों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने का संकल्प लें। जम्बू अखाड़ा समिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करती है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस सुरक्षा उपाय किए जाएं। आतंकवाद का जन्मदाता पाकिस्तान है, इसके लिए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में विरोध प्रकट करते हुए सभी लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद एवं भारत माता की जय का नारा लगाया और साथ ही साथ पाकिस्तान के झंडे को भी जलाकर आक्रोश प्रकट किया। अखाड़ा समिति के सदस्यों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरुण कुमार, लाइसेंसी रणबीर मंडल, काकुली मुखर्जी, आरती मुखी, रितिका श्रीवास्तव,रंजीता रय, दुर्गा बोपोई, देवाशीष झा,जंग बहादुर सिंह, विश्वजीत चक्रवर्ती, गौतम धर, रवि विश्वनाथ,दिनेश राव, अशोक कुमार, अभिजीत घोष, केशव राव, ललन रजक, आकाश प्रसाद, पप्पू कुमार, क्रांति मोहंती, कमलेश ओझा,राहुल बेसरा, संजीव नामता, रमन मेहरा एवं अन्य अखाड़ा समिति के सदस्य, बस्ती वासी उपस्थित हुए।

## पानी पाइप चोरी करने वाले दो युवकों गिरफ्तार

जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एम0जी0एम0 थाना क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट का पाइप चोरी कर रहे 02 अपराधियों को 90 अद्द पाइप कीमत करीब 6 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## गम्हरिया : एलपीटी वाहन पे ड़ से टकरा कर दो हिस्से में टूट गया



**गम्हरिया।** कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग पर रायपुर के समीप शुक्रवार अहले सुबह करीब साढ़े चार बजे एक एलपीटी वाहन संख्या सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्ती की एलपीटी वाहन दो भागों में बंट गया और पेड़ टूट कर ट्रक पर गिर पड़ा। हालांकि इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि चालक हजारीबाग से वाहन लेकरहाट गम्हरिया लोडिंग के लिए जा रहा था। इसी दौरान झपकी आ जाने से वाहन पेड़ से टकरा गई जिससे यह हादसा हो गया।

## भूमिज विद्रोह के नायक शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती मनायी

**जमशेदपुर।** नीमडीह प्रखंड के बांधडीह गांव में भूमिज विद्रोह के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद गंगा नारायण सिंह जी के जयंती का कार्यक्रम करके लौटने के क्रम में नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे के नेतृत्व में डॉ प्रदीप वर्मा को संस्थान में सम्मानित किया गया।

# सरयू राय ने पेयजल, कचरा निष्पादन, सीवरेज ट्रीटमेंट जैसे मुद्दों पर नगर विकास मंत्री से की विस्तृत चर्चा

## मानगो पेयजल परियोजना का हस्तांतरण 15 दिनों में नगर विकास विभाग को हो जायेगा

### बालीगुमा क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में मंत्री ने अभियंता प्रमुख से की बात

खबर मन्त्र ब्यूरो



नगर विकास मं त्री सुदिव्य कुमार से मिलते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) में जनसुविधाओं की स्थिति बेहतर बनाने के मकसद से सुबह नगर विकास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ उनके निवास पर लंबी वार्ता की। सरयू राय ने उनके सामने मानगो नगर निमग क्षेत्र में पेयजल और कचरा निष्पादन की समस्या तथा जेएनएसी क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर और डीएम लाइब्रेरी के उद्घाटन के साथ-साथ रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सीवरेज ट्रीटमेंट तथा सिटी-रिवर एलायंस परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से अपनी बातें रखीं। मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के बारे में दूरभाष पर निर्देश दिया और कहा कि इस विषय में एक बार फिर हम लोग लंबी बैठक करेंगे। सरयू राय और सुदिव्य कुमार की बैठक में यह निर्णय हुआ कि मानगो पेयजल परियोजना का हस्तांतरण 15 दिनों के भीतर पेयजल स्वच्छता विभाग से नगर विकास विभाग को हो जाएगा। यह भी तय हुआ कि परियोजना के संचालन में आ रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा ताकि सभी इलाकों में पर्याप्त जलापूर्ति की जा सके। मंत्री ने मानगो पेजयल परियोजना के बालीगुमा क्षेत्र की पानी टंकी को संचालित करने के बारे में भी पेयजल स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख से बात की और कहा कि कार्यपालक अभियंता स्तर पर आ रही कठिनाईयों का निस्तारण शीघ्र करें ताकि बालीगुमा क्षेत्र में भी पेयजल की व्यवस्था हो सके। राय ने बताया कि एक महत्वपूर्ण निर्णय यह हुआ कि मानगो क्षेत्र में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के लिए डोबो स्थित सतनाला डैम के पानी का उपयोग किया जाए। इसके लिए नगर विकास विभाग के मंत्री जल संसाधन विभाग तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्रियों से बात करके आवश्यक परियोजना क्रियान्वित कराने हेतु पहल करेंगे। मानगो नगर निगम क्षेत्र में निगम का कार्यालय, एक टाउनहल एवं विवाह भवन बनाने तथा अंतरराज्यीय बस स्टैंड की समस्या का भी समाधान शीघ्र किया जाएगा। मंत्री कुमार इस बात पर राजी हुए कि मानगो की पतली गलियों तक जाने के लिए छोटे आकार के जेसीबी एवं कचरा उठाव वाहनों की खरीद की जाएगी ताकि घर-घर से कचरा का उठाव किया जा सके। राय के अनुसार, उन्होंने मंत्री के समक्ष लंबे समय से तैयार कदमा स्थित कन्वेंशन सेंटर और साकची स्थित डीएम लाइब्रेरी की शुरुआत कराने के संबंध में कहा। उन्हें बताया कि विगत 5 वर्षों में इन दोनों ही संस्थानों का ढांचा कमजोर हो गया है। इसके लिए विशेष अनुदान देकर सरकार इसे चालू कराए। इस पर मंत्री कुमार सहमत हुए और कहा कि इस बारे में वह सीधे कार्रवाई करेंगे। जमशेदपुर में कमांड कंट्रोल कम्युनिकेशन सेंटर (स्काडा) की स्थापना यातायात नियंत्रण के लिए तथा चौक-चौराहों पर वाहनों की चेकिंग से छुटकारा दिलाने के राय के प्रस्ताव पर भी उन्होंने सहमति जताई। जेएनएसी क्षेत्र में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट तथा नाला आधारित शहरी विकास कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने तथा नदी में गिरने के पहले नाला के प्रदूषित पानी को साफ करने, इस संबंध मंन केंद्र सरकार के रिवर सिटी एलायंस कार्यक्रम के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने की योजना बनाने पर भी मंत्री ने सहमति जताई। सरयू राय ने मंत्री सुदिव्य कुमार के समक्ष जेएनएसी की आंतरिक वित्तीय संसाधन जुटाने की क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश देने की बात रखी। उन्होंने मालिकाना हक की समस्या की दिशा में एक कदम के रुप में बस्तियों में बने घरों पर होल्डिंग नंबर देने तथा होल्डिंग टैक्स वसूलने की प्रक्रिया आरंभ करने का सुझाव दिया और कहा कि टाटा स्टील लिमिटेड के जितने भी छोटे-बड़े भवन हैं, उन पर भी होल्डिंग नंबर देने और कंपनी से होल्डिंग टैक्स वसूलने से जेएनएसी की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यदि सरकार यह कदम नहीं उठाना चाहती है तो इसके समरुप विशेष वित्तीय अनुदान जेएनएसी को उपलब्ध कराए ताकि बस्तियों एवं अन्य नागरिक इलाकों में सड़क, नाला-नाली एवं सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। राय ने मंत्री से जेएनएसी एवं मानगो नगर निगम क्षेत्र में जानवर सर्वेक्षण कराने का प्रस्ताव भी रखा ताकि जो भी व्यक्ति पशुओं को अपने घरों में रखते हैं, उसकी पूरी जानकारी सरकार को रहे।

### बाइक सवार दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम

# नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म, बनाया वीडियो

- 16 अप्रैल रात की घटना
- पुलिस कर रही छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** राजधानी से सटे रातू थाना क्षेत्र स्थित डंडई हेहल के रास्ते से 16 अप्रैल की रात करीब 11 बजे नाबालिग छात्रा को मोटर साइकिल सवार युवकों की ओर से अपहरण कर जामुनटोली स्थित एक वीरान पड़े एस्बेस्टस मकान में मारपीट कर रेप किया और वीडियो बनाये जाने की बात सामने आयी है। मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने रातू थाने में दो आरोपियों के खिलाफ पोस्को एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोपित फरार बताये जा रहे हैं। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। सदर अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच करायी जायेगी। सीडब्लूसी और संबंधित कोर्ट में उसका बयान भी रिकार्ड कराया जायेगा।

**कैसे घटी घटना**

छात्रा अपनी भाभी संग रात के 8 बजे शादी समारोह में आयी थी। खाना खाकर उसकी भाभी चली गयी। पीड़िता नाच-गान में व्यस्त रहने के बाद अकेले घर जाने लगी। इस दौरान जामुनटोली निवासी चंपा उरांव का पुत्र सागर उरांव व रवि उरांव का पुत्र दीपक उरांव उसे जबरन बाइक में बैठाकर गांव के किनारे वीरान पड़े एस्बेस्टस मकान में ले गये। मारपीट और धमका कर सागर ने रेप किया। वहीं, दीपक की ओर से उसका अश्लील वीडियो बनाकर किसी को बताने पर वायरल कर देने की धमकी दी गयी।

**छह घंटे बनी हवस का शिकार**

आरोपी सागर उरांव ने छह घंटे तक 12 साल की छात्रा को हवस का शिकार बनाया और रवि उसका वीडियो बनाता रहा। बाथरूम जाने के बहाने पीड़िता सुबह 4 बजे भाग कर घर पहुंची और परिजनों को कुछ बताये बगैर सो गयी। अगली सुबह से वह गुमसुम रहने लगी। परिवार की महिलाओं ने उससे पूछताछ की। 23 को उसने घटना की जानकारी दी।

## ग्रामीण पहाड़ चढ़ जंगल में लगी आग बुझाई



आरा-केरम के जंगल की आग बुझाने वाले ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के आरा-केरम के ग्रामीणों ने जुगाड़ु तकनिक से जंगल में लगी आगे को बुझा दिया गया। मुखिया रमेश बेदिया व वन संरक्षण समिति के साथ लगभग 20-25 लोग एक हजार फिट बड़का पहाड़ जंगल में जाकर जुगाड़ु तकनिक से आग बुझाने में सफलता पाई। जंगल से उठती धूआं देखने के बाद ग्रामीण शुक्रवार को सुबह चार के करीब मुखिया रमेश बेदिया के नेतृत्व में लगभग 20 से 25 लोग बड़का पहाड़ पहुंचे। आग बुझाने के लिए लगभग एक हजार फिट पहाड़ में ग्रामीण को चढना पड़ा। लगभ 400 एकड़ के जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों को लगभग सात घंटे की कड़ी मसकत करनी पड़ी। मुखिया रमेश बेदिया ने बताया पहाड़ पर आग बुझाने का साधन ले जाना संभव नही था। जंगल से ही डाली तोड़ व झाड़ु बनाकर जंगल में गिरे सूखे पत्तों को बिच से अलग कर दिया गया। एक ओर पता जल जाने के बाद आग आगे नही बढ़ा और अपने-आप बुझती चली गई। जुगाड़ु तकनिक से जंगल की आग बुझाने वालों में मुखिया रमेश बेदिया व ग्रामप्रधान गोपाल राम बेदिया के साथ फुलेंन्द्र बेदिया, सोहराय बेदिया, रामलखन बेदिया, मनोज बेदिया, अर्जुन खरवार, भारत खरवार, प्रमिल कुमार, रूपेश महतो, मुन्ना पहन व नरेश बेदिया आदि शामिल थें।

## रातू : दो बाइक की भिड़ंत में तीन युवक जख्मी

**रातू।** काठीटांड़-ठाकुरगांव रोड स्थित डायट के पास शुक्रवार की शाम करीब छह बजे दो बाईक के भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गये। घायलों में रातू टोंगरी टोला निवासी विष्णु गोप का पुत्र का सोनू गोप (18), ठाकुरगांव निवासी भागीरथ ठाकुर का पुत्र विक्की ठाकुर (21) एवं चान्हों बरहे निवासी विनोद गोप का पुत्र आकाश गोप (21) शामिल हैं। दुर्घटना में आकाश गोप के सिर पर गंभीर चोटें आयी है। उसका बायां पैर भी टूट गया है। जबकि, विक्की और सोनू के सिर पर चोट है। आकाश की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

## बाईक- स्कूटी में टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**तमाड़।** थाना क्षेत्र मकवादर के समीप एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार मकवादर से तमाड़ स्टेंड की ओर जा रहे थे। व स्कूटी सवार तमाड़ स्टेंड से मकवादर की ओर आ रहे थे। इस बिच आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार मांझी टोली बुंडू निवासी विजय सेठ (24) वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। व कांची निवासी रूपेश सेठ (23) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। वही स्कूटी पर सवार नीचेटोली तमाड़ निवासी जीरु सेठ (20) वर्ष भी घायल हो गये। मृतक मांझी टोली बुंडू के निवासी है। घटना शुक्रवार की रात्री नौ बजे की है। प्रशासन की मदद से दोनो घायलों को एंबुलेंस से तमाड़ सीएचसी लाया गया. जहां घायलों की नाजुक हालत को देखते हुये रिम्स रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जीरु सेठ की हालत चिंताजनक बतायी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाना लें आयी। शनिवार को पोस्टमार्टम कर परिजनो को शव सौंपा जाएगा।

## आतंकी हमले के प्रतिकार में प्राथमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गम्हरिया।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश इकाई के आह्वान पर पहलगाम हत्याकांड के विरोध में जिले भर के समस्त शिक्षकों ने शुक्रवार को काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया तथा दिवंगत आत्माओं के शांति एवं घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में 28 निहत्थे पर्यटकों से धर्म पूछकर एवं सिर्फ हिंदू होने के आधार पर अपने पत्नी एवं बच्चों के सामने ही निर्मम हत्या किए जाने का शिक्षक समाज के द्वारा कड़े शब्दों में निंदा की गई तथा इसे सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य बताया। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता ने इस बर्बर हत्याकांड के लिए जिम्मेदार सभी पक्षों पर कठोरतम करवाई की मांग करते हुए भविष्य में स्थाई समाधान की दिशा में सार्थक कार्रवाई हेतु भारत सरकार से मांग की। इस प्रतीकात्मक विरोध के आयोजन को सफल बनाने में संघ के जिला अध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह, जिला महासचिव सुदामा माझी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ साहू, मनोज कुमार सिंह, संजय साहू समेत जिला एवं अंचल कमेटी के सभी समर्पित संघीय पदाधिकारी एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यूनाइटेड क्लब कर्मचारियों के लिए वेतन समझौते पर हुआ हस्ताक्षर, 46,770 रुपये से 62,035 रुपये तक का एरियर मिलेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड क्लब के प्रबंधन और कैंटन होटल और रेस्तरां कर्मचारी संघ के बीच आज यूनाइटेड क्लब कर्मचारियों के वेतन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यूनाइटेड क्लब प्रबंधन और संघ ने अपने कर्मचारियों के साथ 7 साल के ऐतिहासिक वेतन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पहले के 6 साल के चक्र को आगे बढ़ाता है। नए समझौते में वेतन में क्रमिक वृद्धि और कर्मचारी कल्याण और लाभों में महत्वपूर्ण वृद्धि शामिल है।

**समझौते की मुख्य विशेषताएं:** विस्तारित वेतन अवधिः मूल . वीडीए, एचआरए और विभिन्न भत्तों में चरणबद्ध वृद्धि के साथ 6 साल से 7 साल की अवधि में बदलाव। बकाया भुगतानः कर्मचारियों को 46,770 रुपये से 62,035 रुपये तक का बकाया मिलेगा। बकाया राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। चिकित्सा कवरेजः संशोधित नीति में अब पतिध्पत्नी और दो आश्रित बच्चे शामिल हैं। प्रति परिवार 10,000 रुपये की वार्षिक ओपीडी सीमा और 10 लाख रुपये का मेडिक्लेम बफर। 10 वार्षिक सीटीसी पर समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा। कर्मचारी मान्यताः दीर्घ सेवा पुरस्कार में 2,000 रुपये की वृद्धि। वीजी गोपाल पुरस्कार में 1,000 रुपये की वृद्धि। समझौत पर प्रबंधन की ओर से चाणक्य चौधरी, जया सिंह पांडा, नीरज क्र.सिन्हा, रंजन कुमार सिंह, प्रबल घोष, कुमार गोपाल, अभिनव कुमार, मनीष श्रीवास्तव, मनसावी दुआ, देवी प्रसाद पैंथला, मो.परवेज सुमित सिंह मौजूद थे। किए जबकि यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडे

,डिप्टी प्रेसि डेंट बीके ि डंडा, महासचिव ददन सिंह, राजू सोना व माधव हरपाल ने हस्ताक्षर किए।

## प्रदीप वर्मा गौशाला धाम ओरमांझी पहुंचे



गाय को गुड खिलाते राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा।

**ओरमांझी।** राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा शुक्रवार को गौ माता की पूजा करने प्रखंड क्षेत्र के गौशाला धाम हुटुप ओरमांझी पहुंचे। उन्होने गौ माता की पूजा की और गौशाला में रहने वाले गाय को गुड़ व हरा चारा खिलाया, साथ ही गौषाला के गाय व उन्हे रखरखाव के संबंध में जानाकरी ली। गौषाला न्यास समिति के मुकेश काबरा ने उन्हो बताया कि हुटुप गौशाला धाम में रहने वाले अधिकांस गाय वृद्ध, लाचार व बिना दूध देने वाली हैं। प्रदीप वर्मा ने अपने सांसद निधि से एक गौहाल निर्माण कराने व गाय को पानी सुविधा प्रदान करने के लिए एक बोरिंग कराने का आश्वासन दिया। उन्होने गौशाला धाम व आसपास की पेड़ पौधों को देखकर कहा प्रकृति की गोद में गौशाला धाम हैं। बताया गया कि राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा गौ सेवा के उदेष्य से ही गौशाला धाम पहुंचे थें। वहीं मुकेश काबरा ने बताया के गौशाला रांची गौशाला न्यास समिति की तीन इकाइयों में एक है हुटुप की गौशाला धाम, इसके अलावे हरमू रोड व सुकुरहुटू में भी एक-एक गौशाला धाम हैं। मौके पर न्यास समिति के अलावे कई लोग उपस्थित थें।

## वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती पर निकला गया बाइक जुलूस

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**पोटका/जमशेदपुर।** वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235वीं जयंती पर आदिवासी भूमिज युवा मंच और गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से ढेंगाम से खाड़ियासाई तक 50 किलोमीटर लंबा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। चिलचिलाती धूप और गर्मी को चुनौती देते हुए हजारों भूमिज महिला-पुरुषों ने समाज की एकता, साहस और समर्पण का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार स्वयं मोटरसाइकिल से पूरे जुलूस में शामिल रहे। उन्होंने वीर गंगा नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि,1832-33 में अंग्रेजों के खिलाफ उनका विद्रोह आज भी इतिहास में दर्ज है। उनके विचार और उद्देश्य को आज के युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। विधायक ने भूमिज समाज को संगठित और सक्रिय रहने का आह्वान किया। विधायक सरदार ने कहा कि समाज को अपनी पारंपरिक संस्ति और रीति-रिवाजों को सहेजकर रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बच्चों को शिक्षित करें, अच्छे संस्कार दें और अपने इतिहास की जानकारी उन्हें दें, ताकि हमारी गौरवशाली परंपरा सदा जीवित रहे। जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए एकजुटता जरूरी है। कार्यक्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन के ट्राइबल आइडेंटिटी मैनेजर शिव शंकर कांडेयोंग, समाजसेवी सिद्धेश्वर सरदार, हरिश चंद्र सिंह भूमिज, मुखिया मिरू सरदार, मुखिया संगीता सरदार, सुधीर सोरेन समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में मनोरंजन सरदार, संजय सरदार, भरत सरदार, दीपक सरदार, परमेश्वर सरदार, ग्राम प्रधान शिव शंकर सरदार, नृपेन सरदार, अशोक सरदार, ज्योतिष सरदार, तरूण सरदार और अन्य साथियों का योगदान सराहनीय रहा।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन उप चुनाव : एक सीट पर 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में अध्यक्ष गुरमीत सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुए एक कमेटी मेंबर के सीट पर उप चुनाव की प्रक्रिया जारी है। नाम वापसी के बाद कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं। शुक्रवार को नामांकन वापसी की तिथि थी। परंतु किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। बताते चलें कि कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे थे । फलस्वरूप यह तय हो गया कि मुकाबला पांचों उम्मीदवार के बीच होगा। 28 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

## जल, जंगल जमीन की रक्षा करना हमारा कर्तव्य: विधायक भूषण तिर्की



समारोह में बोलते विधायक भूषण तिर्की व मौजूद ग्रामीण।

**बेड़ो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड स्थित पुरनापानी बाजार टांड़ में मांडर विधानसभा का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गुमला के विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जल, जंगली व जमीन हमारी पूंजी है। यह पूर्वजों की विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। मांडर विधानसभा आंदोलनकारियों की भूमि है। झामुमो का बीजारोपण इस विधानसभा के पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत ने किया था। जिसे भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मांडर विधानसभा में झामुमो के संगठन को मजबूत बनाने व दल के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान नगड़ी टोली व पुरियो पतराटोली महिला मंडल के द्वारा स्वागत गान व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर सहीन्द्र लकड़ा, पीटर तिर्की,मंगू लकड़ा, विमल उरांव,अमर टोप्पो, प्रदीप लकड़ा,बंधना उरांव,साधो उरांव,अल्विश बाड़ा,सुरेश बाड़ा, चुमानी उरांव,बांदे लकड़ा,सरदार रंजीत सिंह ,मालती उरांव, सुरेश उरांव व छोटे राम उरांव आदि मौजूद थे। वहीं समारोह की अध्यक्षता सहीन्द्र लकड़ा, संचालन मंजू उरांव व धन्यवाद ज्ञापन संतोष लकड़ा ने किया।

## टाटा स्टील को मिला राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार और विश्व बौद्धिक संपदा पुरस्कार

### कंपनी विनिर्माण क्षेत्र में शीर्ष पेटेंट फाइलर के रूप में उभरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



पुरस्कार ग्रहण करते टाटा स्टील के वीपी सुबोध पांडेय।

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील को भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा 'भारत में पेटेंट फाइलिंग, ग्रांट एवं व्यावसायीकरण में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिकधनिजी कंपनी' श्रेणी में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही, कंपनी को विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा अवार्ड्स प्रोग्राम के तहत विश्व बौद्धिक संपदा पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार टाटा स्टील द्वारा बौद्धिक संपदा के सृजन और उसके व्यावसायीकरण में किए गए उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करता है। कंपनी ने अब तक वैश्विक स्तर पर 2,000 से अधिक पेटेंट आवेदनों की फाइलिंग की है। वित्त वर्ष 2023-24 में, टाटा स्टील ने 142 पेटेंट आवेदन दाखिल किए और 395 पेटेंट प्राप्त किए। वित्त वर्ष 2020 से 2024 की अवधि में कंपनी ने प्रतिवर्ष औसतन 130 से अधिक पेटेंट आवेदन दर्ज किए, जो अनुसंधान एवं विकास, सहयोगात्मक अनुसंधान और नवाचार-आधारित प्रक्रियाओं के माध्यम से बौद्धिक संपदा को लेकर टाटा स्टील की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

टाटा स्टील के सुबोध पांडे, वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलजी, आर एंड डी, एनएमबी और ग्राफीन), ने कहा कि आज स्टील क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) क्षमताओं और देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही, इस दिशा में हमारी आर एंड डी पहलों को पर्यावरणीय रूप से अधिक सस्टेनेबल स्टील उद्योग के निर्माण की ओर केंद्रित करने की भी आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। टाटा स्टील ने इन दोनों ही पहलुओं पर निरंतर प्रयास किए हैं और आगे भी करती रहेगी। हमारा लक्ष्य केवल तकनीकी और नवाचार की दौड़ में आगे रहना नहीं, बल्कि एक ऐसा मापदंड स्थापित करना है, जो उन संगठनों के लिए प्रेरणा बने जो अपनी बौद्धिक संपदा और नवाचार संस्ति में दीर्घकालिक निवेश करना चाहते हैं। 1937 में भारत की सबसे पुरानी अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) इकाइयों में से एक की स्थापना के साथ, टाटा स्टील ने नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की नींव रखी थी।




# हैदराबाद पांच विकेट से जीता, हर्षल के बाद किशन चमके



## आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 00 | 12 | +1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 00 | 12 | +0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 00 | 12 | +0.482 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.673 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | +0.212 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -1.303 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 00 | 04 | -0.665 |
| चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 00 | 04 | -1.302 |

**पर्पल कैप**
16 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात

**ऑरेंज कैप**
417 रन
साई सुदर्शन
गुजरात

**एजेंसी**

**चेन्नई।** पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को आइपीएल 2025 के 43वें मैच में 5 विकेट से हरा दिया। यह हैदरबाद की इस सीजन तीसरी जीत थी। हैदराबाद इस जीत के चलते अभी भी 16 अंक तक पहुंच सकती है। हालांकि, इस सीजन सीएसके का 16 पॉइंट्स तक पहुंचने का सपना, सपना ही रह जाएगा। इस हार के बाद, अगर अब सीएसके अपने सभी मैच भी जीतती है तो वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी। चेन्नई लगभग प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। उनका टॉप 4 में जगह बनाना बहुत मुश्किल है।

### किशन और मेंडिस ने निभाई रनचेज में अहम भूमिका

सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.4 ओवर में 155 रन का टारगेट 5 विकेट रहते चेज कर लिया। ईशान किशन ने एसआरएच के लिए सर्वाधिक 44 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 1 छक्का भी लगाया। इसके बाद कामिंदु मेंडिस ने भी 32 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने हैदराबाद के इस रनचेज में अहम भूमिका निभाई। मेंडिस ने तीन चौके अपनी पारी में लगाए। नीतीश रेड्डी 19 रन बनाकर नाबाद रहे। ट्रेविस हेड 19 रन बनाकर आउट हो गए थे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट नूर अहमद ने लिए। हालांकि, नूर अहमद काफी महंगे साबित हुए। इसके अलावा खलील अहमद, अंशुल कंबोज और रविंद्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिया।

### चेन्नई 154 रन पर ऑल आउट

हर्षल पटेल (28 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी और कप्तान पैट कमिंस और जयदेव उनादकट के दो-दो विकेटों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को आइपीएल मुकाबले में शुक्रवार को 19.5 ओवर में 154 रन पर निपटा दिया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। चेन्नई ने शेख रशीद को पारी की पहली ही गेंद पर मोहम्मद शमी के हाथों गंवाया। आयुष म्हात्रे और सैम करन ने दूसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। चेन्नई की पारी संभालती हुई दिखाई दे रही थी लेकिन हर्षल पटेल ने सैम करन को आउट कर दिया। करन ने नौ रन बनाये। कमिंस ने छठे ओवर में म्हात्रे का विकेट लेकर चेन्नई को बड़ा झटका दिया। युवा म्हात्रे ने 19 गेंदों पर 30 रन में छह चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और डेवाल्ड ब्रेविस ने चौथे विकेट के लिए 27 रन जोड़े। कामिंदु मेंडिस ने जडेजा को आउट कर चेन्नई को चौथा झटका दिया। जडेजा ने 17 गेंदों पर 21 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया।

### ब्रेविस ने खेली तूफानी पारी

ब्रेविस ने 25 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की मदद से 42 रन ठोके लेकिन उनके 114 के स्कोर पर आउट होते ही चेन्नई की सम्मानजनक स्कोर बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गयीं। ब्रेविस का विकेट हर्षल पटेल ने निकाला। दीपक हुड्डा ने निचले क्रम में 21 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाकर चेन्नई को 150 के पार पहुंचाया। कप्तान एम एस धोनी छह रन बनाकर एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। धोनी का विकेट भी पटेल ने निकाला।

### चेन्नई की एक बार फिर खराब शुरूआत

चेन्नई ने एक बार फिर शुरूआत में लगातार विकेट गंवाए, हालांकि बीच में जडेजा और ब्रेविस के बीच साझेदारी पनपी और दुबे के क्रीज पर आगमन के बाद ब्रेविस ने दो ओवर के अंतराल में चार छक्के जड़कर चेन्नई की रन गति को बरकरार रखा लेकिन ब्रेविस के आउट होने के बाद एक बार फिर चेन्नई की पारी लड़खड़ा गई जिसके चलते चेन्नई पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई। हालांकि दीपक हुड्डा ने 22 रनों की पारी खेलकर चेन्नई को 150 के आंकड़े के पार पहुंचाया लेकिन मैदान में ओस भी काफी पड़ रही थी।

### महेंद्र सिंह धोनी के 400 ट्वंटी 20 मैच पूरे

चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 43वें मैच में महेंद्र सिंह धोनी ने अपने करियर का 400वां ट्वंटी 20 मैच खेलकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि के साथ धोनी 400 ट्वंटी 20 मैच खेलने वाले चौथे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इस मील के पत्थर को हासिल करने वाले अन्य भारतीय क्रिकेटरों में रोहित शर्मा, दिनेश कार्तिक और विराट कोहली शामिल हैं।

### चेन्नई 154/10 (19.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रशीद कै. अभिषेक बो. शमी | 00 | 01 | 00 | 00 |
| म्हात्रे कै. किशन बो. कमिंस | 30 | 19 | 06 | 00 |
| करन कै. वर्मा बो. पटेल | 09 | 10 | 01 | 00 |
| जडेजा बो. कामिंदु मेंडिस | 21 | 17 | 01 | 01 |
| ब्रेविस कै. मेंडिस बो. पटेल | 42 | 25 | 01 | 04 |
| दुबे कै. अभिषेक बो. जयदेव | 12 | 09 | 02 | 00 |
| हूडा कै. अभिषेक बो. जयदेव | 22 | 21 | 01 | 01 |
| धोनी कै. अभिषेक बो. पटेल | 06 | 10 | 01 | 00 |
| कंबोज कै. क्लासेन बो. कमिंस | 02 | 04 | 00 | 00 |
| नूर कै. शमी बो. पटेल | 02 | 03 | 00 | 00 |
| खलील अहमद नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 07

**विकेट पतन** : 1-0, 2-39, 3-47, 4-74, 5-114, 6-118, 7-131, 8-134, 9-137, 10-154.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 3-0-28-1, पैट कमिंस : 4-0-21-2, जयदेव उनादकट : 2.5-0-21-2, हर्षल पटेल : 4-0-28-4, जीशान अंसारी : 3-0-27-0, कामिंदु मेंडिस : 3-0-26-1.

### हैदराबाद 155/5 (18.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक कै. म्हात्रे बो. अहमद | 00 | 02 | 00 | 00 |
| ट्रैविस हेड बो. अंशुल कंबोज | 19 | 16 | 04 | 00 |
| किशन कै. करन बो. नूर | 44 | 34 | 05 | 01 |
| क्लासेन कै. हूडा बो. जडेजा | 07 | 08 | 01 | 00 |
| अनिकेत कै. हूडा बो. नूर | 19 | 19 | 00 | 02 |
| कामिंदु मेंडिस नाबाद | 32 | 22 | 03 | 00 |
| नीतीश कुमार रेड्डी नाबाद | 19 | 13 | 02 | 00 |

**अतिरिक्त** : 15

**विकेट पतन** : 1-0, 2-37, 3-54, 4-90, 5-106.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 3-0-21-1, अंशुल कंबोज : 3-0-16-1, नूर अहमद : 4-0-42-2, रवींद्र जडेजा : 3.4-0-22-1, सैम करन : 2-0-25-0, मथीशा पथिराना : 3-0-27-0.

## मंडाविया ने किया दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को दीप प्रज्जवलित कर दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव कुश्ती हॉल में आयोजित समारोह डॉ. मंडाविया ने दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के अवसर पर कहा कि योग मानवता के लिए एक उपहार है। ये हमारी विरासत है और हम भाग्यशाली हैं कि यह हमें मिली। मैं चाहता हूं कि योग ओलंपिक खेलो में शामिल हो।

# कोलकाता के खिलाफ पंजाब की अगुवाई करने ईडन गार्डंस पर लौटे अय्यर

**एजेंसी**

**कोलकाता।** एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे जब उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह



अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं। अब उनका इरादा शतक जड़ने का होगा। अब उनके पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है जैसे नाबाद अर्धशतक जमाकर केएल राहुल ने अपनी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाकर किया था। केकेआर आठ में से पांच मैच हार चुका है और एक और हार से प्लेऑफ की उसकी राह असंभव हो जाएगी। उसका शीर्षक्रम चल नहीं पा रहा और मध्यक्रम जिम्मेदारी से नहीं खेला। स्पिन आक्रमण अपने गढ ईडन गार्डंस पर नाकाम साबित हुआ है। उसे अगले छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। कोलकाता के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप फिनिशिंग टच नहीं दे पाये जिससे टीम में बदलाव करना पड़ सकता है।

### दोनो टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर, प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन। हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

## चोटिल पाउला बडोसा ने मैड्रिड ओपन से नाम लिया वापस



**मैड्रिड।** स्पेन की महिला टेनिस स्टार पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पाउला बडोसा का शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करना स्पेन के टेनिस प्रशंसकों के लिये यह दोहरा झटका है। इससे पहले विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था।

# 59 सदस्यीय टीम घोषित, नीरज नहीं लेंगे हिस्सा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने दक्षिण कोरिया में होने लासी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 59 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान कर दिया है। इस टूर्नामेंट में कोच्चि में संपन्न हुए फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले करीब सभी एथलीटों को जगह दी गई है। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे। नीरज ने भुवनेश्वर में 2017 टूर्नामेंट के बाद से इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। तब से इस दिग्गज भारतीय की नजरें डायमंड लीग प्रतियोगिताओं, विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक पर रही हैं। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज का इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होना



उम्मीद के मुताबिक ही है क्योंकि इस सत्र में उनका ध्यान डायमंड लीग प्रतियोगिताओं और सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर होगा। इसके अलावा एनसी क्लासिक पर भी उनकी नजरें रहेंगी जिसकी मेजबानी वह 24 मई को बंगलूरु में कर रहे हैं। महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले राष्ट्रीय रिकॉर्डधारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर को फेडरेशन कप में निराशाजनक दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम में जगह नहीं मिली है। पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने के बावजूद टीम में जगह नहीं बना पाए क्योंकि उनका प्रयास भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित एशियाई चैंपियनशिप पात्रता स्तर से कम था। अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) और गुलवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। इन्होंने फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि वे एएफआई की अनुमति लेने के बाद विदेश में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम में धावक अनिमेष कुजूर भी शामिल हैं जिन्होंने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

## आस्ट्रेलिया को बोलैंड की जगह हेजलवुड को चुनना चाहिए : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में आस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा।टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन आस्ट्रेलिया के सामने 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान हॉकी टीम पर गिरेगी गाज!

**एजेंसी**

**मुंबई।** पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर इस साल के अंत में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा संदेह के घेरे में हैभारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। पाकिस्तान 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप का हिस्सा है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध



खत्म करने को कहा है जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं। उन्होंने कहा हमारे हॉकी इंडिया के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन टीम के दौरे के बारे में यह सरकार-से-सरकार का मामला है। हम अपनी सरकार से अनुरोध करेंगे, और अगर वे अनुमति देते हैं तो हम भाग लेंगे लेकिन अगर वे हमारे अनुरोध को अस्वीकार करते हैं तो कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, आप हाल की स्थिति से अवगत हैं। भारत सरकार ने भारत में सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए हैं, फिर ऐसी स्थिति में हमारी टीम भारत का दौरा कैसे कर पाएगी? मुजाहिद ने कहा, सब कुछ अलग रखते हुए, हम अपनी सरकार से दौरे के बारे में पूछेंगे।


इस बीच उनके भारतीय समकक्ष, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया कि उनका महासंघ अनुमति के लिए सरकार से संपर्क करने से पहले स्थिति का इंतजार करेगा और देखेगा। उन्होंने कहा, हमने टूर्नामेंट पर कोई चर्चा नहीं की है। हम इंतजार करेंगे कि हमारी सरकार इस पर क्या कहती है। उचित समय पर फैसला लेंगे। एशिया कप सभी टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, जिसकी संयुक्त मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे।

# पांच मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम

## आस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम से होंगे मुकाबले, कप्तान सलीमा टेटे और दीपिका पर रहेंगी निगाहें

**एजेंसी**

**पर्थ।** एक महीने लंबे सीनियर नेशनल कैंप के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम अब आस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम 26 अप्रैल से 4 मई के बीच पर्थ हॉकी स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिनमें शुरूआती दो मैच आस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होंगे, जबकि शेष तीन मुकाबले 1, 2 और 4 मई को विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज आस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआइएच महिला हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां टीम ने आठ मैचों में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट का अंत टीम ने



शानदार अंदाज में किया, जब उन्होंने विश्व नंबर-1 नीदरलैंड्स




को 2-2 ड्रॉ के बाद शूटआउट में हराकर बोनस प्वाइंट हासिल किया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस श्रृंखला के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि नवनीत कौर उप-कप्तान होंगी। युवा ड्रैग फ्लिकर दीपिका बेहतरीन फॉर्म में हैं, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग के दौरान तीन गोल दागे थे। डिफेंडर उदिता सिंह ने भी टूर्नामेंट में दो गोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी गोलकीपर सविता एक बार फिर टीम की मजबूत दीवार बनकर सामने होंगी। उन्होंने हाल ही में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया है, जो टीम के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। टीम में पांच नई खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजुर, अंजमीना कुजुर, पूजा यादव और महिमा तेते को शामिल किया गया है, जो इस दौरे पर अपना सीनियर टीम डेब्यू कर सकती हैं। कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजमेंट की नजर इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खासतौर पर रहेगी। इतिहास में दोनों टीमों के बीच कुल 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 10 में आस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 3 मैच ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, हालिया समय में भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। एफआइएच प्रो लीग 2023-24 में भारत ने आस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर सभी को चौंका दिया था और अब टीम उसी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, पर्थ में खेलना हमारे लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें भरोसा है कि हम दोनों ही टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरे पर नई खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखना भी दिलचस्प होगा, यह सीरीज हमारे लिए प्रो लीग की यूरोपीय चरण की तैयारी के लिहाज से भी अहम है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, बेंगलुरु कैंप में खिलाड़ियों ने जो मेहनत की है, वह अब मैदान पर दिखाई देगी। हमारे पास ऐसा दल है जो किसी भी टीम को मात दे सकता है। आस्ट्रेलिया की धरती पर खेलना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## स्वियातेक ने मियामी की हार का लिया बदला, एलेक्स ईला को दी शिकस्त

**एजेसी**

**मैड्रिड।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में रोमांचक मुकाबले में फिलीपींस की 19 वर्षीय उभरती सितारा एलेक्स ईला को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले महीने मियामी ओपन में ईला से मिली करारी हार के बाद यह जीत स्वियातेक के लिए बदला लेने जैसी रही। मैच की शुरूआत में ईला ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वियातेक की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। लेकिन इसके बाद स्वियातेक ने अनुभव का फायदा उठाते हुए गेम पर पकड़ मजबूत की और अगले दोनों सेट 6-4, 6-2 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। एलेक्स ईला ने मियामी ओपन में स्वियातेक को सीधे सेटों में हराकर सुर्खियां बटोरी थीं।



उन्होंने उस टूर्नामेंट में जेलेना ओस्तापेंको और मैडिसन कीज जैसी ग्रैंड स्लैम विजेताओं को भी शिकस्त दी थी। हालांकि उनका सफर सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला के हाथों हार के साथ समाप्त हुआ था। इस प्रदर्शन की बदौलत वह टॉप 100 में जगह बनाने वाली पहली फिलिपीना खिलाड़ी बनीं और फिलहाल रैंकिंग में 72वें स्थान पर हैं। दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी और गत विजेता स्वियातेक इस साल अब तक तीन सेमीफाइनल (आस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स, और एक अन्य) तक पहुंच चुकी हैं लेकिन फाइनल नहीं खेल सकी हैं।

# बोकारो रेलवे स्टेशन के पास लगी भयंकर आग, 15 से अधिक दुकानें जलकर हुई खाक

- दुकानदारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है, सरकार उन्हें मुआवजा दे ताकि वे फिर से अपना कारोबार शुरू कर सकें

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन के नजदीक देर रात लगभग 1.30 बजे भयानक आग लग गई। इस घटना में लगभग 15 से ज्यादा दुकानें पूरी तरह से जल गईं। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। पांच दमकल गाड़ियां देर से पहुंचीं और अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफल हुईं। तबतक अमित होटल मनोज जनरल स्टोर राशन की दुकानें आदि जलकर खाक हो चुकी थीं। हालांकि, किसी की जान नहीं गई, लेकिन दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग एक गुमटी से शुरू हुई और देखते ही देखते आग ने आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया। लेकिन दमकल की गाड़ी लगभग एक घंटे देरी से पहुंची। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया पर दुकानों को बचाना मुश्किल था। अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने रात 11.30 बजे दुकान बंद कर दी थी। उनके कर्मचारी दुकान पर ही सो रहे थे। अचानक उन्हें आग लगने की खबर मिली। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन लपटें बहुत तेज थीं।

मनोज कुमार ने बताया कि उनकी दुकान ही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन थी। सभी दुकानें एक दूसरे से सटी हुई थीं। इसलिए आग एक दुकान से दूसरी दुकान में फैल गई। प्रशासन आग लगने के सही कारणों की जांच कर रहा है। प्रभावित दुकानदारों ने सरकार से मुआवजे की मांग की। दुकानदारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वो चाहते हैं कि सरकार उन्हें मुआवजा दे ताकि वे फिर से अपना कारोबार शुरू कर सकें।

## ब्लास्टिंग से कारो बस्ती में चंद्रदेव महतो के घर का छज्जा गिरा, बाल-बाल बची वृद्ध मां

खबर मन्त्र संवाददाता



**फुसरो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो परियोजना से सटी कारो बस्ती निवासी चंद्रदेव महतो के घर का छज्जा ब्लास्टिंग की वजह से गिर गया। जिस रूम का छज्जा गिरा उसमें उसकी वृद्ध मां कौशल्या देवी सो रही थी। इस दुर्घटना में जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन घर के 10 सदस्य जिसमें 6 व्यस्क 4 बच्चों डरे-सहमें हैं कि कहीं दुबारा से छज्जा न गिर जाए।

घटना के संबंध में चंद्रदेव महतो ने बताया कि वह अपनी पत्नी, भाई भुनेश्वर महतो उसकी पत्नी, मां, पिताजी, चार बच्चे राहुल कुमार, दिगम्बर कुमार, दृष्टी कुमारी, सृष्टि कुमारी के साथ रहते हैं। परियोजना में होने वाली ब्लास्टिंग से घर की दीवार व छत में जगह जगह दरारें आ गई हैं। वहीं घर का फर्श भी धंस गया। इससे कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। इसको लेकर प्रबंधन को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लेकिन प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि पूर्व में भी इस तरह की घटना हुई थी। इसे लेकर कारो पीओ को 21 अगस्त 24 तथा 27 दिसंबर 24 को लिखित दिया गया है, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। कहा कि मैं कारो परियोजना का विस्थापित हूं। मेरा जमीन कारो मौजा के खाता नंबर 13 में लगभग 24 एकड जमीन का अधिग्रहण 1984 में किया गया है। जिसका मुआवजा पूर्ण रूप से अभी बाकी है। वहीं तीन व्यक्तियों की नौकरी भी बाकी है। कहा कि कारो प्रबंधन एवं ऑउटसोर्सिंग ठीकेदार के द्वारा बड़े पैमाने पर 400 मीटर के अंदर हैबी ब्लास्टिंग की जाती है। जिस कारण घरों के दिवारों, छत्तों एवं चारदीवारी में काफी दरार पड़ गई है। प्रबंधन जल्द ही मरम्मत नहीं करवाती है, माइंस बंद कराया जाएगा। इस संबंध में कारो पीओ सुधीर सिन्हा ने कहा कि इसकी सूचना मिली है। जांच के लिए ओवरसियर को भेजा गया है। पूर्व में दो बार रिपेयर का आवेदन के बारे में पूछने पर बताया कि सीविल इंजीनियर नहीं था। शनिवार को हम खुद जाकर जांच करेंगे।

## मुस्लिम समाज ने की आतंकी समर्थक मो. नौशाद के पूरे परिवार के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा



**बेरमो।** बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना के समर्थन करने वाले बोकारो के मो. नौशाद का मुस्लिम समाज द्वारा सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की गयी। इसे लेकर 24 अप्रैल को बोकारो के पूर्वी हैसाबातू मुखिया कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर मशकुर आलम सिद्दीकी ने मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मद नौशाद आलम और उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने की बात कही। सिद्दीकी ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करने वाले आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मोहम्मद नौशाद की जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि देशद्रोही के लिए मुस्लिम समाज में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने मामले की जांच की मांग करते हुए दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग प्रशासन तथा सरकार से की है, ताकि इस तरह के असामाजिक तत्व खुले में नहीं रह सकें। कहा कि समाज को बांटने का काम सोशल मीडिया पर काफी आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने काम न करें। सिद्दीकी ने कहा कि हम सभी हिंदुस्तानी हैं और पहलगाम की घटना से सभी आहत और दुखी हैं। सरकार छूट दे तो हम सभी मुसलमान ही पाकिस्तान को मिटाने के लिए काफी हैं। अपने वतन पर मर मिटने के लिए सच्चा मुसलमान वह है जो अपने ईमान और वतन से प्यार करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मशकुर आलम सिद्दीकी, मखदुमपुर के मुफ्ती मोहम्मद मंसूर अनवर, हैसाबातू पूर्वी पंचायत मुखिया पति हफीजुद्दीन अंसारी, एजाज खान, सिराजुल आरिफ खान, इजहार अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सनौर बालू घाट में वैध चालान के साथ बालू उठाव कार्य में बिहार पुलिस का चला डंडा

- बिहार की सीमा बता हुई पुलिसिया कार्रवाई, ट्रैक्टर सहित एक पुलिस की हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** बसंतराय प्रखंड अंतर्गत डेरमा पंचायत के सनौर बालू घाट में कैटेगरी वन के तहत वैध चालान निर्गत कर हो रहे बालू उठाव के दौरान सीमावर्ती राज्य बिहार के बांका जिला प्रशासन द्वारा कल भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ बालू घाट पर पहुंच कर खूब हाय तौबा मचाते हुए पुलिसिया लाठी भांजी गई।

इस दौरान मौके पर बिहार के बांका जिला के एसडीएम अविनाश कुमार, बौंसी एसडीपीओ अर्चना कुमारी, धोरैया थानाध्यक्ष अमित कुमार समेत लगभग सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

ज्ञात हो कि गोड्डा जिला अंतर्गत बसंतराय प्रखंड का थाना व बांका जिले अंतर्गत धोरैया थाना का सीमा रेखा गेरुवा नदी से होकर गुजरती है लेकिन ये सीमा आखिरकार किस जगह से है इसको लेकर आज तक ना तो बांका जिला प्रशासन ने पहल करना उचित समझा ना ही गोड्डा जिला प्रशासन ने आज तक इस बाबत ध्यान दिया। नतीजतन पूर्व में भी कई बार सीमा विवाद के कारण बिहार का किया धरा कृत्य का ठीकरा झारखंड के ऊपर फोड़ा जा चुका है। ऐसा ही कुछ माजरा गुरुवार को भी हुआ जहां बांका जिला प्रशासन बगैर अपनी सीमा को जाने नदी में अपनी सीमा क्षेत्र बताकर प्रवेश कर गई और बालू उठा रहे बालू कारोबारियों को खदेड़ने के साथ साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, साथ ही एक ट्रैक्टर समेत एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। उसके बाद पता नहीं कि गिरफ्तार व्यक्ति का क्या हुआ, उसे छोड़ा गया या फिर उसके विरुद्ध कोई मामला दर्ज किया गया।

पर सवाल ये है कि आखिर बांका जिले की पुलिस इस बात से कैसे आश्वस्त थी कि बालू का उठाव बिहार से हो रहा है जबकि आज तक कभी सीमांकन हुआ ही नहीं है। क्या बांका की पुलिस को गोड्डा जिला प्रशासन से ऐसी कार्यवाही करने से पहले इस मुद्दे पर बात नहीं करनी चाहिए थी। और अंत में एक बड़ा सवाल ये भी है कि आखिर सीमांकन के उलझे विवाद का शिकार आम जनता, कब तक पुलिसिया लाठी खाती रहेगी।

### बालू के अवैध उठाव, परिवहन व भंडारण पर करें सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

**गोड्डा।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में खनन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अवैध बालू उठाव एवं अवैध खनन पर किए गए कार्रवाई की प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिले में बालू के अवैध उठाव, परिवहन, भंडारण करने वालों एवं अवैध उत्खनन करनेवाले लोगों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने और ऐसे क्षेत्रों में लगातार छापामारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बालू के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा सन्नी कुमार सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### बीजीएच के सौजन्य से संत निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**बोकारो।** संत निरंकारी मिशन बोकारो के द्वारा स्थानीय सेक्टर 04 स्थित बौद्ध बिहार के प्रांगण में बोकारो जनरल अस्पताल के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संत निरंकारी मिशन बोकारो के सदस्यों के द्वारा 24 यूनिट रक्त का रक्तदान किया गया। इस अवसर पर बीजीएच के ब्लड बैंक के प्रभारी डा सुरेन्द्र कुमार (एसीएमओ) ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य-थैलेसिमीया सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। ब्लड बैंक के प्रभारी डा सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरूष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है। रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए रक्त केन्द्र बीजीएच के काउन्सलर कविता कुमार झारखण्ड सरकार नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का विनिता लैब टेकनीशियन महेन्द्र प्रसाद अंकिता एवं कौशल कुमार का अहम योगदान था।

### आतंकी हमले के खिलाफ बोकारो में पुरोहितों ने निकाला कैंडल मार्च, किया पुतला दहन



**बोकारो।** पाकिस्तान-परस्त आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में किए गए हमले के खिलाफ देशभर में चौतरफा उबाल है। इस्पातनगरी बोकारो उपशहर चास सहित आसपास के इलाके में भी जोर-शोर से इसका विरोध कर सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ अब निर्णायक व आक्रामक कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शनों की कड़ी में शहर के सेक्टर-3 स्थित थाना मोड़ में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। थाना मोड़ शिव मंदिर से निकले इस कैंडल मार्च में भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए जो जुलूस की शक्ल में सेक्टर-3 सामुदायिक केन्द्र और हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए कृष्णा मोड़ पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के गगनभेदी नारे लगाए। कृष्णा मोड़ पहुंचकर पाकिस्तानी हुकूमत का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थाना मोड़ सेक्टर 3 शिव मंदिर के पुजारी एवं बोकारो जिला पुरोहित समाज के अध्यक्ष संजय पांडे ने आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। उपस्थित लोगों ने आतंकी हमले में जाति एवं धर्म पूछकर मारे गए लोगों को शहीद बताते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु मौन रखा तथा ईश्वर से प्रार्थना की। इस विरोध कार्यक्रम में नवीन कुमार सिंह संजीव कुमार मुकेश कुमार सिंह नरेंद्र प्रसाद सिंह हरि सिंह गोपाल सिंह बालेश्वर पांडे प्रेम नारायण जीतू पांडे राजेश पांडे विजय कुमार मनोज कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे।


### हिंदू फ्रंट ऑफ इंडिया ने कश्मीर में निहत्थे निर्दोष हिंदुओं की जघन्य हत्या पर निकाला आक्रोश मार्च

**बोकारो।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों पर अब तक के सबसे क्रूर व बर्बर आतंकी हमला के विरुद्ध बोकारो जिला अन्तर्गत चास गरगा पुल भारत माता की प्रतिमा के समक्ष हिंदू फ्रंट ऑफ इंडिया के बैनर तले आक्रोश मार्च निकाल कर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध जताया गया। निर्दोष पर्यटकों की हत्या मानवता पर हमला है। फ्रंट के नेताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस आक्रोश यात्रा के माध्यम से हम केंद्र सरकार से आतंक और आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग करते हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले आतंकी हजार बार सोचे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रदेश संयोजक कौशल किशोर राय राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि विक्रम कुमार महतो भाजपा नेता अर्जुन सिंह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह मुकेश राय अर्चना सिंह भाजपा की प्रखर नेत्री डॉ परिंदा सिंह करमचाँद गोप आशीष कुमार महतो गोपाल साह अमर चौरसिया शशि सम्राट भाजपा युवा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अशोक कुमार वर्मा ऋषभ राय शंकर रजक विवेक सिंह अनिल सिंह अमर स्वर्णकार कृष्ण कुमार दिलीप सिंह शिव शंकर राय प्रदीप सिंह गौरी शंकर आतिश सिंह मनजीत सिंह धर्मेंद्र महथा टुनटुन मिश्रा अरुण बरनवाल संतोष बरनवाल रामलाल सोरन आदि उपस्थित रहे।

### झारखंड में एक्सप्रेसवे एवं हाईवे के एलिफेंट कोरिडोर के क्रासिंग स्थलों पर अंडरपास क्रास बनाने की मांग

**बोकारो/कसमार।** भारतमाला परियोजना फेज वन एवं टू के कारण झारखंड में एलिफेंट कोरिडोर बंद होने को लेकर झारखंड वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो ने प्रधानमंत्री कार्यालय व केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री तथा बोकारो जिला वन पदाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए एलिफेंट कोरिडोर अंतर्गत चिन्हित स्थानों में एलिफेंट अंडरपास क्रॉसिंग बनाने की मांग किया है ताकि जंगली हाथी अपने निश्चित कोरिडोर से भटके नहीं। केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री महतो ने कहा है कि झारखंड में जंगली हाथियों का एक विशाल कोरिडोर है जहां जंगली हाथी उसी कोरिडोर के अंतर्गत सालों भर परिभ्रमण करते रहते हैं। जिससे होकर भारतमाला परियोजना फेज-1 एवं 2 के गुजरने से कोरिडोर कई जगहों पर बंद जायेगा। जिससे जंगली हाथियों का समूह कोरिडोर मार्ग से भटक जायेंगे और गांव एवं शहर की ओर मुड़ जायेंगे। जिससे जंगली हाथियों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो जायेगा। इसलिए हाथियों के संरक्षण एवं आम जनता व ग्रामीणों की सुरक्षा के निमित्त प्रस्तावित एवं निर्मित एक्सप्रेस वे एवं हाईवे कोरिडोर अंतर्गत चिह्नित स्थानों पर एलिफेंट अंडरपास क्रास बनाया जाय।

### पत्थरकट्टा चौक पर दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत




बोकारो। बोकारो शहर के पत्थरकट्टा चौक (गोलंबर) के समीप लगभग 62 वर्षीय एक स्कूटी सवार की दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग के भय से भागने के क्रम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के ट्रक की चपेट में स्कूटी सवार आ गया और काफी गंभीर रूप से घायल हो गए।। आनन फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया पर अन्तत: उसकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा छुपकर कहीं भी चेकिंग करना ही उसकी मौत का कारण बना। निस्संदेह ट्रैफिक पुलिस लोगों की हिफाजत के लिए हेलमेट वगैरह की चेकिंग पोस्ट लगाती है परंतु व्यस्त चौराहे या सड़क पर चेकिंग-वह भी छुपकर करना शायद उचित नहीं। बकायदे चेकिंग पोस्ट लगाकर ट्रैफिक नियमों के अनुपालन करवाना ही उचित है। वरना ट्रैफिक चेकिंग के भय से भागने के क्रम में ऐसी जानलेवा घटनाएं होती रहेंगी और दोषी चालकों सहित निर्दोष भी भुक्तभोगी बनते रहेंगे।

## हत्या के मामले में दो अभियोगी गिरफ्तार



**गोड्डा।** आज एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद उनके साथ गोड्डा एसडीपीओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी भी उपस्थित थे। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि 19 अप्रैल 2025 की रात्रि महगामा के बनरचुआ ग्राम निवासी श्यामा झा की गोली मार कर हुई हत्या मामले में दो गिरफ्तार। इस संदर्भ में महागामा थाना में 04 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मामला अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा की गई छापामारी में काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त निवेदिता देवी और अप्राथमिकी अभियुक्त राजाराम यादव उर्फ राजू का इस कांड में शामिल होने की बात सामने आई जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उक्त काण्ड में यह बात प्रकाश में आई की जमीन विवाद को लेकर निवेदिता देवी के पति सच्चिदानंद मिश्रा की हत्या बीते वर्ष 2023 में कर दी गई थी। जिसका बदला लेने के नियत से इस घटना को अंजाम दिया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापामारी की जा रही है। छापेमारी में तीन मोबाईल एवं एक गोली का खोखा बरामद।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार घायल

बेरमो /बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के होसीर स्थित बीके 10 ओएनजीसी प्लांट के निकट सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की पहचान पेटरवार प्रखंड अंतर्गत घरवाटांड़ पंचायत के पिपराडीह गांव निवासी 45 वर्षीय घनश्याम यादव के रूप में हुई है मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम यादव गोमिया की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही एक भारी वाहन ने अचानक ओएनजीसी प्लांट की ओर मुड़ गई जिससे उनकी बाइक सीधा वाहन से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के तुरंत बाद उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीर व ग्रामीणो वासीम आलम,अमित कुमार,और आकाश रवानी के अलावा ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय गोमिया थाना और एंबुलेंस चालक को सूचना दी सूचना मिलते ही गोमिया थाना से तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस के माध्यम से घायल को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है घनश्याम यादव ने बताया कि हादसा वाहन चालक की लापरवाही के कारण हुआ फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बाबासाहेब के विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे : मंत्री






खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के गोमिया पंचायत के बेलाटांड़ ग्राम में अंबेडकर समिति बेलाटांड़ की ओर से भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का 134वीं जयंती पखवाड़ा बुद्ध वंदना के साथ हर्षोउल्लास मनाया गया। इस अवसर पर समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद व विशिष्ट अतिथि बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम व मुखिया बलराम रजक ने संयुक्त रूप से बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पणकर नमन किया। मौके पर माननीय मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में उन्हें याद करते हुए कहा कि बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर ने हजारों वर्षों से अंधकार में डूबे समाज को न्याय,समानता और सम्मान का उजाला देनेवका काम किया है,संविधान निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। डॉ.भीमराव अंबेडकर जी एक व्यक्ति से बढ़कर एक विचार हैं, एक आंदोलन हैं। उनके विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। संविधान निर्माण के दौरान उन्होंने हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म और हर समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। उन्होंने डॉ.अंबेडकर को महान युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल से शिक्षा, समाजिक क्षेत्र में सभी जाति धर्म के लोगो को अपने हक और अधिकार प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित होकर जुझारू बनने की राह बाबा साहेब की देंन है, उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो,संगठित रहो और संघर्ष करो के मार्ग पर चलने की जरूरत है।वही सभी ने बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उपरांत कमिटी के लोगो ने माननीय मंत्री जी को एवं उपस्थित अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बेज पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन बाबूचंद रविदास ने किया।

मौके पर अमित पासवान, घनश्याम महतो, कमिटी के अध्यक्ष गिरधारी रविदास, सचिव बसंत रविदास, तिलेश्वर रविदास, सुरेन्द्र रविदा, बद्री राम, गंदोरी राम, रंजीत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अधिवक्ता परिषद झारखंड बोकारो जिला इकाई ने उपायुक्त के नाम सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

## न्यायिक आचरण की निगरानी के लिए एक नया कानून तुरंत लाया जाये : विजय कुंवर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** अधिवक्ता परिषद झारखंड बोकारो जिला इकाई द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित- स्वतंत्र न्यायपालिका की जवाबदेही संबंधी प्रस्ताव का एक ज्ञापन उपायुक्त के नाम उपायुक्त की अनुपस्थिति में उनके प्रभार में कार्यरत कार्यपालक दंडाधिकारी मेनका को समर्पित किया गया तथा अनुरोध किया गया कि उक्त प्रस्ताव महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली को विधिवत्त अग्रसारित किया जाए।

उक्त अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री विजय नाथ कुंवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कुंवर ने कहा कि पूर्व निर्णय अनुसार आज संपूर्ण देश में अधिवक्ता परिषद की सभी इकाइयों द्वारा स्थान अनुरूप एसडीओ, डीसी, आयुक्त एवं राज्यपाल को उक्त प्रस्ताव की कॉपी ज्ञापित की जा रही है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करते समय किसी को भी जवाबदेही की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि नियुक्ति की प्रक्रिया और न्यायिक आचरण की निगरानी को और अधिक पारदर्शी तरीके से करने के लिए एक नया कानून तुरंत लाया जाये एवं इस प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका हो। जब तक यह कानून प्रभावी नहीं हो जाता तब तक कॉलेजियम के माध्यम से उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया जारी रह सकती है। वर्तमान पदाधिकारियों की जवाबदेही से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व सीजेआई और उच्च न्यायालयों के सीजे और विशेषज्ञ व्यक्तियों के साथ एक स्थायी समिति का गठन किया जाना चाहिए। यदि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कोई भी सगा संबंधी उनके क्षेत्राधिकार में वकालत कर रहा हो तो वैसे न्यायाधीशों को स्थानांतरण नोटिस पर रखना चाहिए। यदि यह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से संबंधित है तो उस विशेष परिवार के सदस्य को उस न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने तक सर्वोच्च न्यायालय में प्रैक्टिस नहीं करनी चाहिए। यदि आवश्यक हो तो प्रासंगिक कानूनों में संशोधन करके सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों और मध्यस्थता के लिए तीन साल की सेवानिवृत्ति के बाद की कूलिंग अवधि का पालन किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में भविष्य की नियुक्तियां समान सेवानिवृत्ति आयु के अधीन हो सकती हैं। उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों और उनके तत्काल परिवार के सदस्यों की संपत्ति हर साल संबंधित न्यायालयों की वेबसाइटों पर अपलोड की जाये। प्रत्येक उच्च न्यायालय में अन्य उच्च न्यायालयों के एक तिहाई न्यायाधीश होने चाहिए।

मौके अवसर पर इकाई के महामंत्री संतोष गिरी उमाकांत पाठक अर्चना ठाकुर कल्पना श्रीवास्तव उषा श्रीवास्तव डॉली झा संजू सिंह पुष्पांजलि संजय कुमार सिंह सुनील सिंह दीपक कुमार संजीव कुमार पाठक राजेश मिश्रा प्रेम कुमार तिवारी प्रकाश कुमार मृत्युंजय कुमार लालू कुमार तरुण कुमार आदि अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु।** प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ कस्तूरीरंगन ने सुबह 10:43 बजे अपने निवास पर अंतिम स्वास ली। परिवारिक सूत्रों के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया है। उन्होंने महान वैज्ञानिक के परिवार, उनके छात्रों, वैज्ञानिक साथियों तथा अनगिनत प्रसंशकों के प्रति दुख की इस घड़ी में संवेदना व्यक्त की है।

### यूपी बोर्ड में बेटियों ने लहराया परचम

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडियेट परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने परचम लहराया है। हाईस्कूल में जालौन के यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है वहीं इंटर परीक्षा में प्रयागराज की महक जायसवाल 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में प्रथम स्थान पर आयी हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 90.11 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये हैं जिनमें छात्राओं के उत्तीर्ण का प्रतिशत 93.87 और छात्रों का 86.66 प्रतिशत है वहीं इंटर परीक्षा में 81.85 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में जालौन के आरकेडी इंटर कालेज उमरी के यश प्रताप ने 600 में से 587 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### गाजा में इजरायल का हमला, 50 मरे

**गाजा।** गाजा पट्टी पर गुरुवार सुबह से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 हो गई है, जिनमें से 39 गाजा शहर और एन्क्लेव के उत्तरी इलाकों में हुए हमलों में मारे गए हैं। अल जजीरा प्रसारक ने फिलिस्तीनी चिकित्सा स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

### थाईलैंड में विमान क्रैश, छह की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के फेत्चाबुरी प्रांत के रिसॉर्ट शहर हुआ हिन के तट के पास शुक्रवार सुबह एक छोटा पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। थाई पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पुलिस विमानन प्रभाग का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

### बहराइच में दम घुटने से पांच मरे और तीन गंभीर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह क्षेत्र में शुक्रवार सुबह में एक राइस मिल के ड्रायर से उठे धुएँ से दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से बीमार हो गये । राजगढ़िया फूड फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह अचानक ड्रायर से धुआं उठने पर हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे लोग आग लगने की आशंका से उसे बुझाने के लिए गए कि तभी दम घुटने से आठ लोग बेहोश हो गए । सभी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जांच के बाद डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया।

### पाकिस्तान में विस्फोट 4 सुरक्षाकर्मी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में शुक्रवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट में अर्धसैनिक बल के चार जवान मारे गये और तीन अन्य घायल हो गये। शहर के पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में हुई, जहां बम निरोधक दस्ते को ले जा रहे एक वाहन को एक आईईडी से निशाना बनाया गया।

# जम्मू-कश्मीर में सेना प्रमुख ने कमांडरों के साथ की बैठक

## सेना ने शुरू की आतंकवाद पर बड़ी चोट की तैयारी

▶▶ सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और डीजीपी से ली हालात की जानकारी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के लिए सटीक कदम उठा रहा है। इसी दिशा में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा तथा भविष्य की कार्रवाई पर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सेना प्रमुख और उपराज्यपाल के अलावा सेना की उत्तरी कमान के चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार, सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और 15 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव शामिल हुए। इसमें सुरक्षा तंत्र, विभिन्न अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक उपायों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की समीक्षा की गई। सेना प्रमुख जम्मू-कश्मीर स्थित विक्टर फोर्स और 15 कोर मुख्यालय भी गए। उन्हें मौजूदा स्थिति की जानकारी दी गई। सेना प्रमुख के इस दौरे में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच एकीकरण और समन्वय की भी समीक्षा की गई। सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मुलाकात की। वहीं, राज्य के पुलिस महानिदेशक से हालात की जानकारी ली। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना प्रमुख श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने सेना की उत्तरी कमान के कमांडर के साथ सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा भी की। सेना प्रमुख से बातचीत के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का हर अपराधी और समर्थक, चाहे वह किसी भी स्थान या संबद्धता का हो, पकड़ा जाना चाहिए। आतंकवादियों को हमारे नागरिकों के खिलाफ कायरतापूर्ण और नृशंस कृत्य की भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी से कहा कि वह न केवल पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, बल्कि आतंकवाद के बुनियादी ढांचे और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को कुचलने के प्रयासों को भी तेज करें। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। हमले के बाद से सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ पूरे इलाके में विस्तृत अभियान छेड़ रखा है। सेना और सुरक्षाबलों ने कई संदिग्ध स्थानों की घेराबंदी कर रखी है। सेना हेलिकॉप्टर के जरिए भी निगरानी कर रही है।

## आतंकवाद की लड़ाई के खिलाफ पूरा विपक्ष केंद्र के साथ : राहुल

▶▶ पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीछे समाज को विभाजित करने की थी मंशा



**श्रीनगर।** कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना के जवाब में पूरा विपक्ष सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। इस घटना में दो दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए और कई घायल हो गए। गांधी ने कहा कि गुरुवार को हमारी सरकार के साथ बैठक हुई थी। विपक्ष ने इस हमले की निंदा की और सरकार की हर कार्रवाई को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। शुक्रवार सुबह श्रीनगर पहुंचे गांधी ने पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और कहा कि हमले के पीछे समाज को विभाजित करने की मंशा थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हर एक भारतीय एकजुट हो। हमें आतंकवादियों की कोशिशों को हराना होगा। अपने कश्मीर दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में घायल लोगों से एक से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि उन सभी लोगों को मेरा प्यार और स्नेह, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है।उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि कुछ लोग देश के अन्य हिस्सों में कश्मीर के मेरे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। हमें एक साथ खड़े होकर आतंकवाद को हमेशा के लिए हराना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के लिए राहुल गांधी को लगायी फटकार, कहा

# स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक न उड़ायें

## अदालत ने इंदिरा गांधी के पत्र को दिलाया याद

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में एक रैली में विनायक दामोदर सावरकर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की निंदा की, लेकिन उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

पीठ ने गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या उन्हें पता है कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों को लिखे अपने संदेश में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जब सिंघवी ने तर्क दिया कि गांधी के खिलाफ शत्रुता और सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने के आरोप नहीं बनते, तो पीठ ने टिप्पणी की, आप बहुत आज्ञाकारी हैं...क्या आपके मुवक्किल को पता है कि महात्मा गांधी ने भी वायसराय को संबोधित करते समय आपका वफादार सेवक कहा था? क्या महात्मा गांधी को सिर्फ. इसलिए अंग्रेजों का सेवक कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने वायसराय को आपका सेवक कहा था। उन दिनों, मैंने भी देखा है, कलकत्ता उच्च न्यायालय के हमारे न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश कोआपका सेवक लिखकर संबोधित करते थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी प्रधानमंत्री रहते हुए इसी सज्जन (सावरकर) की प्रशंसा करते हुए एक पत्र भेजा था? न्यायाधीश ने कहा कि तो, स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान न दें। आपने कानून पर एक अच्छी बात कही है, आप इस पर रोक लगाने के हकदार हैं। हम इस पर कुछ नहीं कह रहे हैं। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनके (गांधी) द्वारा दिए गए किसी भी अन्य बयान पर स्वतः संज्ञान लिया जाएगा। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों पर और कोई शब्द नहीं... उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ ऐसा व्यवहार करते हैं? यह तरीका नहीं है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता अधिवक्ता नृपेन्द्र पांडे को नोटिस जारी किया और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गांधी के खिलाफ निचली अदालत के सम्मन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया।

# संसद से पारित कानून वक्फ कानून संविधान सम्मत

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, खारिज की जाएं सभी याचिकाएं

एजेंसी




▶▶ 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा की वृद्धि हुयी है : सरकार

▶▶ उच्चतम न्यायालय तभी कानून की समीक्षा कर सकता है, जब विधायी अधिकार क्षेत्र और अनुच्छेद 32 में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करने का शुक्रवार को अनुरोध करते हुए कहा कि इस कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती, क्योंकि संवैधानिकता की धारणा इसके पक्ष में है।

सरकार ने 1,332 पृष्ठ के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बातहै कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 हेक्टेयर (20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा) की वृद्धि हुई। हलफनामे में कहा गया कि मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद के दौर में भारत में कुल 18,29,163.896 एकड़ भूमि वक्फ की गई। हलफनामे में निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया। यह हलफनामा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन ने दायर किया। हलफनामे मे कहा गया कि कानून में यह स्थापित स्थिति है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी।

संसद द्वारा बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। संवैधानिकता की धारणा एक कानूनी सिद्धांत है, जिसके अनुसार अगर किसी कानून को अदालत में चुनौती दी जाती है, तो अदालत सामान्यतः यह मानकर चलती है कि वह संवैधानिक है, और केवल तभी उसे असंवैधानिक ठहराया जाता है, जब वह स्पष्ट रूप से संविधान का उल्लंघन करता हो। केंद्र सरकार ने कहा कि न्यायालय याचिकाओं की सुनवाई के दौरान इन पहलुओं की समीक्षा करे लेकिन आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना अनुचित होगा। हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठी दलील के आधार पर दायर की गई हैं कि कानून में संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को छीन लेते हैं।

केंद्र सरकार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तभी कानून की समीक्षा कर सकता है, जब विधायी अधिकार क्षेत्र और अनुच्छेद 32 में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति के बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन करने के बाद ये संशोधन किए गए हैं। हलफनामे में कहा गया है कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस प्रकार से किया जाए कि उनमें आस्था रखने वालों का और समाज का विश्वास कायम रहे तथा धार्मिक स्वायत्तता का हनन न हो। केंद्र सरकार ने कहा कि यह कानून वैध है और विधायी शक्ति का जायज तरीके से इस्तेमाल करके बनाया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका द्वारा की गई विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है।

केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को, शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक वक्फ बाय यूजर संपत्ति समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति करेगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ अंतरिम आदेश पारित करने के मामले पर पांच मई को सुनवाई करेगी।



### भागलपुर के 'मोदी-3' आम का स्वाद लेंगे राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री

**भागलपुर। इस साल भी भागलपुर के खास आम का स्वाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चखेंगे। भागलपुर के मैंगो मैन अशोक चौधरी ने इस बार अपने बगीचे में एक अनोखा आम का पेड़ विकसित किया है, जिसका नाम है मोदी-3। अशोक चौधरी ने इस आम को पूरी तरह जैविक तरीके से तैयार किया है। चौधरी ने मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्होंने मोदी-1, दूसरी बार मोदी-2, और अब तीसरी बार मोदी-3 नाम से आम का पेड़ तैयार किया है।**

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को अदालत ने नोटिस जारी करने से किया इंकार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। ईडी ने दावा किया है कि कानून के नए प्रावधानों के अनुसार, शिकायत पर संज्ञान (ईडी के आरोपपत्र के समतुल्य) आरोपी को सुने बिना नहीं लिया जा सकता। ईडी ने अदालत से कहा कि हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा चले। नोटिस जारी किया जाए। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि इससे पहले कि अदालत इस बात से जब तक संतुष्ट न हो जाए कि नोटिस की आवश्यकता है, तब तक वह ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को कोई भी आदेश पारित करने से पहले यह देखना होगा कि कोई कमी तो नहीं है।

# नीट पेपर लीक का मास्टर माइंड संजीव मुखिया दानापुर में धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था



**पटना।** नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गुरुवार की रात पटना से बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आर्थिक अपराध यूनिट (ईओयू) की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। संजीव मुखिया पर तीन लाख का इनाम घोषित किया था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने शुक्रवार को बताया कि नीट पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया मुख्य आरोपी है और वह लंबे समय से फरार था। 10 अप्रैल को बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात मिले एक इनपुट के आधार पर दानापुर थाना क्षेत्र के शागुनामोर स्थित एक अपार्टमेंट से ईओयू और बिहार एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई के बाद नीट पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार किया है।

# बिहार में 3837 पदों पर जल्द होगी बहाली

## बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली सहित 34 एजेंडों पर कैबिनेट की मुहर

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ राम मंदिर की तरह बनेगा माता जानकी का पुनौराधाम

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व में किए गए बदलैन को भी अब आधार माना जायेगा। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति के साथ कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगाई है। कैबिनेट ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली 2025 की स्वीकृति दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के एजेंडा में बताया गया है कि बिहार में रैयती एवं अन्य प्रकार की भूमि का नया अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं भू मानचित्र (नक्शा) निर्मित किया जा रहा है। भूमि के सर्वेक्षण एवं बंदोबस्ती के क्रम में यह महसूस किया गया है कि सर्वेक्षण में 100 फीसदी शुद्धता, पारदर्शिता एवं गतिशीलता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2012 के अंतर्गत खानापूरी दल को अन्य तथ्यों के साथ-साथ मौखिक सहमति के आधार पर पूर्व से क्रियान्वित बदलैन को भी आधार मानने संबंधी प्रावधान किया जाना उचित है। ऐसे में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2025 की स्वीकृति दी जाती है। कैबिनेट की बैठक में पर्यटन विभाग के अंतर्गत में मां सीता का मंदिर से जुड़ा महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। सीतामढ़ी जिले में अवस्थित मां सीता की जन्मस्थली, पुनौराधाम के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के अनुरूप समग्र विकास हेतु डिजाईन कन्सलटेंट के रूप में मेसर्स डिजाईन एसोसिएट्स इन्कॉरपोरेटेड, नोएडा का मनोनयन के आधार पर चयन किये जाने की स्वीकृति कैबिनेट ने प्रदान की है।

सरकार ने विभिन्न विभागों के लिए 3837 पद सृजन की स्वीकृत दी है। मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ के अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में 2159 पदों को पुनर्गठित का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 663 गैर तकनीकी पद सृजित किए गए हैं। नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के अनुपालन में प. चंपारण के मधुबनी अंचल, वैशाली में गोरौल अंचल, बेगूसराय में शाम्हों अंचल, गया में इमामगंज अंचल, कैमूर में अधौरा अंचल, बांका में कटोरिया, मुंगेर में असरगंज और जमुई में चकाई अंचल में प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालय के लिए शिक्षक श्रेणी के 422 और शिक्षकेत्तर श्रेणी के 104 कुल 526 पदों का सृजन किया गया है। खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के लिए 244 पद, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद और राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81 पदों कुल 185 पदों के सृजन सृजित किए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय, पटना के लिए 34 स्थायी और संविदा वाले 6 कुल 40 पद, गन्ना उद्योग विभाग में संपर्क पदाधिकारी, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, पौधा संरक्षक निरीक्षक और तकनीकी सहायक के कुल 19 पदों को ईख पर्यवेक्षक के रुप में बदलने तथा राजकीय औषधालय, राजभवन, पटना में आयुर्वेदिक पंचकर्म ईकाई के संचालन के लिए मूल कोटि के आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के एक पद के सृजन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है।

